दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 15 सितम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-208 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पाकिस्तान ने मसूद अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारतीय संसद पर हमले के आरोपी जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के प्रमुख मसूद अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख पाकिस्तानी रुपए कर दिया है। पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (FIA) ने आतंकियों की नई रेड बुक में अजहर को एक बार फिर भगोड़ा घोषित किया है। यह कार्रवाई अक्टूबर में होने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एफटीएफ की बैठक से पहले की गई। एफआईए ने अजहर को 2021 में भी भगोड़ा घोषित किया था और 50 लाख इनाम रखा था। मसूद अजहर भारत में संसद के अलावा 2016 पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 पुलवामा अटैक में भी आरोपी है।

पीयूष गोयल के आवास पहुंचे पीएम, गणपति बप्पा का लिया आशीर्वाद



नई दिल्ली। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नई दिल्ली स्थित आवास पहुंचे, जहां उन्होंने गणपति बप्पा के दर्शन कर पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भगवान गणेश की आरती उतारी और देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर गणपति पूजा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल जी के आवास पर गणपति दर्शन के लिए गया। भगवान श्री गणेश सभी पर कृपा बनाए रखें।"

पत्रकार तरुण तेजपाल का गोवा कोर्ट में सरेंडर, जेल गए

नई दिल्ली। तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल ने सोमवार को गोवा की मापुसा कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जेल जाते समय तेजपाल ने कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट में है। हमें यकीन है कि न्याय मिलेगा। कोर्ट ने उन्हें नॉर्थ गोवा की कोलवाले सेंट्रल जेल भेज दिया, जहां उन्हें 10 साल की सजा काटनी है। 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर से छूट की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही तीन हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था।

बिहार में दो दिवसीय हिन्दी साहित्य समागम का होगा आयोजन : सीएम

हिन्दी दिवस समारोह-सह-कवि सम्मेलन का उद्घाटन

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर नेहरू पथ स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन सभागार में मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस समारोह-सह-कवि सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हिन्दी दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति, सभ्यता और हमारी समृद्ध साहित्यिक परंपरा की अभिव्यक्ति है। हमें हिन्दी के गौरव को समझते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सीएम ने कहा कि हिन्दी दुनिया में सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह दुनिया में तीसरी प्रयोग की जानेवाली भाषा है। यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हिन्दी साहित्य को समृद्ध बनाने में बिहार की धरती के अनेक महान साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यापति जी, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी, जनकवि नागार्जुन जी जैसे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिन्दी साहित्य को नई ऊंचाइयां प्रदान की और समाज को दिशा दिया। पूर्व पीएम एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से हिन्दी में संबोधन कर हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गौरव प्रदान किया। पीएम मोदी भी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हिन्दी में भारत की बात दुनिया के सामने रखते हैं। ब्रिक्स जैसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिन्दी में संदेश देने के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि हिन्दी के साहित्यिक और सांस्कृतिक विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार में दो दिवसीय हिन्दी साहित्य समागम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के प्रमुख हिन्दी साहित्यकारों, रचनाकारों, कवियों और विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में राजभाषा पत्रिका का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव एवं मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद डॉ. प्रेम कुमार मणि, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, राजभाष निदेशालय के निदेशक एसएम परवेज आलम सहित अन्य वरीय अधिकारी, विद्वान जन, कवि, साहित्यकार, गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

बाढ़ की स्थिति एवं क्षति के आकलन को केंद्रीय टीम आयेगी बिहार : सम्राट

नदियों को जोड़ने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी जरूरी

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ब्रिक्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आयोजन में व्यस्त रहने के बावजूद बिहार में बाढ़ की स्थिति को लेकर संवेदनशील रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्रीय टीम बिहार आएगी और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति एवं क्षति का आकलन करेगी। सीएम ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिहार की नदियां राज्य के जीवन और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं, इसलिए नदियों को जोड़ना भी है और उन्हें बचाना भी है। नदी तंत्र के संरक्षण, जल प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि बाढ़ से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने के साथ-साथ इस समस्या का स्थायी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

श्रीगणेश चतुर्थी पर सीएम सम्राट ने की पूजा-अर्चना

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महाराष्ट्र मण्डल द्वारा दारोगा प्रसाद राय पथ में आयोजित गणेश उत्सव पूजा में शामिल हुये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीगणेश से प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाराष्ट्र मण्डल के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पगड़ी भी पहनाया गया। सीएम ने श्रीगणेश उत्सव पूजा के आयोजन के लिये महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान श्रीगणेश सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता प्रदान करें तथा बिहार निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े। इस अवसर पर सिविल विमानन विभाग के सचिव डॉ. नीलेश रामचन्द्र देवरे, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर सहित महाराष्ट्र मण्डल के सदस्य, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

पटना में रनवे के पास पक्षियों का झुंड देख इंडिगो की फ्लाइट वाराणसी डायवर्ट

फंसे रहे 167 यात्री

पटना (एनएसबी)। पटना एयरपोर्ट के रनवे के पास सोमवार शाम पक्षियों का झुंड मंडराने से विमान परिचालन प्रभावित हो गया। सुरक्षा कारणों से दिल्ली-पटना-दिल्ली सेक्टर की इंडिगो फ्लाइट 6ई 2453 को पटना पहुंचने के बाद वाराणसी डायवर्ट कर दिया गया। विमान में एक केंद्रीय मंत्री समेत दिल्ली से पटना आ रहे 176 यात्री सवार थे। करीब 4:15 बजे पटना पहुंचने के बाद विमान को रनवे पर उतारने के बजाय वाराणसी भेज दिया गया। वहां से विमान शाम करीब 6:20 बजे पटना पहुंचा। विमान के डायवर्ट होने से पटना से दिल्ली जाने वाले करीब 167 यात्रियों को एयरपोर्ट पर लगभग तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। विमान के वाराणसी जाने और फिर पटना लौटने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

न्यायपालिका जांच के दायरे से बाहर नहीं रह सकती : सीजेआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखने के लिए न्यायपालिका को जांच और आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका के कामकाज की निष्पक्ष और रचनात्मक आलोचना जरूरी है। इससे न्याय व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ती है और सुधार का रास्ता खुलता है। उखक ने कहा कि जजों को अपने कार्यकाल के अलग-अलग चरणों में शिकायतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हर शिकायत को वेबसाइट पर सार्वजनिक कर देना चाहिए।

सूर्यकांत ने यह बात ह्यजस्टिस सीन टू बी डनः ट्रांसपेरेंसी एंड पब्लिक ट्रस्ट ऐज पिलर्स ऑफ द लीगल सिस्टमह्ल विषय पर आयोजित छठे राम जेठमलानी स्मृति व्याख्यान में कही। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में किया गया था। जनता का भरोसा दोनों पक्षों के न्याय से बनता हैः जनता का भरोसा और जनता की पसंद एक ही बात नहीं है। अदालत का फैसला किसी व्यक्ति की इच्छा के मुताबिक होने से ही भरोसा नहीं बनता। भरोसा तब बनता है, जब हारने वाला पक्ष भी यह महसूस करे कि उसके साथ निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाई गई।

दिल्ली हाईकोर्ट ने विमल इलायची की याचिका खारिज की

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को विमल इलायची कंपनी की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में कंपनी के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को मिले नोटिस रद्द करने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का क्षेत्रीय अधिकार नहीं बनता। नोटिस से जुड़ी शिकायत के लिए महाराष्ट्र की अदालतें ज्यादा सही और सुविधाजनक मंच हैं। दरअसल महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने 14 अगस्त को तीनों कलाकारों को विमल इलायची के विज्ञापनों में उत्पाद की गलत प्रस्तुति के आरोप में कारण बताओ नोटिस भेजे थे।

अमित शाह की यूसीसी घोषणा पर बिहार एनडीए में मतभेद



जदयू ने बिहार में समान नागरिक संहिता लागू करने का विरोध किया

चिराग पासवान ने यूसीसी प्रारूप सार्वजनिक करने की मांग की

पटना (एनएसबी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 2029 से पहले भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की घोषणा को बिहार में ग्रहण लग सकता है।

जदयू में इसका विरोध शुरू हो गया है, जबकि लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि यूसीसी के प्रारूप को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके बाद सभी संबंधित हितधारकों के हितों और प्रविधानों का व्यापक स्तर पर अवलोकन होना चाहिए। व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही पार्टी इस विषय पर अपना मत रखेगी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि यूसीसी (यूसीसी) पर केंद्र सरकार का क्या प्रस्ताव आता है, उसके आधार पर विचार-विमर्श करके पार्टी अपना पक्ष रखेगी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने यूसीसी का समर्थन किया है। इस बीच, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत करेंगे। प्रसाद के मुताबिक, यह जानकारी स्वयं संजय झा ने उन्हें दी है। श्याम रजक बोले- बिहार में नहीं लागू होगा यूसीसी विरोध की शुरूआत जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक श्याम रजक के हवाले से हुई है। उन्होंने दो टूक कहा कि बिहार में किसी भी हालत में समान नागरिक संहिता लागू नहीं होगी। संसद में जब यूसीसी से जुड़ा कानून पास हो रहा था, तब जदयू ने उसका समर्थन किया था। शर्त यही थी कि इसे बिहार में लागू नहीं किया जाएगा।

बांका में बालू माफियाओं का दुस्साहस

खनन टीम और पुलिस पर पत्थरों व डंडों से हमला

30 से 40 लोगों ने पत्थर-डंडों से किया हमला

विभागीय अधिकारियों के अनुसार करीब 30 से 40 की संख्या में अवैध खननकताओं और कथित बालू माफियाओं ने खनन टीम तथा मौके पर पहुंची बांका थाना पुलिस पर पत्थर और डंडों से हमला कर दिया. हमले में खनन विभाग और थाना की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं. हमलावरों ने फंसे ट्रैक्टर को निकालने के लिए पहुंची जेसीबी को भी नुकसान पहुंचाया. विभागीय अधिकारी के अनुसार जेसीबी चालक का मोबाइल फोन भी लेकर हमलावर फरार हो गये।

बांका (एनएसबी)। अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची जिला खनन टीम और पुलिस पर सोमवार को कथित बालू माफियाओं ने हमला कर दिया. सदर थाना क्षेत्र के लकड़ीकोला में हुई घटना के दौरान पत्थर और डंडों से हमला किया गया, जिसमें खनन विभाग और बांका थाना की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं. हमलावरों ने फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के लिए मौके पर पहुंची जेसीबी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और उसके चालक का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गये। मामले में 28 नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। विभागीय जानकारी के अनुसार लकड़ीकोला क्षेत्र में अवैध बालू खनन की सूचना मिलने के बाद जिला खनन टीम छापेमारी करने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने दो ट्रैक्टर जब्त किये। जब्त वाहनों को थाना लाया जा रहा था.

बिदुपुर सिक्स लेन पर दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत

हाजीपुर (एनएसबी)। बिदुपुर कच्ची दरगाह सिक्स लेन पर कल्याणपुर ढाला के निकट दो अनियंत्रित वाहनों की टक्कर में लग्जरी कार सवार दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों व राहगीरों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को आनन-फानन में सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दो व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया। बिदुपुर घायल की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के मायाराम निवासी रणजीत राय के 32 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। हादसे में लग्जरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस कार को सड़क से हटाने में जुटी है। थाने की पुलिस मृतकों की पहचान कर उनके स्वजन को सूचना देने और आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

ट्रंप का दावा : रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने पर जताई सहमति



वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के ऊर्जा ढांचे (एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर) पर हमले नहीं करने पर सहमति जताई है। हालांकि, उन्होंने इस व्यवस्था के लागू होने की तारीख, अवधि या इसकी निगरानी के किसी तंत्र की जानकारी नहीं दी।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, "यूक्रेन ने रूसी ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करने पर सहमति जताई है और रूस ने भी ऐसा ही करने पर सहमति दी है।" हालांकि, ट्रंप ने यह नहीं बताया कि किन ऊर्जा प्रतिष्ठानों को इस समझौते में शामिल किया गया है, क्या दोनों देशों ने कोई शर्त रखी है और यह सहमति कब से प्रभावी होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि इस व्यवस्था के पीछे किसने बातचीत कराई या इससे पहले दोनों पक्षों के बीच किस स्तर पर वार्ता हुई। ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध को दुनिया में डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह बताया। उन्होंने लिखा, "दुनिया में डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण रूस-यूक्रेन युद्ध है, ईरान नहीं।" एक अलग पोस्ट में ट्रंप ने अमेरिका में महंगाई के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कीमतों में बढ़ोतरी "स्लीपी जो बाइडेन" प्रशासन की नीतियों का परिणाम थी, न कि उनकी सरकार का। ट्रंप ने दावा किया कि बाइडेन के कार्यकाल में तेल की कीमतें मौजूदा समय से अधिक थीं और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोक दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान से जुड़ा सैन्य संघर्ष खत्म होते ही तेल की कीमतें तेजी से गिरेंगी। हालांकि, ट्रंप ने अपने दावों के समर्थन में कोई आंकड़े या समयसीमा पेश नहीं की और न ही ईरान से जुड़े सैन्य संघर्ष पर विस्तार से जानकारी दी। ट्रंप की घोषणा में व्यापक युद्धविराम का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें केवल ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की बात कही गई है, जबकि अन्य सैन्य कार्रवाइयों के रुकने का संकेत नहीं दिया गया। रूस और यूक्रेन की सरकारों की ओर से भी ट्रंप के दावे की पुष्टि या प्रतिक्रिया तत्काल सामने नहीं आई है।

दिशा सालियान की मौत पर CBI ने FIR दर्ज की

मुबंई (एजेंसी)। एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को दिशा के पिता की याचिका पर उइक जांच के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि छह साल तक एफआईआर दर्ज नहीं करना और मामले को सिर्फ हादसे के रूप में देखना कई सवाल खड़े करता है। दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी। घटना के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत मिले थे। दिशा केस की शुरूआती जांच करीब तीन महीने में बंद कर दी गई थी। अक्टूबर 2020 में पुलिस ने मौत को सुसाइड बताया था। वहीं दिसंबर 2023 में केस दोबारा खोला गया और एसआईटी बनाई गई।

राज्यपाल ने की लालबाग के राजा गणपति की पूजा अर्चना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजधानी के दारोगा प्रसाद राय स्थित महाराष्ट्र मंडल की ओर से आयोजित गणपति उत्सव के पहले दिन भी भक्तों का तांता लगा रहा । इस मौके पर आम व खास सभी भक्तों ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना कर वरदान मांगा। सोमवार को पूजा पंडाल में राज्यपाल महामहिम लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अतः हसनैन (सेवानिवृत्त), राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव आईएएस अधिकारी दीपक कुमार सिंह, ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान गणपति को प्रथम पूज्य व बुद्धि का देवता कहा जाता है। भगवान गणेश के आर्शीवाद से सबकुछ होता है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष संजय भोसले ने बताया कि महाराष्ट्र से आये पुरोहित के द्वारा विशेष पूजा की गयी और दर्शन करने आये भक्तों के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। आज की पूजा में विजय पाटिल, विट्ठल घोडके, शुभदा कुलकर्णी, डा कविता राऊत, शंकर किर्दत, महादेव कनशे, आनंद पवार, मल्लिकार्जुन आरले, राजेंद्र पवार, संतोष पवार, संतोष देवकर, प्रदीप पाटील, अनिल गायकवाड ,सुनील शिंदे ,अनमोल जाधव ,शिवाजी जाधव ,संजय पाटिल ,अधिक मोरे, विजय पाटिल ,संतोष शिंदे ,सीताराम शिंदे ,सुरेश सालुंखे, संजय पाटिल, सुरेश आर्ले सहित बड़ी संख्या में महाराष्ट्र मंडल के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

सोमवार को पूजा पंडाल में राज्यपाल महामहिम लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने पूजा अर्चना की।

16 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला 2000 से अधिक को मिलेगा रोजगार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजधानी के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना की ओर से 16 सितंबर 2026 (बुधवार) को दीघा आईटीआई परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निर्माण क्षेत्र, रिटेल, सर्विसेज, ऑटोमोबाइल और आईटी समेत अन्य क्षेत्रों की करीब 20 से 25 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी। इनमें 2000 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे।

रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया संबंधित कंपनियों और नियोजकों की आवश्यकताओं के अनुरूप होगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए किसी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

'रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी': मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। जिनका पंजीकरण पहले से नहीं है, वे रोजगार मेले के दिन दीघा आईटीआई परिसर में बनाए गए हेल्पडेस्क या रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भी पंजीकरण करा सकेंगे। नियोजनालय और सरकार की भूमिका नियोजकों तथा नौकरी तलाश रहे युवाओं के बीच प्लेटफर्म उपलब्ध कराने और समन्वय स्थापित करने की होगी। चयनित अभ्यर्थियों के वेतन, पद, कार्य की शर्ते और अन्य सुविधाएं संबंधित कंपनियों के नियमों के अनुसार निर्धारित होंगी।

'जांच परख कर कंपनियों का किया जाता है चयन': रोजगार मेले में शामिल होने वाली कंपनियों और नियोजकों की सत्यता, गुणवत्ता एवं पात्रता का विभागीय स्तर पर आकलन किया जाता है। इसके लिए वरिष्ठ सहायक निदेशक, सहायक निदेशक और नियोजन पदाधिकारियों की टीम गठित की गई है। मेले में प्राथमिक रूप से चयनित अथवा शर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के नियोजन की स्थिति की जानकारी भी नियोजनालय द्वारा अनुवर्तन के माध्यम से प्राप्त की जाएगी।

'प्रमाणपत्र और बायोडाटा के साथ पहुंचें अभ्यर्थी': इच्छुक अभ्यर्थियों को 16 सितंबर को सुबह 10 बजे से दीघा आईटीआई परिसर पहुंचना होगा। उन्हें अपने सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, बायोडाटा (रिज्यूमे), पासपोर्ट साइज फोटो और पहचान पत्र की मूल एवं छायाप्रति साथ लानी होगी।

खबरें खास-खास

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पिंडदान एवं ई-पिंडदान पैकेज उपलब्ध

25 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर तक गयाजी में आयोजित होगा पितृपक्ष मेला

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से गयाजी एवं बिहार आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्यटन विभाग के निदेश पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने विशेष पिंडदान पर्यटन पैकेज जारी कर दिए हैं। ये पैकेज 25 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इन पैकेजों के माध्यम से श्रद्धालुओं को पिंडदान अनुष्ठान, धार्मिक स्थलों के दर्शन, परिवहन, आवास, भोजन, पंडा-पुजारी की सेवाएँ तथा आवश्यक पूजन सामग्री एकीकृत रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालु अपनी सुविधा, यात्रा अवधि और बजट के अनुरूप एक-दिवसीय तथा एक रात्रि-दो दिवसीय पैकेजों का चयन कर सकते हैं। श्रद्धालु अनलाइन बुकिंग के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट पर जा सकते हैं। बुकिंग और अधिक जानकारी के लिए संपर्क नंबर 8544418408 और 8294307690 पर भी फोन कर सकते हैं। पितृपक्ष के पाँच प्रकार के पैकेज के साथ अनलाइन पिंडदान पैकेज उपलब्ध हैं। जो श्रद्धालु व्यक्तिगत रूप से गयाजी नहीं आ सकते, उनके लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने अनलाइन ई-पिंडदान पैकेज भी उपलब्ध कराया है। इसकी कुल दर 23,000, जीएसटी सहित निर्धारित है। ई-पिंडदान पैकेज में विष्णुपद मंदिर में पिंडदान, अक्षयवट पर पिंडदान, फल्गु नदी पर पिंडदान अथवा तर्पण, पंडित पुरोहित की सेवाएँ, पूजन सामग्री और दक्षिणा, संपूर्ण अनुष्ठान की वीडियो रिकर्डिग और वीडियो रिकर्डिग की पेन ड्राइव उपलब्ध कराना शामिल हैं। पुरोहित द्वारा तीनों प्रमुख स्थलों पर विधि-विधान से पिंडदान अथवा तर्पण कराया जाएगा। मंत्रोच्चार, दान-दक्षिणा और पूजन सामग्री सहित अनुष्ठान की संपूर्ण वीडियो रिकर्डिग पेन ड्राइव के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर 20 पुलिस अधिकारियों का तबादला

शास्त्रीनगर, दानापुर, जक्कनपुर और कंकड़बाग समेत कई थानों में नए थानाध्यक्षों की तैनाती

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रशासनिक दृष्टिकोण और थानाध्यक्षों के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद हुए बदलावों के कारण बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। आदेश के मुताबिक 20 पुलिस पदाधिकारियों को नए थानों और पदों पर स्थानांतरित किया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देंगे।

दानापुर के थानाध्यक्ष पुनि प्रशांत कुमार भारद्वाज को शास्त्रीनगर का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं शास्त्रीनगर के थानाध्यक्ष पुनि रवीन्द्र कुमार अब दानापुर थाना की कमान संभालेंगे। बख्तियारपुर के थानाध्यक्ष पुनि देवानंद शर्मा का तबादला जक्कनपुर थानाध्यक्ष के रूप में किया गया है, जबकि जक्कनपुर के थानाध्यक्ष रहे पुनि रितुराज कुमार सिंह को पाटलीपुत्र थाने की कमान सौंपी गई है।

कंकड़बाग थानाध्यक्ष पुनि अभय कुमार सिंह को शाहजहाँपुर दनियावाँ का पर्यवेक्षी पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि कंकड़बाग थाने का प्रभार अब पुअनि संजीव कुमार को दिया गया है। पाटलीपुत्र थानाध्यक्ष पुनि अतुलेश कुमार सिंह को बेलछीध्भदौरध्सकसोहरा का पर्यवेक्षी पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा, मोकामा के पर्यवेक्षी पदाधिकारी पुनि पूर्णेन्दु कुमार को बाढ़ थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं बाढ़ के थानाध्यक्ष पुनि ब्रज किशोर सिंह को पुलिस केन्द्र, पटना भेजा गया है।

पुनपुन की थानाध्यक्ष पुअनि बेबी कुमारी को दनियावाँ स्थानांतरित किया गया है, जबकि शाहजहाँपुर के थानाध्यक्ष पुअनि बमबम कुमार को पुनपुन का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एम्स ओपी प्रभारी पुअनि विनोद कुमार को बख्तियारपुर थाने की कमान दी गई है। इसके अतिरिक्त ओपी प्रभारी मरीन ड्राइव पुअनि दीपक मणी को घोसवरी का थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि घोसवरी के थानाध्यक्ष पुअनि सत्यम तिवारी को ओएसडी वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पटना पदस्थापित किया गया है।

विशिष्ट आसूचना इकाई के पुअनि उत्तम कुमार को शाहजहाँपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। कादिरगंज के थानाध्यक्ष पुअनि रौशन कुमार को खुशरूपुर का प्रभार दिया गया है। जेपी सेतु टीओपी प्रभारी पुअनि विष्णु कुमार को नेउरा थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नेउरा के निवर्तमान थानाध्यक्ष पुअनि जगदीप राणा को पुलिस केन्द्र, पटना भेजा गया है। 90 फीट ओपी प्रभारी पुअनि राहुल यादव को कादिरगंज और कन्हौली ओपी प्रभारी पुअनि राजू कुमार सिंह को सिगौड़ी थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

खबरें : एक नजर में

ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में लापरवाही पर अंचल अधिकारी फुलवारी शरीफ से स्पष्टीकरण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने ऑनलाइन दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरतने को गंभीरता से लेते हुए अंचल अधिकारी फुलवारी शरीफ से स्पष्टीकरण की मांग की है। समीक्षा के क्रम अनलाइन दाखिल-खारिज के 1208 मामले डिफेक्ट चेक में लंबित पाए गए। साथ ही, इन लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए समाहरणालय परिसर में आयोजित विशेष कैंप में संबंधित पदाधिकारी की अनुपस्थिति तथा 26 अगस्त से 29 अगस्त तक सक्षम प्राधिकारी की स्वीति के बिना कार्यालय से अनुपस्थित रहने के मामले में भी जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है।

जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, पटना सदर को निर्देश दिया है कि ऑनलाइन दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की गहन जाँच की जाए। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि कुछ मामलों में आवश्यक जाँच-पड़ताल एवं अभिलेखों के समुचित परीक्षण के बिना ही म्यूटेशन आवेदनों को आवेदकों को रिवर्ट किया गया है। ऐसे 1036 मामलों की भी जाँच के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा बिना समुचित जाँच के आवेदन को रिवर्ट करने की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देशित किया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जाँच कर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारीध्पदाधिकारी को चिति करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला के सभी अंचलों में भूमि संबंधी मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। दाखिल-खारिज जैसे महत्वपूर्ण मामलों में आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं तत्परता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

बहादुरपुर से युवक लापता

पटना सिटी/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। बहादुरपुर थाना के बाजार समिति स्थित न्यू कुंज कलोनी मुहल्ला में रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले 26 वर्षीय युवक कुंदन कुमार लापता है । लापता युवक के भाई चंदन कुमार ने उसकी गुमशुी का मामला दर्ज कराया है । अथमलगोला थाना के इंग्लिश गांव निवासी चंदन कुमार ने दर्ज कराये शिकायत में पुलिस को बताया है कि छोटा भाई दोस्त के साथ बाइक से मैरीन ड्राइव पीएमसीएच गया था । वहां पर दूसरे दोस्त बुलाने के लिए साथ गये दोस्त वापस भेजा । इसके बाद से वो लापता है। पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

तख्त साहिब में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास जी के ज्योतिजोत पर्व को लेकर विशेष दीवान सजा। बीते दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के खंड पाठ की समाप्ति के बाद सजे विशेष दीवान में कथा वाचक ज्ञानी गगनदीप सिह व दलजीत सिंह ने कथा की । रागी जत्थो में भाई बिक्रम सिंह,ज्ञान सिंह,जोगिंदर सिंह,जगत सिंह,आशा दी वार भाई हरजीत सिंह व शबद हरभजन सिंह और सोदर चौकी अरविंद सिंह निगरुण ने शबद कीर्तन की। विशेष दीवान का समापन जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह और अतिरिक्त ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास कर किया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल हुई।

बंद रहेगी दो फीडर की बिजली

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। 11 केवी बीएनआर फीडर व पानी पंप फीडर की बिजली मंगलवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक बंद रहेगा । विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गुलजारबाग के कार्यपालक अभियंता मो सज्जाद अंसारी ने बताया कि फीडर से जुड़े शक्का टोली, पठान टोली, गुलशन अपार्टमेंट इलाका, घोष गली, कबूतरी गली, त्रिपोलिया अस्पताल, प्रोफेसर कलोनी,बिस्कोमान, बीएनआर रोड, पथरी घाट, चौधरी टोला, खजूरबन्ना, पत्थर की मिस्जद, टेकारी रोड, आजाद लेन, गंगा विहार कलोनी, खान मिर्जा उर्दू स्कूल, नरकट घाट, शीशमहल कलोनी समेत अन्य मुहल्लों में बिजली बंद रहेगी। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इस दौरान रखरखाव व आरएमयू चार्ज किया जायेगा।

हिंदी की सरलता, सहजता और आत्मीयता उसे जन-जन के हृदय से जोड़ती है : जिलाधिकारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। समाहरणालय सभागार, पटना में जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि हिंदी केवल संवाद - संप्रेषण की भाषा नहीं, बल्कि भारत के जनमानस, उनकी सभ्यता, संस्कृति और संवेदनाओं से गहराई से जुड़ी भाषा है। यह आम लोगों की अभिव्यक्ति का सहज और सशक्त माध्यम है। हिंदी की सरलता, सहजता और आत्मीयता उसे जन-जन के हृदय से जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि हिंदी में उत्कृष्ट एवं समृद्ध साहित्य का निरंतर सृजन हो रहा है उन्होंने नई पीढ़ी को हिंदी भाषा और साहित्य से जुड़ने की अपील की। वर्तमान समय में शिक्षा, प्रशासन, तकनीक, संचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना की महत्वपूर्ण संवाहक भाषा है।

उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने हिंदी के विकास तथा बदलते समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी आम जनता की भावनाओं और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में सरल एवं सहज हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

अपर समाहर्ता खगेश चंद्र झा ने हिंदी को सहज, सरल एवं जनसुलभ भाषा बताते हुए कहा कि यह आम लोगों के बीच संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच संवाद को अधिक प्रभावी बनाने में सरल हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अपर समाहर्ता रविंद्र कुमार दिवाकर ने हिंदी के साहित्यिक विकास तथा स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर सहायक निदेशक शैलेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्रीमती अर्शी शाहीन, देवज्योति सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, साहित्यिक विरासत और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकारी कार्यों एवं दैनिक प्रशासनिक जीवन में सरल एवं सहज हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया।

हिंदी दिवस पर समाहरणालय में कार्यक्रम आयोजित।

निर्जल रह की अखंड सौभाग्य की कामना, गणेश पूजा का अनुष्ठान

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। हरतालिका तीज सोमवार को महिलाओं ने निर्जल उपवास रह कर अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए पूजा अर्चना की ।

इसको लेकर शिव मंदिरों में सामूहिक पूजा का भी आयोजन हुआ। वहीं घरों में भी महिलाओं ने नये परिधान पहन कर पूजा अर्चना की मंगलवार को वती महिलाएं पारण करेंगी ।

दूसरी ओर गणेश पूजा अनुष्ठान हुआ। ग़णेश चतुर्थी के मौके पर भक्तों ने गणपति की पूजा अर्चना की।

शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, भोलू गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में पूजा अर्चना हुई । पौराणकि संकट मोचन हनुमान मंदिर करनालगंज गायघाट, मोगलपुरा के जमुनी राय के कुआं,नून के चौराहा ,हाजीगंज स्थित चौराहा के साथ साथ शिवालयों व देवी मंदिरों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा अर्चना पुजारियों की ओर से की गयी। चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन में राजा विघहर्ता सेवा समिति की ओर से पांच दिनों की पूजा अर्चना प्रतिमा स्थापित कर आरंभ हुई । आयोजन में समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद गोयनका, कार्यकारी अध्यक्ष डा अजय प्रकाश, महासचिव विकास मौड़ीवाल, संयोजक अरुण मिश्र, उपाध्यक्ष लल्लू शर्मा, संजय केसरी व दुर्गा मेहता की देखरेख में गणपति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भजन संध्या व ज्योत के बाद सामूहिक महाआरती हुई.। कार्यकारी अध्यक्ष डा अजय प्रकाश, महासचिव विकास मौड़ीवाल ने बताया कि गणेश पुराण कथा मैहर से आ रहे आचार्य आदित्य प्रकाश त्रिपाठी मंगलवार से करेंगे। मंगलवार को ऋर्षि पंचमी का त्योहार मनाया जायेगा।

हरतालिका तीज पर महिलाओं ने निर्जल उपवास रह कर अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए पूजा अर्चना की ।

गुजरात के किसी नाला में भी बारिश का पानी बढ़ जाता है तो प्रधानमंत्री वहाँ पहुँच, इसे आपदा घोषित कर गुजरात को हजारों करोड़ का पैकेज दे देते है : तेजस्वी

पटना / एसएनबी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इसी साल 23 जुलाई को गुजरात में बारिश ही हुई थी, बारिश के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हुई। बारिश मतलब बारिश होने पर ही प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने वहाँ अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया। अभी कुछ साल पहले गुजरात में बाढ़ आई तो प्रधानमंत्री मोदी हवाई सर्वेक्षण करने गए, तुरंत 500 करोड़ का पैकेज दिया। राहत और बचाव के लिए टीमें लगाई। पीड़ितों को 2-2 लाख रुपए दिए। अब देखिए बिहार में बाढ़ से 50 से अधिक लोग मरे है। हजारों मवेशी गायब हैं, हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है, 45 लाख लोग प्रभावित है लेकिन सहायता तो छोड़िए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री के मुँह से एक शब्द नहीं निकला है। वहाँ मदद करना तो दूर फोन पर भी बात नहीं की है। हमारे बिहार के साथ इतना भेदभाव क्यों । गुजरात में बाढ़ नहीं बारिश में ही केंद्र सरकार हो जाती है और बिहार में सैंकड़ों लोगों के मरने और 45 लाख बिहारियों के प्रभावित होने पर भी कोई हलचल नहीं। समझो बिहारियों। हमारे यहाँ तो ठनका गिरने से ही एक सीजन में सैंकड़ों लोग मर जाते है फिर भी ठनके को इन्होंने राष्ट्रीय आपदा सूची में सम्मिलित नहीं किया। केंद्र सरकार कोई मुआवजा नहीं देती। गुजरात में तो बारिश से मरने पर केंद्र 2 लाख रुपए दे देती है। पहले बिहार पर आपदा आती थी तो लालू जी, नीतीश जी, चाहे इनके बीच जैसे राजनीतिक दुश्मनी हो लेकिन आपदा के समय बिहार के हक को लेकर एक रहते थे। अब तो 30 सांसद सहित 8 केन्द्रीय मंत्री सब गूंगे, बहरे और अंधे है। ये अपने हक के लिए भी नहीं बोल सकते। हम तो विपक्ष में है पहले दिन से माँग कर रहे है, प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है अगर केंद्र से पैकेज मिलेगा तो वो सरकार को मिलेगा, बताइए इसमें मेरा क्या भला होगा। अगर मैं नकारात्मक दृष्टिकोण का होता तो केंद्र पर क्यों दबाव बनाता । तेजस्वी बिहार और बिहारियों के लिए मरता और जीता है, यही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिखाया है। भाजपाई लोग तो अब सरेआम कहते है कि हमें बिहारियों की कोई चिंता नहीं।

राष्ट्रीय मंच पर चमके यूसीमास के प्रतिभाशाली बच्चे

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मेहनत, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के दम पर यूसीमास कंकड़बाग केंद्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 25वीं यूसीमास राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में केंद्र के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में विजेता बनकर न केवल अपने माता-पिता और प्रशिक्षकों का मान बढ़ाया, बल्कि कंकड़बाग का नाम भी गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने चुनौतीपूर्ण अंकगणितीय सवालों को तेजी, एकाग्रता और सटीकता के साथ हल कर अपनी मानसिक गणना क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कम समय में जटिल गणनाओं को पूरा करने की उनकी क्षमता ने प्रतियोगिता में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की इस उपलब्धि को उनकी नियमित मेहनत, अनुशासन और यूसीमास प्रशिक्षण का परिणाम माना जा रहा है।

पांच विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता। कंकड़बाग केंद्र से प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में यशस्वी कश्यप, सूर्यांश शर्मा, पिहू शर्मा, बालाजी और दीपांशु राज शामिल हैं। सभी विजेता विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और अभ्यास के बल पर राष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई।

बच्चों की सफलता से उनके अभिभावकों में भी खासा उत्साह है। अभिभावकों ने कहा कि प्रतियोगिता में बच्चों का प्रदर्शन उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बच्चों को लगातार प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में केंद्र के प्रशिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।

सही मार्गदर्शन से निखरती है बच्चों की प्रतिभा कंकड़बाग केंद्र की संचालिका एवं प्रशिक्षिका सांत्वना ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर अद्भुत क्षमता होती है। जरूरत सिर्फ उस क्षमता को पहचानने, सही दिशा देने और लगातार अभ्यास कराने की है।

उन्होंने कहा, हर बच्चे में अद्भुत क्षमता होती है। सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और अभिभावकों के सहयोग से बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया जा सकता है। हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे केंद्र के लिए गर्व का विषय है।

छोटे कदम, बड़ी सफलता : राष्ट्रीय मंच पर चमके यूसीमास कंकड़बाग के प्रतिभाशाली बच्चे।

काव्य गोष्ठी में कविता पाठ

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। हिंदी दिवस समर्पित काव्य गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन सकरी गली स्थित प्रभु तारा स्कूल में कमल नयन श्रीवास्तव की अध्यक्षता व प्रशांत पांडे के संचालन में हुई अतिथियों का स्वागत प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन निदेशक मुकेश कुमार ने की । आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया इसमें मो एहसान अली, अखिलेश्वर सिन्हा, मनोज उपाध्याय, कुमारी दीपक, आदित्य राज,मौसम राज, रोहित कुमार, अभिषेक रंजन, प्रशांत पांडो, रिया कुमारी, संगीता सिन्हा, अवनीश , आयूष ,समर्थ राज समेत अन्य ने प्रस्तुति दी।

अगमकुआं व खाजेकलां में हथियार के साथ पकड़ाया

पटना सिटी/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने महात्मा गांधी नगर टीवी टावनर के समीप में एक युवक हथियार गिरफ्तार किया है । खाजेकलां थाना पुलिस ने भी दो को हथियार के साथ गिरफ्तार किय है। नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने वहां पर छापेमारी कर पकड़ा है । गिरफ्तार युवक गोपालपुर थाना निवासी विजय प्रसाद के पुत्र सागर कुमार है । पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा व गोली बरामद किया है पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की चेष्टा से यहां आया था । सिटी एसपी ने बताया कि खाजेकलां थाना के टेढ़ी घाट में हुई हवाई फायरिंग में पुलिस ने सुनील राय उर्फ बेताल को गिरफ्तार कर उसके घर से एक देसी पिस्टल व पांच गोली और पकड़े गये बेताल की निशानदेही पर दोस्त नवीन शर्मा को गिरफ्तार कर उसके घर से भी एक देसी पिस्टल व दो कारतूस बरामद किया गया है।

भजनों के बीच मना चंदा सिंधारा उत्सव

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। चौक चंदा सिंधारा उत्सव पर सोमवार को चौक स्थित चौक के राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हुए । इस मौके पर श्याम बाबा की अलौकिक श्रृंगार,51 फूलो की माला अर्पण के साथ छप्पन भोग लगाये गये। आयोजन में अमर अग्रवाल, दिलीप डीडवानिया, राहुल अग्रवाल, प्रदीप जैन, सोनू, श्याम सेना एवं श्याम परिवार के सदस्य सक्रिय थे । श्री श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट व श्याम सखी के सदस्यों की ओर से आयोजित उत्सव में भजन संध्या के दौरान श्याम प्रभु के भजनों की प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर भजन के साथ रासलीला की प्रस्तुति भक्तों के बीच की गयी देर शाम तक वहां भजन कीर्तन के बाद आरती हुई।

प्रमंडलीय आयुक्त ने लोक शिकायत के 30 मामलों की सुनवाई की, अधिकांश मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपीलीय प्राधिकार-सह-प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने 30 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर अधिकांश मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया। वहीं, जाँच की आवश्यकता वाले मामलों को संबंधित जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जाँच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। भोजपुर की मनसा देवी ने जिला अभिलेखागार, भोजपुर द्वारा अभिलेख की नकल उपलब्ध नहीं कराने से संबंधित शिकायत की। मामले की सुनवाई करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने 15 दिनों के अंदर सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए शिकायतकर्ता को संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बक्सर के अरविंद कुमार सिंह द्वारा शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर अवैध नियुक्ति किए जाने की शिकायत की गई। प्रमंडलीय आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को इसकी जाँच कराने तथा जाँच के आधार पर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया तीज पर्व

आरा (भोजपुर)। सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व हरितालिका तीज सोमवार को आरा सहित भोजपुर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पति की दीघार्यु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। शाम को विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीज व्रत की कथा सुनी गई। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। बाजारों में भी पूजा सामग्री, फल, मिठाई एवं सुहाग की सामग्री की खरीदारी को लेकर चहल-पहल रही।

अज्ञात महिला का शव बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां-धमनिया मार्ग पर जैतपुर राजवाहा नहर के किनारे सोमवार की सुबह एक अज्ञात 45 वषीर्या अधेड़ महिला का शव बरामद हुआ। मृतका के बाएं आंख के ऊपर हल्का कटा हुआ एवं खून लगा हुआ पाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान महिला का विजाइनल स्वाब भी लिया गया। चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. के.एस.चैबे, डॉ. प्रभात प्रकाश, डॉ. रवि रंजन एवं महिला चिकित्सक शाजिया कौसर है। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

एसपी ने चैरी थाना का किया निरीक्षण

आरा (दैनिक नवसंदेश)। एसपी अवधेश दीक्षित द्वारा रविवार की देर शाभ चैरी थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति, कर्तव्य निर्वहन एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई, साथ ही थाना परिसर की स्वच्छता एवं रख-रखाव, कार्यालय व्यवस्था, सीसीटीएनएस प्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियों, दस्तावेजों एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री दीक्षित द्वारा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, नियमित गश्ती एवं निगरानी, जनशिकायतों के त्वरित निराकरण तथा थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं जवाबदेह बनाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कुर्की के दौरान आरोपित ने किया समर्पण

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बबुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव में न्यायालय के आदेश पर बबुरा थाना पुलिस द्वारा किये जा रहे कुर्की के दौरान आरोपित ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। उक्त आरोपी बबुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी पंचम महतो का पुत्र नंद किशोर महतो है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उक्त आदेश के आलोक में रविवार को जब बबुरा थाना की पुलिस उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई कर रही थी।

स्टेशन से अज्ञात युवक का शव बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के सीढ़ी के नीचे से एक अज्ञात 22 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात युवक की मौत स्वाभाविक मौत होना प्रतीत होता है।

अज्ञात युवक का शव बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के सदर अस्पताल परिसर से सोमवार को एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

अंग्रेजी शराब के साथ नाबालिग पकड़ाया

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब के साथ एक नाबालिग को पकड़ा। वह थाना क्षेत्र के कतीरा ओवरब्रिज के नीचे से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास रहे बैग से सात लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। उक्त नाबालिग रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र एक गांव का रहने वाला है।

डॉ ब्रजेश बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने आरा के युवा नेता डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, दिन-रात की कड़ी मेहनत और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए आलाकमान ने उन पर यह बड़ा भरोसा जताया है। कांग्रेस पार्टी को धरातल पर मजबूत करने के लिए वे लंबे समय से लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

हत्या के मामले में फरार पटना निवासी आरोपित गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सहार थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे पटना निवासी एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बिन्दौल गांव स्थित उसके घर से रविवार को की। वह पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बिन्दौल गांव निवासी स्व. वशिष्ठ पांडेय का पुत्र देव कुमार पांडेय उर्फ चुल्लू पांडेय है।

5.56 ग्राम मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ चरपोखरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 20 पुड़िया में कुल 5.56 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी इलाके में ब्राउन शुगर की बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराने के बाद सीओ प्रिंस प्रकाश के नेतृत्व में चरपोखरी पुलिस टीम ने मनैनी पिकेट के समीप कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखकर एक युवक भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 पुड़िया में कुल 5.56 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के इटौर गांव निवासी सुदर्शन सिंह के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। चरपोखरी थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

दिव्यांगता प्रमाणीकरण शिविर कल

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा प्रभाग व सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 6 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए 16 सितम्बर को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

आरा में घर लौट रहे अधेड़ को मैजिक वाहन ने रौंदा, मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के दोघरा गांव जिओ पेट्रोल पंप के समीप शौच कर घर लौट रहे अधेड़ को मैजिक वाहन नै रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मैजिक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के दोघरा गांव निवासी स्व. यमुना महतो के 55 वर्षीय राजकुमार महतो है। वह पेशे से किसान थे। उधर, घटना के बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने दोघरा जिओ पेट्रोल पंप के समीप शव के साथ रोड जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर बिहिया थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया। तब जाकर परिचालन शुरू हो सका। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम अस्पताल में करवाया। इधर, मृतक के छोटे भाई अक्षय लाल महतो ने बताया कि सोमवार की सुबह वह अपने छोटे बेटे रामजी महतो के साथ शौच कर सड़क किनारे अपने साइड से वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रहे बेलगाम मैजिक वाहन ने उन्हें रौंद दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचा और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे। उन्हें पांच पुत्री इंदु देवी, बसंती देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, रेणु देवी व तीन पुत्र शत्रुघ्न महतो, धनंजय महतो एवं रामजी महतो हैं।

सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

17 सितंबर से शुरू होगा अभियान, जनभागीदारी पर रहेगा जोर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। भोजपुर से जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा सहित संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों, तैयारियों एवं उनके समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान का उद्देश्य सेवा की भावना को जनभागीदारी से जोड़ना तथा सकारात्मक सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार भोजपुर में अभियान को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संबंधित विभागों को अपने स्तर पर गतिविधियों के सफल आयोजन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले अभियान के तहत जिले में विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम से होगी सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के गड़हनी ग्रामीण मंडल के करनौल गांव में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल संयोजक अरविंद कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि अगिआंव विधानसभा प्रभारी राम सागर राय उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

लसाढ़ी आदमकद प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन आज

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। शहीदों की प्रतिमाओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा युक्त पंक्तियां भोजपुर जिले के लसाढ़ी गांव स्थित 12 शहीदों के आदमकद प्रतिमा स्थल पर लगने वाले प्रतिवर्ष राजकीय समारोह को देखकर चरितार्थ हो रहा है। 1857,ई में अंग्रेजी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश के आजादी दिलाने में पुराने भोजपुर जिले के अगिआंव प्रखंड लासाढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दिल में देशभक्ति का जज्बा लिए 15 सितंम्वर 1857 को इस जनपद के 12 लोग आजादी के लिए शहीद हो गए। इन शहीदों में महिला आंदोलनकारी अकेली देवी ने भी अपनी शहादत दी थी। सैकड़ो लोगों ने अंग्रेज सिपाहियों के लाठी डंडे कोडे की मार सही ।अधिकांश लोग गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए ।जिन्हें लंबे समय तक यात्तना ए झेलानी पड़ी। ऐसे लोग हंसते-हंसते अंग्रेजों की यातना सहते रहे लेकिन कभी अंग्रेजों के आगे नहीं झुके इन्हें तो हर हाल में देश की आजादी चाहिए थी। आखिरकार उनकी देशभक्ति रंग लाई और अंग्रेजों को भारत छोड़कर भागना पड़ा ।यहां जंगे आजादी में अपनी शहादत देने वाले क्रांतिकारी में सभापति यादव जगन्नाथ यादव महादेव जाधव शिखर सिंह वासुदेव सिंह आकली देवी सभी लसानी शीतल सिंह केशव सिंह सीतल लोहार रामदेव यादव केश्वर रामधारी पांडे ढक्कन ए एवं चासी अपनी प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए। इसके उपरांत शहीदों की शहादत स्थल पर पूर्व संदेश विधायक अरुण यादव द्वारा भूमि दान देकर व सहार निवर्तमान विधायक रामनरेश राम द्वारा राशि का आवंटन व ग्रामीणों के सहयोग से 12 आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराया गया है।

सांसद ने 5 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया उद्घाटन

60 हाईमास्ट लाइट सहित विभिन्न सिविल वर्क

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा लोकसभा क्षेत्र के आरा, जगदीशपुर एवं पीरो अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुशंसित करीब 5 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन आज सांसद सुदामा प्रसाद ने किया। इन योजनाओं में 12.5 मीटर ऊंचाई वाले 60 हाईमास्ट लाइटों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य के साथ-साथ विभिन्न सिविल वर्क भी शामिल हैं। सांसद की अनुशंसा पर भोजपुर जिले में कुल 60 स्थानों पर हाईमास्ट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। हाईमास्ट लाइट के अधिष्ठापन से प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, चैक-चैराहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय प्रकाश की बेहतर व्यवस्था होगी। इससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का वातावरण भी मजबूत होगा। उद्घाटन के अवसर पर सांसद ने कहा कि आरा लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने तथा उनके समाधान का प्रयास कर रहे हैं। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के माध्यम से क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय जरूरतों के आधार पर विकास योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। हाईमास्ट लाइट, सड़क, नाली, भवन एवं अन्य सिविल वर्क जैसी योजनाओं से आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि आरा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से तक विकास कार्य पहुंचाना और जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्रतिबद्धता है। जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद के साथ-साथ संबंधित विभागों और मंत्रालयों के समक्ष लगातार उठाया जा रहा है तथा क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा।

विशेष भूमि सर्वेक्षण: कोईलव अंचल में किश्तवार सर्वे का कार्य शुरू

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर अंचल के 68 मौजों में विशेष सर्वेक्षण के तहत किश्तवार कार्य शुरू हो चुका है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर चल रहे इस कार्य के तहत रैयतों की भूमि से संबंधित अभिलेख एवं सर्वेक्षण प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सह शिविर प्रभारी, अंचल कोईलवर सोनू कुमार दास ने मौजा पचैना, सुंदरपुरा-116, फरंहगपुर, धन्नडीहा, मकमपुर, गुंडी एवं रौधसंतपुरा में चल रहे किश्तवार कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर सर्वे कार्य की प्रगति की जांच एवं निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सोनू कुमार दास ने कहा कि कोईलवर अंचल के सभी 68 मौजों में किश्तवार कार्य को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। सभी विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को निर्देश दिया गया है कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए और किश्तवार की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूरी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने रैयतों से भी सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए रैयतों का सहयोग आवश्यक है। सर्वे कर्मियों द्वारा मांगी गई आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने से कार्य को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी।

हिन्दी की महत्ता को बताते हुए हिन्दी दिवस मनाया गया

आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुल्हड़िया, आरा के प्रांगण में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव सिद्धनाथ सिंह ने की। संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यह्यवर्तमान समय में राजभाषा हिन्दी की दशा, दिशा और शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिकाह्यह्य रहा। इस अवसर पर सचिव सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा संविधान ने बनाया है, लेकिन इसे ज्ञानभाषा और सम्मान की भाषा बनाए रखना हमारा दायित्व है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. लालबहादुर सिंह ने कहा कि हिन्दी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हिन्दी व्यवहार का संकल्प है। भोजपुरी, मगही, मैथली भाषाएँ हिन्दी की शक्ति हैं। प्रो. सुधीर सिंह ने हिन्दी में साक्षरता अभियान चला कर ग्रामीण बच्चों को पढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. अंकुर सहाय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय मे संकट हिन्दी का नहीं, हमारे आत्मविश्वास का है। प्रवक्ता प्रो. अनिल कुमार, प्रो. आशुतोष मिश्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी को समृद्ध बनाने पर जोर दिया। विचारगोष्ठी में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में सभी सूचना-पट, कार्यालयी पत्राचार और प्रार्थना सभा का संचालन देवनागरी हिन्दी में ही किया जाएगा तथा छात्राध्यापकों को हिन्दी में मौलिक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस विचार गोष्ठी मे बी एड प्रथम वर्ष के छात्र सुहैल अशरफ, कृष्णा नंदन, आर्या सिंह, अंकुर कुमार, अमन,दीपक, लव कुमार तथा द्वितीय वर्ष से सूर्य प्रकाश, गोपी किशन, नाहिद फातिमा, सनोबर और मनीष गुप्ता सहित अनेक छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

24.20 ग्राम गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 24.20 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में टाउन थाना क्षेत्र के गोला मोहल्ला निवासी दीपू प्रसाद का पुत्र रोहित कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के बड़ी मठिया महादेवा रोड वार्ड नंबर-20 निवासी अनिल प्रसाद का पुत्र अंकित कुमार शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 11 सार्वजनिक स्थानों पर होगा दीपोत्सव

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलेगा। उक्त अभियान के तहत 13 प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक होगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे जिला पदाधिकारी बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि प्रधानमंत्री जी जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत ह्यआशीर्वाद की दियाह्य कार्यक्रम से होगा। सात बजे शाम को भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा उक्त दिन सुनिश्चित 11 सार्वजनिक स्थानो जिसमे आरा रेलवे स्टेशन, विश्वविद्यालय परिसर, वीर कुँवर सिंह पार्क, आरा मोहनिया फोर लेन, भाजपा जिला कार्यालय, पीरो स्टेशन, बिहिया स्टेशन, बबुरा गंगा पुल, जगदीशपुर किला, अगिआंव आदि महत्वपूर्ण स्थानो पर सभी जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्ता एव आम जनता द्वारा दीया जला कर प्रधानमंत्री जी के लम्बी आयु एवं स्वस्थ रहने की कामना की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा बूथ से जिला तक सभी कार्यकर्ता एवं लाभार्थी अपने-अपने घरो पर आशिर्वाद का दिया जलाकर प्रधानमंत्री जी को आशीष एवं शुभकामनाएं देंगे। बैठक का संचालन महामंत्री संतोष चंद्रवंशी एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया। बैठक के दौरान पिछले कार्यो की समीक्षा की गई एवं आगामी सेवा संकल्प अभियान के तहत सभी कार्यक्रमो का विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीडी शर्मा, अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, निशांत कुमार, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह, जिला मंत्री प्रतीक राज, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, कार्यालय प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, धीरज सिंह, राहुल सिंह, मनीष रौशन, पंकज तिवारी, अविनाश पांडेय आदि पदाधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक, सह संयोजक शामिल थे।

महाराजा कॉलेज स्वयंसेवकों की रही सक्रियता

आरा (दैनिक नवसंदेश)। महाराजा बहादुर राम रण विजय प्रसाद सिंह कॉलेज, आरा के 72वें स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा के मार्गदर्शन और कॉलेज कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार के समन्वय में स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य प्रो कनक लता की उपस्थिति में अतिथियों के अभिनंदन की जिम्मेदारी रुपाली कुमारी, साक्षी कुमारी, कृति राणा, काजल प्रिया, प्रियंका कुमारी और सोनल कुमारी ने संभाली। सुधांशु, अमन, बादल, अमरीश, आकाश, साक्षी, गौरव और कुणाल समेत अन्य स्वयंसेवक व्यवस्था में सक्रिय रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में खूब रंग भरा। मुस्कान, प्रीति और टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। रोहित और टीम की ह्यतेरी मिट्टी के बेटेह्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर किया। सुमंत और टीम ने वीर कुंवर सिंह को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। अमित, कल्पना और टीम ने कॉलेज के इतिहास पर विशेष प्रस्तुति दी। बिट्टू, अंजलि, श्रुति और टीम ने छठ पूजा आधारित नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बिट्टू, मुस्कान, खुशबू और टीम की वीर कुंवर सिंह पर आधारित नृत्य प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली।

दरभंगा जिला के 200 स्वयंसेवकों का 'युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर' संपन्न

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के दिशा-निर्देश में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग के तत्त्वावधान में दरभंगा जिला के विभिन्न कॉलेजों के 200 स्वयंसेवकों का तृतीय सात दिवसीय "युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण शिविर" संपन्न हुआ। एमआरएम कॉलेज, दरभंगा की प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो पुष्पम नारायण- अध्यक्ष, भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान- सम्मानित अतिथि, एसडीआरएफ, बिहटा, पटना के आपदा-प्रशिक्षक रूपेश कुमार पासवान- मुख्य वक्ता, शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया- स्वागत कर्ता एवं शिविर-प्रतिवेदन प्रस्तुत कर्ता, डॉ युगेश्वर साह- धन्यवाद कर्ता तथा अक्षय कुमार झा ने संचालक के रूप में अपने विचार व्यक्त किये।

शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शैक्षणिक किट, आपदा प्रबंधन किट तथा प्रमाण पत्र आदि प्रदान किए गए। वहीं कुलपति के आदेशानुसार 200 स्वयंसेवकों में से लिखित परीक्षा, अनुशासन, संभाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति आदि के आधार पर 10 प्रतिशत अर्थात 20 सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों का चयन किया गया, जिनमें अमित कुमार- प्रथम, सत्यम कुमार मलिक- द्वितीय तथा ताइबा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें प्रमाण पत्र तथा रैंक युक्त मोमेंटो प्रदान किया गया। वहीं कृष्ण कुमार चौधरी ने 4था, अर्णव राज ने 5वां, अंकित कुमार ने 6ठा, मेहविश फरहीन ने 7वां, प्रिंस कुमार ने 8वां, अविनाश कुमार ने 9वां, विकास कुमार ने 10वां, अमरनाथ ठाकुर ने 11वां, अभिजीत कुमार ने 12वां, कृष्णनंदन सहनी ने 13वां, जोहा फातिमा ने 14वां, औरंगजेब आलम ने 15वां, पूजा कुमारी ने 16वां, सुभाष चन्द्र माली ने 17वां, प्रकाश साह ने 18वां, चांदनी

■ अब तक तीन जिलों के 600 स्वयंसेवकों को दिया

कुमारी ने 19वां तथा मानसी कुमारी ने 20वां स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो आदि से सम्मानित किया गया, जबकि शेष बाकी 180 प्रशिक्षुओं को भी आयोजक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।समारोह का प्रारंभ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान से तथा समापन राष्ट्रगान से हुआ। समारोह में शिविर-संयोजक डॉ आर एन चौरसिया, एसडीआरएफ के सभी प्रशिक्षक, डॉ योगेश्वर साह, डॉ उदय कुमार, डॉ सोनू राम शंकर, मुजफ्फरपुर से आए सुधांशु कुमार, मुकेश कुमार झा, मणिकांत ठाकुर, प्रशांत कुमार, अक्षय कुमार झा, मंजीत कुमार चौधरी, वैभव झा, अंकिता, विकास कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार झा, रवीन्द्र कुमार सिंह, सुमित कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो पुष्पम नारायण ने प्रशिक्षण में शामिल स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि स्वयंसेवक समाजसेवा के प्रतिमूर्ति होते हैं। हमें अपने में मानवता एवं संवेदनशीलता जागृत रखने की जरूरत है, ताकि हम जरूरतमंदों की समय पर मदद कर सके। प्रशिक्षक रूपेश कुमार पासवान ने कहा कि हम आपदा को रोक नहीं सकते हैं, परंतु प्रशिक्षित होकर उसे कम जरुर कर सकते हैं। शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि अब तक तीन बैचों में 600 स्वयंसेवक प्रशिक्षित किया जा चुके हैं, जबकि 16 से 22 सितंबर, 2026 के बीच आयोजित होने वाले अंतिम शिविर में 200 स्वयंसेवकों के प्रशिक्षित होने पर मिथिलांचल के तीन जिले- दरभंगा, समस्तीपुर एवं मधुबनी में कुल 800 "प्रशिक्षित युवा आपदा मित्र तैयार हो जाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

हरितालिका तीज पर सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने की पूजा अर्चना

दरभंगा। हरितालिका तीज के पावन अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने दरभंगा स्थित अपने आवास पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से समस्त माता-बहनों सहित सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने समस्त मिथिलांचलवासियों को हरितालिका तीज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरितालिका तीज आस्था, श्रद्धा और पारिवारिक सुख-समृद्धि की मंगलकामना का पावन पर्व है।उन्होंने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से प्रार्थना की कि सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हों और हर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे।

सनहपुर, भरवाड़ा से दो वारंटी गिरफ्तार

सिंहवाड़ा। थाना की पुलिस ने अलग-अलग गांव मे छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। नगर पंचायत भरवाड़ा में छापेमारी कर मोहम्मद फारूख को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सनहपुर में कार्रवाई कर सुमन मिश्रा उर्फ सुमित मिश्रा को पुलिस ने पकड़ा। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में दोनों की गिरफ्तारी की गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

चौरचन पर्व को लेकर घर-घर हुई चंद्रमा की पूजा

तारडीह। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को चौरचन पर्व श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं ने दिनभर उपवास रखकर शाम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। घरों के आंगन में अरिपन बनाकर चंद्रमा की पूजा की गई तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के पकवान, फल एवं व्यंजन अर्पित किए गए।पूजा के बाद महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं संतान की दीघार्यु की कामना की। पर्व को लेकर क्षेत्र के बाजारों में भी दिनभर चहल-पहल रही। लोगों ने पूजा के लिए फल, मिठाई एवं अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की।स्थानीय लोगों के अनुसार, मिथिलांचल में चौरचन पर्व का विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। इस अवसर पर परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर पूजा में शामिल हुए और पर्व की परंपरा को निभाया।

साहित्यकारों के निधन पर शोक सभा का आयोजन

दरभंगा। नेपाल के मैथिली साहित्यकार रेवती रामलाल और दरभंगा के मैथिली साहित्यकार कर्नल मायनाथ झा के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन अखिल भारतीय मैथिली साहित्य परिषद के परिसर में और मिथिला लेखक मंच के तत्व अवधान में किया गया। इन दोनों साहित्यकार के निधन से मैथिली साहित्य को अत्यधिक क्षति हुई है। रेवती रामलाल एवं करनाल माया नाथ दोनों मैथिली साहित्य के स्तंभ थे जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर उदय शंकर मिश्रा चंद्रेश डॉ विद्यनाथ झा सूबेदार एन के साहु डॉ राज किशोर झा डॉक्टर विजय शंकर झा मुन्नी मधु वंदना कुमारी एवं अनुज कुमार झा ऑडियो उपस्थित थे अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

दिल्ली मोड़, चट्टी चौक, कगवा गुमटी व पंडासराय में शीघ्र पूरा करें रेल ओवर ब्रिज का निर्माण : कौशल कुमार

आरओबी निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

दरभंगा। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिले में निमार्णाधीन विभिन्न रेल ओवर ब्रिज आरओबी के निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं निर्माण से संबंधित समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संबंधित आरओबी के अभियंताओं एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दिल्ली मोड़, चट्टी चौक, कागवा गुमटी एवं पंडासराय में निमार्णाधीन आरओबी की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आरओबी निर्माण कार्य जिले के यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने, निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने तथा निर्माण के दौरान आने वाली तकनीकी एवं अन्य बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भी आरओबी निर्माण से संबंधित भू-अर्जन एवं अन्य लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया,ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि प्रकाश सहित संबंधित अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पत्नी ने नशेड़ी पति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

सिंहवाड़ा। स्थानीय थाना की पुलिस ने अलग-अलग जगहो पर नशे की हालत में हंगामा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर पंचायत सिंहवाड़ा वार्ड एक मे नशे की हालत में घर में हंगामा कर रहे पवन कुमार भगत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पत्नी दीपा कुमारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया। पत्नी ने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। नगर पंचायत भरवाड़ा बाजार में नशे की हालत में हंगामा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर दोनों के नशे में होने की पुष्टि हुई।इस मामले में थानाध्यक्ष बसंत कुमार के आवेदन पर कटका निवासी अश्विनी कुमार ठाकुर एवं मधुबनी जिले के पतौना थाना क्षेत्र स्थित मधुपुर निवासी प्रशांत सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

महाराजा कामेश्वर सिंह राज सर्वे कार्यालय परिसर में धूमधाम से हो रहा गणेश पूजा

दरभंगा। महाराजा कामेश्वर सिंह राज सर्वे कार्यालय परिसर में श्री श्री 108 गणेश पूजा समिति के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया की शहर के वार्ड संख्या 11 स्थित कुतुबगंज दरभंगा राज सर्वे कार्यालय परिसर में पिछले कई सालों से गणेश पूजा का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें दरभंगा राज परिवार के कुमार कपिलेश्वर सिंह का भी पूर्ण सहयोग रहता है। उन्होंने बताया 14 से 18 सितंबर तक चलने वाले पूजा कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन के साथ-साथ प्रसाद वितरण किया जा रहा है। वही इस बार 10000 लोगों के लिए विशेष भंडारा का आयोजन किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में सभी लोगों का योगदान है। इस बार मूर्ति और विशेष पंडाल का निर्माण कराया गया है।

आयोजन समिति में, सचिव रंजन शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश साह, उपाध्यक्ष गोविंद कुमार सुमित कुमार, उपसचिव अंकित कुमार चिंटू कुमार, उपकोषाध्यक्ष अमित शेखर, मीडिया प्रभारी शुभम कुमार, आशू कुमार दीपक कुमार शामिल है। वही पंडाल प्रभारी पुष्कर रतन उगना भी मौजूद रहकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक, आर के दत्ता ने कहा समाज के सभी वर्गो के कल्याण एवं सुख शांति के लिए भगवान गणपति से मांग करते है। आयोजन समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में वार्ड 12 के पार्षद मुकेश महाशेठ का पूजा पर विशेष योगदान रहता है। अन्य युवाओं में गौतम, हर्ष, अश्विनी, आयुष, ओम, जगा ,राकेश, सूरज, रानू, आदित्य,अमित, गोलू,अमित, विवेक, आनंद,सागर,प्रेम,अंश, अंशु, कृष्णा, कन्हैया, कोमल झा, कन्हैया दुबे, दीपक, शांतनू, आरब, रौनक सहित अन्य मौजूद रहे।

आपदा पीड़ित परिवारों के बीच राहत राशि का किया चेक प्रदान

बेनीपुर। स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सचेतक प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पौड़ी गांव पहुंचकर आपदा पीड़ित परिवारों के बीच राहत राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं है। इसलिए बिहार की एनडीए सरकार पूर्ण संवेदनशील बनी हुई है और सरकार का स्पष्ट मानना है कि सरकारी खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। जिसके तहत आज सरकार द्वारा पानी में डूब कर हुई मौत के मामले में परिजन मनोज कुमार को 400000 का चेक प्रदान किया गया है। इस दौरान विधायक श्री चौधरी ने पीड़ित मनोज कुमार से अपील करते हुए कहा कि सरकार ने आपको संबल प्रदान करने के लिए यह राहत राशि प्रदान की है ।इसका आप समुचित सदुपयोग करें ।इस पैसे से परिवार के शिक्षा एवं अन्य आवश्यक उपयोगी कार्यों में ही खर्च करें। इसमें से किसी भी बिचोलिए को 1 की रिश्वत नहीं देनी है। यह सरकार की संवेदनशीलता है कि आपदा पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता राशि पहुंचाई जा रही है। चाहे वह कृषकों के लिए कृषि क्षति मुआवजा हो या बाढ़ राहत मुआवजा हो हर समय सरकार आम लोगों के आपदा के समय तत्परता के साथ खड़ी होती आई है और आगे भी हर स्थिति और परिस्थिति में सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान स्थानीय प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद राय, अंचलाधिकारी राजीव जी, नाजिर राहुल कुमार,रजनीश सुन्दरम,राजू चौधरी,मनोज कामती, बौकू कामती,मुकेश कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

बिहार पंचायत सेवा संघ ने सामूहिक अवकाश का दिया अल्टीमेटम

बहादरपुर। बिहार पंचायत सेवा संघ के आवाहन पर सोमवार को जिले सभी अपर जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।जिसमें बताया है कि संघ के अध्यक्ष अजय कुमार चंद्रा और महामंत्री रवि कुमार द्वारा जारी पत्र पत्रांक-113, दिनांक 09.09.2026 में कहा गया है कि वर्ष 2010 में संवर्ग गठन के बाद भी प्रशासनिक शक्ति,वेतन विसंगति और संसाधन की मांगें पूरी नहीं हुई हैं।संघ ने निर्णय लिया है कि सोमवार से 2 दिनों तक सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे।यदि सरकार ने ठोस कार्रवाई नहीं की तो सम्पूर्ण बिहार पंचायत सेवा संवर्ग सामूहिक अवकाश पर जाएगा।संघ के द्वारा प्रमुख मांगों में प्रखंड स्तरीय पदों को राजपत्रित घोषित करना,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायत समिति का कार्यपालक पदाधिकारी बनाना,लंबित प्रोन्नति,वेतन विसंगति दूर करना और कार्यालय,कर्मी व वित्तीय शक्ति उपलब्ध कराना शामिल है। ज्ञापन देने के दौरान जिला परिषद अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम प्रकाश,अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी अभय कुमार,सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रमेश कुमार, प्रमोद कुमार,करुणा कश्यप,कुणाल कुमार,कुमार गौरभ,रुपेश कुमार,दीपिका झा, सुजीत कुमार,उपेंद्र राम, रामबिहारी देवेंद्र झा के साथ साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

शिवराम गांव में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

बेनीपुर। प्रखंड क्षेत्र के शिवराम गांव में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को भव्य रूप से मनाने को लेकर नवयुवक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया है। ग्रामीणों की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार राय उर्फ बिट्टू जी को चुना गया है। वहीं मनोज प्रसाद को उपाध्यक्ष, रमनेश कुमार झा (रमण जी) को सचिव, भरत प्रसाद देव को उपसचिव, नितीश कुमार को कोषाध्यक्ष और सुनील कुमार भगत को उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पूजा की निगरानी व्यवस्था के लिए विजय यादव, विश्वनाथ भगत, कारी झा, चंदन कुमार और घनश्याम राय को निगरानी सदस्य बनाया गया है, जबकि ईश्वर चन्द्र प्रसाद को संयोजक नियुक्त किया गया है। नई कमिटी के गठन के बाद सदस्यों ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से मनाया जाएगा, जिसमें गांव के सभी लोगों का सहयोग लिया जाएगा।

11 नवंबर को आयोजित चित्रगुप्त पूजन की तैयारी को लेकर होगा विशेष बैठक

दरभंगा। दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा की एक आवश्यक बैठक कोतवाली थाना के निकट अवस्थित चित्रगुप्त भवन (पुराना सोसाइटी सिनेमा हॉल) के परिसर में सभा के अध्यक्ष- आर के दत्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 11 नवंबर को आयोजित चित्रगुप्त पूजन को लेकर एक विशेष बैठक करने का निर्णय लिया गया।चार-दिवसीय चित्रगुप्त पूजन और सबके लिए सभी पदाधिकारी पार्षदों एवं कार्यकारी सदस्यों युद्ध स्तर पर तैयारी करने की बात कही गई। अध्यक्ष-आरके दत्ता, प्रधान सचिव- अरविंद कुमार तथा मीडिया प्रभारी सह पूर्व अध्यक्ष

■ दरभंगा चित्रगुप्त सभा की बैठक में चार - दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव के लिए हुई चर्चा

पुनीत कुमार सिन्हा ने कहा कि चित्रगुप्त पूजा की तैयारी को लेकर सभा के पदाधिकारीगण तथा सदस्यगण अपना -अपना कार्य करें। बैठक में अध्यक्ष आर.के. दत्ता, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र प्रभाकर, प्रधान सचिव अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव- मुकेश कुमार वर्मा,पूजा प्रभारी- डॉ मनीष कुमार, औषध अक्षय पांडेय रितेश सहाय मीडिया प्रभारी- पत्रकार पुनीत

अपने ज्ञान को व्यवहार में लागू करने योग्य बनाए, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा

एलएनएमयू, दरभंगा में एआई आधारित शोध कार्यशाला का शुभारंभ

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विश्वविद्यालय रसायन विज्ञान विभाग तथा अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पांच- दिवसीय हस्त-प्रशिक्षण कार्यशाला ह्वरिसर्च विद एआई : फ्रॉम आइडियाज टू इनोवेशनह्व का शुभारंभ हुआ। 14 से 18 सितंबर तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को अनुसंधान, शिक्षण एवं नवाचार के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी, नैतिक एवं व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना है।

कार्यक्रम से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने रसायन विज्ञान विभाग में प्रो डॉ नीलाम्बर चौधरी अध्यक्ष कक्ष, सम्मेलन कक्ष तथा नवीनीकृत रसायन विज्ञान विभाग का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को विभाग में शैक्षणिक, शोध एवं अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने की। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना के पूर्व कुलपति प्रो एन. सी. गौतम- मुख्य अतिथि तथा बिहार के राज्यपाल के सलाहकार (संकाय उत्कृष्टता एवं शैक्षणिक विकास) प्रो बिनोद कुमार त्रिपाठी- विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के बाद राष्ट्र-गीत, राष्ट्रगान एवं एलएनएमयू कुलगीत प्रस्तुत किए गए। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने स्वागत संबोधन में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए आधुनिक तकनीक के साथ गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के संयोजक डॉ अभिषेक राय एवं डॉ अनिन्द्र शर्मा ने कार्यशाला की विषय-वस्तु प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि प्रो बिनोद कुमार त्रिपाठी ने भारतीय गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि कौशल विकास, व्यावहारिक ज्ञान, चरित्र निर्माण एवं समग्र व्यक्तित्व विकास था। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो एन. सी. गौतम ने अनुसंधान में मौलिक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गुणवत्ता एवं नवाचार के महत्व पर बल दिया।अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने कार्यशाला की समसामयिक विषय-वस्तु के चयन के लिए संयोजक डॉ अभिषेक राय एवं डॉ अनिन्द्र शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सही दृष्टिकोण, वैचारिक चिन्तन, नैतिक मूल्यों एवं कौशल विकास की क्षमता विकसित करना है। शिक्षा विद्यार्थियों को सोचने, समझने, प्रश्न करने, समस्याओं का समाधान खोजने तथा अपने ज्ञान को व्यवहार में लागू करने योग्य बनाए, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा को रटने एवं परीक्षा-केन्द्रित दृष्टिकोण से आगे ले जाकर समग्र विकास, वैचारिक समझ, आलोचनात्मक चिंतन, अनुभवात्मक अधिगम एवं कौशल विकास पर केन्द्रित करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षण, अधिगम एवं कौशल विकास को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सीखने, सोचने, समझने एवं कौशल विकसित करने की क्षमता पैदा करना भी है।कुलपति ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा में ज्ञान को अनुभव, प्रयोग, चिंतन एवं कौशल से जोड़ने की समृद्ध परंपरा रही है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित ऐसी हस्त-प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आवश्यक हैं, ताकि शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी केवल तकनीक का उपयोग करना ही न सीखें, बल्कि उसके सार्थक, नैतिक, बौद्धिक एवं जिम्मेदार उपयोग को भी समझें। उन्होंने प्रतिभागियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय अपनी मौलिक सोच, वैचारिक स्पष्टता एवं शोध क्षमता को मजबूत करने वाले साधन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। पाँच- दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विभिन्न उपकरणों के माध्यम से शोध-विषय एवं शोध-प्रश्नों का चयन, साहित्य समीक्षा, आंकड़ों का विश्लेषण, वैज्ञानिक लेखन, शोध प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार सहित अनुसंधान के विभिन्न चरणों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो संजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, कौशल विकास, वैचारिक चिंतन एवं नैतिक मूल्यों के समन्वय के माध्यम से विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

संक्षिप्त खबरें

झपट्टा मारकर छिनतई करने वाले गिरोह का पदार्फास, सोने का चैन एवं मोटरसाईकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

मधुबनी। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 13 सितंबर को थानाध्यक्ष, नगर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन मधुबनी के पास स्थित सब्जी मंडी से मोटरसाईकिल पर सवार कुछ अज्ञात व्यक्ति एक वृद्ध महिला के गले से चेन झपट्टा मार कर भाग रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष द्वारा दल-बल के साथ उक्त घटना स्थल पर जाने के क्रम में रास्ते में प्रधान डाक घर, मधुबनी के पास देखा गया कि कुछ व्यक्ति एक अज्ञात व्यक्ति को घेरे हुए है तथा वहाँ बहुत शोरगुल हो रहा था। थानाध्यक्ष द्वारा वहाँ रूककर जब शोरगुल का कारण पुछा गया तो वहाँ उपस्थित लोगो द्वारा बताया गया कि यही व्यक्ति रेलवे स्टेशन मधुबनी से वृद्ध महिला के गले से सोने का चैन झपट कर भाग रहा था तो इसके अन्य सभी साथी भाग गये है एवं इस व्यक्ति को स्थानीय लोगो द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया है। पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पुछने पर उसने अपना नाम रवि कुमार राय, पे०-बिरेन्द्र राय उर्फ बिरेन्द्र नट, सा०-बिरगंज, थाना-नगवॉ, जिला-परसा (नेपाल)। वर्तमान में यह व्यक्ति अपने ससुराल ग्राम-मुरलियाचक बजराहा, थाना-पतौना, जिला-मधुबनी अर्थात अपने ससुराल में रहता है। भागे हुए अन्य व्यक्ति के बारे में पुछने पर इसके द्वारा बताया गया कि वे मेरे साला एवं मेरे अन्य साथी थें। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि मैं अपने साला एवं अन्य दोस्तो के साथ मिलकर चोरी एवं छिना-झपट्टी का कार्य करते है। उक्त घटना को गंभिरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा घटना के सफल उभेदन एवं घटना में शामिल सभी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठना किया गया। टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में मानवीय सुचना संकलन एवं तकनिकी अनुसंधान के आधार पर झपट्टामारी गिरोह में साथ देने वाले अभियुक्त रवि कुमार राय के साला राजेश कुमार राय, प०-कैलाश नट, सा०-मुरलीयाचक बजराहा, थाना-पतौना, जिला-मधुबनी के ठिकानो पर जाकर राजेश कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर झपट्टा मारकर छिना गया सोने का चैन एवं घटना में उपयोग किया गया मोटरसाईकिल को बरामद कर लिया गया है। उक्त घटना मे शामिल अन्य अपराधकमीर्यो के गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

सांसद प्रतिनिधि ने की प्रधान सचिव को पत्र लिखकर भूमि के अतिशीघ्र हस्तानांतरण की मांग

बिस्फी। राजकीय डिग्री महाविद्यालय बिस्फी के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण में कृषि विभाग द्वारा हो रहे विलंब पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह डिग्री कॉलेज बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक विष्णुदेव सिंह यादव ने गहरा दुःख एवं चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी आनंद शर्मा की सकारात्मक पहल के बाद बिस्फी प्रखंड के नाहस खंगरैठा कृषि फार्म की 5 एकड़ भूमि महाविद्यालय के लिए हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी. लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होना निराशाजनक है. ! श्री यादव ने प्रधान सचिव कृषि विभाग को पत्र लिखकर 5 एकड़ भूमि का अविलंब हस्तांतरण करने का आग्रह किया है. कहा कि डिग्री कॉलेज की स्थापना से बिस्फी क्षेत्र के ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का बेहतर अवसर मिलेगा, इसलिए भूमि हस्तांतरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए.उन्होंने कृषि विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की, ताकि महाविद्यालय के निर्माण की आगे की प्रक्रिया शुरू हो सके. वहीं राज्यसभा सांसद डॉ. फैयाज अहमद ने कहा कि इस मामले को लेकर वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से मुलाकात करेंगे।

27 सितंबर को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर पीएम आवास की सूची का होगा अनुमोदन

बिस्फी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2024 में पात्र परिवारों को अब प्रतीझा सूची में शामिल कर आवास योजना का लाभ दिया जाएगा. ग्रामीण विकास विभाग ने इसके लिए पंचायत से लेकर जिला स्तर तक की पूरी प्रक्रिया और समय सीमा भी निर्धारित कर दी है. अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार आवास प्लस 24 की सूची में शामिल परिवारों में से पात्र लाभुक की प्रतीक्षा सूचित तैयार की जाएगी. इसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग अल्पसंख्यक की अलग-अलग सूची होगी. पंचायत में डिलीशन की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें प्रखंड भेज दी जाएगी. घर पाने वाले संभावित लाभुकों की प्रक्रिया अब आगे बढ़ गयी है. राज्य के 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार 743 लाभुकों को योजना का लाभ देने के लिए आवास सॉफ्टवेयर के जरिए प्रारूप सूची तैयार की गयी है. जबकि 40 फीसदी लाभुकों के नाम कटने के भी आसार हैं.तैयार प्रारूप सूची को अब संबंधित ग्रामसभा के सामने रखा जायेगा. अधिकतम 20 दिनों के भीतर यानी 30 सितंबर तक ग्रामसभा से सूची का अनुमोदन कर उसे प्रखंड कार्यालय को वापस भेजना अनिवार्य होगा. इसके लिए 27 सितंबर को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्रामसभा आयोजित कर सूची के अनुमोदन की तैयारी कि जा रही है।

एम आर एम कॉलेज में हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

दरभंगा। 14 सितंबर, 2026 को हिंदी विभाग एम० आर० एम. महाविद्यालय, दरभंगा में हिंदी दिवस के अवसर पर 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता' विषय पर एक-दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ गजेंद्र भारद्वाज, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग ,मारवाड़ी कॉलेज, दरभंगा को प्रधानाचार्य प्रो पुष्पम नारायण द्वारा पाग - चादर से सम्मानित किया गया। डॉ० सुकृति वर्मा द्वारा स्वागत भाषण के उपरांत नीलम सेन द्वारा विषय प्रवेश के माध्यम से संगोष्ठी के विषय 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता पर विषय प्रवेश कराया गया। मुख्य वक्ता डॉ भारद्वाज ने अपने वक्तव्य के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित जन को हिंदी की वर्तमान में प्रासंगिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला।इन्होंने कहा कि आज सिनेमा जगत में हिंदी के विद्यार्थियों के लिए बहुत बड़ा रोजगार का विकल्प सामने आया है। इसी के साथ अनुवाद के क्षेत्र में भी हिंदी भाषा के लिखने- पढ़ने वालों के लिए असीम अवसर उपलब्ध है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो० पुष्पम नारायण ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं और शिक्षक- शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज 14 सितंबर हिंदी दिवस हिंदी को संवैधानिक रूप से राजभाषा का दर्जा प्राप्त करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। हिंदी हमारी राजभाषा है, इसका आशय है भारत के सरकारी कार्यालयों में कामकाज की भाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया। इसी के साथ उपस्थित हिंदी विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं को बेहतर भविष्य बनाने और आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम की अगली कड़ी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं शिक्षिकाओं द्वारा प्रमाण- पत्र वितरित किया गया।

भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की मासिक बैठक सम्पन्न

दरभंगा। मब्बी भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की मासिक बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में मब्बी शोभन रोड स्थित शिव गार्डन रिजॉर्ट के सभागार में आहूत की गई।बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, वहीं संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने कहा कि संगठन हर माह एक-एक जनहित मुद्दे पर काम करेगी। अभी दरभंगा जिले के सभी पंचायतों में दिव्यांगजनों की क्या-क्या समस्याएं हैं और उनके समाधान हेतु प्रयास किया जाएगा। दिव्यांग लोगों को सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर संगठन हर संभव मदद करेगी बैठक में उपस्थित पदाधिकारी शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष नरेश कुमार, प्रखंड सचिव जाले रोशन कुमार, सदर प्रखंड सचिव शत्रुघ्न पासवान, लालबाबू कुमार शर्मा, सदस्य पिंटू कुमार मीडिया प्रभारी वीरेंद्र यादव, सदस्य पवन कुमार भगत, धर्मेंद्र कुमार यादव, रविंद्र कुमार दास,सेवरी देवी, रीता कुमारी, प्रमंडल अध्यक्ष मनोज कुमार कर्ण , मनिगाछी प्रखंड अध्यक्ष संतोष कांति,मनीगाछी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजनी कुमार झा, मुन्ना, इंद्रजीत चौपाल, संतोष सहित अन्य सदस्य

सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

मधुबनी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित "सबका सम्मानझ्रजीवन आसान" कार्यक्रम में आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एक सुलभ एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने भूमि विवाद, अतिक्रमण, विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। किरण देवी ग्राम धकजरी थाना- अरेर निवासी ने अंचल अमीन के द्वारा सीमांकन वाली जमीन पर दखल कब्जा दिलाने हेतु आवेदन दिया। आर के कॉलेज, मधुबनी में 200 अतिरिक्त शुल्क लिए जाने एवं उसका स्पष्ट कारण नहीं बताये जाने हेतु शिकायत किया । वही प्रखंड रहिका निवासी राजकुमार पासवान ने निजी भूमि पर जबदस्ती अतिक्रमण को लेकर शिकायत किया। परिवादी विकास कुमार झा ग्राम नवटोली मधुबनी निवासी ने एक ही भूमि को तीन बार अलग अलग मापी रिपोर्ट तैयार करने का निष्पक्ष जाँच हेतु आवेदन दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी अपने-अपने कार्यालय कक्षों में उपस्थित रहे और आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाता है। यह पूरी तरह ऑनलाइन व्यवस्था है, जिसके माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित अवधि में निष्पादन किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतों के समाधान हेतु फ्ळ्टर "सहयोग" पोर्टल पर घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करें।

तिलहन प्रसंस्करण को बढ़ावा : तेल मिल स्थापना हेतु आवेदन का मौका, मधुबनी को मिला एक इकाई

मधुबनी। राज्य में तिलहन प्रसंस्करण एवं तेल निष्कर्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन* के तहत तेल मिल की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

योजना का उद्देश्य तिलहन का मूल्य संवर्धन, रोजगार सृजन एवं किसानों की आय में वृद्धि करना है। योजना के तहत 10 टन क्षमता वाली तेल प्रसंस्करण इकाई* की स्थापना पर परियोजना लागत का *33 प्रतिशत अथवा अधिकतम 9.90 लाख, जो भी कम हो अनुदान दिया जाएगा। भूमि खरीद तथा भवन,शेड निर्माण की लागत को अनुदान में शामिल नहीं किया जाएगा।जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी सुदामा ठाकुर ने बताया कि जिले को केवल एक तेल मिल स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने की अपील की, ताकि पात्र लाभुक को योजना का लाभ मिल सके। सरकारी अथवा निजी उद्योग, कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ, वीसीपी), तिलहन प्रसंस्करण से जुड़े पंजीकृत स्टार्टअप एवं सहकारी समितियां आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए डीपीआर, आधार कार्ड, बैंक विवरण, बैंक ऋण स्वीकृति,सहमति पत्र एवं संस्था का पंजीकरण प्रमाण-पत्र* आवश्यक होगा।इच्छुक आवेदक कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल अथवा बिहार कृषि ऐप* के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आगामी दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

बिस्फी। प्रखंड क्षेत्र के भोज पंडौल पंचायत स्थित भगवती स्थान में हरेराम चौधरी के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई . बैठक में आगामी दुर्गा पूजा, लाइट साउंड, प्रागण पंडाल, पंडित जी सबका व्यवस्था ,संस्कृति कार्यक्रम सहित मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चुनाव हेतु विचार विमर्श किया गया.पूजा की रूपरेखा और व्यवस्था बैठक में पूजा की तैयारियों, आयोजन की व्यवस्था तथा समिति के सदस्यों की जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की गई. समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दुगार्पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पूजा आयोजन कराया जाएगा. आगे बैठक में सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा. पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया गया. वही बैठक में शामिल सदस्यों के सहमति से दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष रामकुमार मिश्र, उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार झा, सचिव मंटू कुमार झा, उपसचिव कुलानंद मिश्र,कोषाध्यक्ष डॉ सुशील चौधरी ,,उपकोषाध्यक्ष के रूप में मिहिर झा निखिल को मनोनीत किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के सफल व सुचारु आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

- अभियान के प्रमुख प्रथम घटक के रूप में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के भव्य एवं आकर्षक तैयारी की रूपरेखा हुई तैयार
- विभागवार जिला स्तरीय अधिकारियों को दिया टास्क, अपने-अपने विभाग के अधीनस्थ सक्रिय अधिकारियों को संबद्ध करने तथा संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया सख्त निर्देश

मधुबनी। माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों की सेवा एवं समर्पण तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर आधारित "सेवा संकल्प अभियान" के सफल, सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पदाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार किया जाना है।

बैठक में अभियान के विभिन्न घटकों, विभागवार दायित्व, कार्यक्रमों की तैयारियों, जनभागीदारी, योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच, प्रचार-प्रसार, मीडिया एवं सोशल मीडिया कवरेज तथा अनुश्रवण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सरकारी मार्गदर्शिका के अनुरूप समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी तरीके से अभियान के प्रत्येक घटक का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अभियान के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने, आमजन को योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा सरकारी सेवाओं के प्रति लोगों के विश्वास और सहभागिता को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की । उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

बैठक में अभियान के प्रथम महत्वपूर्ण घटक के रूप में 17 सितंबर की संध्या आयोजित होने वाले ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ आकर्षक, भव्य एवं प्रभावशाली तरीके से आयोजित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभाग के माध्यम से जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जलाए जाने वाले दीपों की संख्या का आकलन करते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए विभागीय पदाधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मठ, सक्रिय एवं तत्पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपें तथा उनके साथ बैठक कर माइक्रो प्लान तैयार करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान में कार्यक्रम स्थल, दीपों की व्यवस्था, दीप वितरण, मानव संसाधन, समन्वय, स्वच्छता, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए। संबंधित विभाग अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्व से ही आवश्यक तैयारी पूरी कर लें, ताकि कार्यक्रम के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि अभियान के आयोजन में किसी भी स्तर पर कोताही, शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर तैयारियों को अंतिम रूप दें। आईसीडीएस, जीविका, नगर निकाय, कृषि, सहकारिता, आपूर्ति, पंचायत आदि कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिला पदाधिकारी ने ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जीविका, नगर निकाय, पीडीएस डीलरों तथा अन्य कर्मियों को सक्रिय रूप से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धरातल स्तर पर कार्य करने वाले सक्रिय कर्मियों के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए तथा अधिक से अधिक परिवारों एवं समुदायों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की जानकारी समय पर लोगों तक पहुंचे और दीप वितरण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की जाए।

रंगोली से सजेगा आयोजन स्थल, ड्रोन से होगा व्यापक कवरेज

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर आकर्षक रंगोली बनाई जाए। आयोजन स्थलों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को भी बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम की भव्यता एवं व्यापक जनभागीदारी को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण फोटो एवं वीडियो कवरेज कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दृश्यात्मक कवरेज को इस प्रकार तैयार किया जाए कि जिले में अभियान के व्यापक स्वरूप एवं जनभागीदारी को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जा सके।

विभागवार माइक्रो प्लान एवं दायित्व निर्धारण

बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने तथा प्रत्येक गतिविधि के लिए स्पष्ट दायित्व निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रमों को धरातल पर उतारें। जिला स्तर पर दिए गए टास्क की प्रगति की समीक्षा स्वयं जिला पदाधिकारी द्वारा पुनः की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने अभियान के प्रचार-प्रसार को विशेष प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिया कि अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम की गुणवत्तापूर्ण फोटो, वीडियो, रील, शॉर्ट वीडियो एवं सकारात्मक कहानियां तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान की गतिविधियों, जनभागीदारी तथा सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने लाभार्थियों के अनुभव, आमजन की सहभागिता, योजनाओं से मिले लाभ तथा जनहित में किए जा रहे कार्यों को सकारात्मक कहानियों के रूप में सामने लाया जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी की जाने वाली सामग्री तथ्यपरक, गुणवत्तापूर्ण, आकर्षक एवं जनोपयोगी होनी चाहिए। फोटो एवं वीडियो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा प्रत्येक गतिविधि की व्यवस्थित रिकॉर्डिंग एवं अभिलेखीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर सचिव से मिले विधायक माधव आनंद

- सरिसब-पाही एपीएचसी को पीएचसी एवं भगवतीपुर-गंधवार स्वास्थ्य केंद्रों को सीएचसी में अपग्रेड करने की मांग

मधुबनी। मधुबनी विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विधायक माधव आनंद ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं एवं स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सचिव ने विधायक द्वारा उठाए गए मामलों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बैठक में प्रमुख रूप से पंडौल प्रखंड के सरिसब-पाही स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का दर्जा देने, पंडौल प्रखंड के भगवतीपुर तथा रहिका प्रखंड के गंधवार स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में विकसित करने का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा पंडौल अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार तथा सदर अस्पताल, मधुबनी में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट को क्रियाशील कराने पर भी चर्चा हुई। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की कमी, बाउंड्री वॉल, अतिक्रमण सहित अन्य स्थानीय समस्याओं से भी स्वास्थ्य विभाग के सचिव को अवगत कराया। इससे पूर्व 11 सितंबर को बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन में शून्यकाल समिति के सभापति के रूप में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों की समीक्षा की गई थी। इसी क्रम में विधायक ने मधुबनी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े स्वास्थ्य मामलों को विभागीय सचिव के समक्ष रखा। विधायक माधव आनंद ने कहा कि मधुबनी विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। सदन के अंदर शून्यकाल के माध्यम से समस्याओं को उठाने के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों से लगातार समन्वय कर समाधान का प्रयास किया जा रहा है। जनता ने उन्हें समस्याओं पर राजनीति करने के लिए नहीं, बल्कि उनके समाधान के लिए प्रतिनिधि चुना है। क्षेत्र की समस्याओं का निदान और विकास कार्यों को गति देना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मधुबनी की जनता ने जो विश्वास और जनादेश दिया है, उसका जवाब आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि काम और परिणाम से देने का प्रयास किया जाएगा। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना उनका प्राथमिक दायित्व है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि जनता से जुड़े प्रत्येक स्वास्थ्य मामले को लेकर वे सदन के अंदर और बाहर पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ प्रयास जारी रखेंगे।

हिन्दुस्तान की आत्मा है हिन्दी : उपविकास आयुक्त

मधुबनी। हिन्दी विकास परिषद एवं जिला राज?भाषा कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में डी. आर.डी.ए. सभागार में हिन्दी दिवस समारोह-2026 भव्य रूप से मनाया गया
कार्यक्रम का उद्?घाटन दीप प्रजव?लित कर उपविकास आयुक्त तुषार कुमार ने किया और कहा कि हिन्दुस्तान की आत्मा है हिन्दी। उन्होने अधिकारियों और कर्मियों से आह?वान किया कि शासन प्रशासन के कार्यो में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पं. राजेश ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति परम्परा और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी है, उन्होने कहा कि 1985 से ही हिन्दी विकास परिषद जिला प्रशासन के सहयोग से हिन्दी-दिवस भव्य रूप से जिले में मनाई जाती है। समारोह मे वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो.जे.पी-सिंह ने कहा कि हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस अवसर पर अन्य वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दो साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इसमे इस बर्ष हिन्दी दिवस समारोह के अध्यक्ष पं. राजेश रंजन पाण्डेय एवं सुश्री अनुपम झा को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र देकर "पं. विपिन पाण्डेय हिन्दी सेवा सम्मान" से सम्मानित किया। कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक साहित्य सेवियों, कवियो ने हिन्दी पर अपने विचार एवं काव्य पाठ प्रस्तुत किए उनमें प्रमुख थे-प्रो० नरेन्द्र नारायण सिंह निराला प्रो0 शुभ कुमार वर्णवाल, विजय शंकर पासवान, प्रो0 सोनमवाला अनुपम झा, सुभाष सिनेही, विभा झा, अरविंद प्रसाद, माशुक अंजुम विनय विश्वबंधु, दयानंद झा, आनंद मोहन झा, राणा ब्रजेश, अजय कुमार सिंह, रतीश चंद्र चौधरी, राजेंद्र पासवान, प्रो0 राम दयाल यादव, गोपाल झा, श्वेता कुमारी, विनय विक्रांत, वेदानंद साह, सत्यम पराशर प्रो0 प्रीतम कुमार निषाद.कार्यक्रम का संचालन साहित्य श्री प्रीतम कुमार निषाद ने किया।धन्यवाद ज्ञापन मेराज अहमद ने किया।

हिन्दी भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता : आयुक्त

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय के तत्वाधान में सोमवार को हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। नगर भवन-सह-पुस्तकालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकगण, प्राध्यापक, अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु पदाधिकारियों, कर्मियों एवं उपस्थित अन्य लोगों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई।

हिन्दी के प्रोत्साहन, संवर्द्धन एवं संरक्षण पर आधारित मौलिक विषयों पर कहानी एवं कविता का आयोजन किया गया। ह्यह्यहिन्दी भाषा राष्ट्र को जोड़ती हैह्यह्य विषय पर परिचर्चा एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ह्यमेरे जीवन की सर्वोतम घटनाह्ल विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप निदेशक, राजभाषा, प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल-सह-आयुक्त के सचिव संदीप शेखर प्रियदर्शी ने सभा की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार, संवर्द्धन एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी महती भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त के निदेश पर आयुक्त कार्यालय द्वारा हिन्दी भाषा के वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सभी कार्यालयों में सरकारी कामकाज हिन्दी में किया जा रहा है। हिन्दी के

हिंदी दिवस समारोह का उद्घाटन करते प्रशासन के अधिकारी गण।

व्यापक स्वरूप की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हिन्दी को देश के सभी सूबे के लोग समझते हैं और हिन्दी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त कर चुकी है। हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने संदेश में प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है। इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए हम सबको प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 14 सितम्बर,

हिंदी दिवस पर आयुक्त के निर्देशन में नगर भवन पुस्तकालय में आयोजित हुआ समारोह

1949 को संविधान सभा द्वारा हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकारा गया। उन्होंने संविधान मे हिन्दी भाषा के संदेर्भ मे किए गए उल्लेख की जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी के विकास के लिए प्रयास करना हम सबका संवैधानिक दायित्व है। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि राजभाषा हिन्दी सम्पूर्ण भारतवर्ष में बोली जाती है या समझी जाती है। हमारा राज्य बिहार हिन्दीभाषी राज्य है एवं यहाँ वर्ष 1950 से ही राजभाषा अधिनियम लागू है। हमारे सरकारी कार्यालयों में हिन्दी भाषा का ही प्रयोग किया जाता है। आयुक्त कार्यालय में भी सारा काम हिन्दी भाषा में ही किया जाता है।

हम सभी लोगों को अपनी भाषा, संस्कृति एवं रीति-रिवाज का गर्व के साथ उपयोग करना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि वैश्वीकरण एवं डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी काफी प्रचलित एवं लोकप्रिय है। आधुनिक तकनीकों का प्रयोग हिन्दी के प्रसार एवं विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विकास के वर्तमान युग में भाषा को रोजगार के अवसर से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है। हमें सभी भाषा को साथ लेकर आगे बढ़ना है।

इस अवसर पर आयोजित सेमिनार एवं व्याख्यान में अधिकारियों तथा कर्मियों द्वारा *राजभाषा हिन्दी की महत्ता एवं उसकी भूमिका* विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने हिन्दी दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने और सभी काम-काज हिन्दी में करने का अनुरोध किया।पदाधिकारियों ने अपनी भाषा हिन्दी में कामकाज करने में गौरव महसूस करने का अनुरोध किया। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है। इसके विकास के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं। समारोह में सभी विधाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

संक्षिप्त खबरें

अनुमंडल कार्यालय पूर्वी में दिलाई गई हिंदी के प्रति निष्ठा की शपथ

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को अनुमंडल कार्यालय मुजफ्फरपुर पूर्वी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हिंदी भाषा के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ लेते एसडीओ पूर्वी कार्यालय के पदाधिकारी

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी की मौजूदगी में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने हिंदी के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और सरकारी कार्यों में हिंदी को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और इसके व्यापक उपयोग का संदेश दिया गया।

हिंदी दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मियों ने ली हिंदी के प्रति निष्ठा की शपथ

मुजफ्फरपुर (एनएसबी) । हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने अधिकारियों एवं कर्मियों को हिंदी के प्रति निष्ठा और इसके अधिकाधिक प्रयोग की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारियों और कर्मियों ने राजभाषा हिंदी के सम्मान, संरक्षण एवं

हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी।

संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा होने के साथ-साथ देश की एकता, विविधता और सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण भाषा है। सरकारी कार्यालयों में हिंदी का सरल, सहज और प्रभावी प्रयोग होने से आम नागरिकों के साथ संवाद को और अधिक सुगम बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, राजभाषा की गरिमा बनाए रखने तथा आम लोगों के साथ सरल और सहज भाषा में संवाद स्थापित करने का संकल्प लिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में भाषा की सरलता और स्पष्टता का विशेष महत्व है। आमजन तक सरकारी योजनाओं, सेवाओं एवं प्रशासनिक निर्णयों की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए सरल हिंदी का प्रयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में समाहरणालय के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

आइसा की 11 सदस्यीय जिला संयोजन समिति का गठन, नीरज कुमार बने संयोजक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। छात्र संगठन आइसा की बैठक में शैक्षणिक सुधार, बेहतर शिक्षा व छात्र-युवाओं के अधिकार के लिए बडे. पैमाने पर छात्र आंदोलन और तेज करने पर जोर दिया गया। नगर के हरिसभा स्थित आइसा सह भाकपा माले कार्यालय में हुई इस बैठक में आइसा बिहार के राज्य सचिव कॉ दीपांकर मिश्रा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय जिला संयोजन समिति का गठन किया गया। जिसके संयोजक नीरज कुमार, सह-संयोजक सौरभ कुमार और लोकेश सुजीत कुमार चुने गए। अंकित कुमार, आशुतोष कुमार, उमेश कुमार, सुनील, राजू, संजीत कुमार, जिशान सहित विभिन्न कॉलेज के छात्र शामिल थे। बैठक में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता, भ्रष्टाचार और छात्रों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आइसा राज्य सचिव दीपांकर मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण और कॉरपोरेट हस्तक्षेप बढ़ने के कारण महंगी होती जा रही शिक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की। देश में जारी जेन -जी और जेन- अल्फा आंदोलन को सभी कॉलेज और स्कूल तक ले जाने के लिए कॉलेज और स्कूल का दौरा करने और शैक्षणिक सुविधाओं की जांच-पड़ताल का भी निर्णय लिया गया। साथ हीं जिला संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ने तथा विश्वविद्यालय और कॉलेजों में छात्रों के सवालों को लेकर नियमित आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं 28 सितंबर शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर ' शहीद ए आजम भगत सिंह के सपनों का भारत' विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में माले जिला सचिव जितेन्द्र यादव, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष भी शामिल थे।

गायघाट सामाजिक मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने सुखदेव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गायघाट सामाजिक मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भूसुरा स्थित प्रधान कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की

अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से भुसरा निवासी सुखदेव प्रसाद सिंह को मंच का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्यालय प्रभारी रंजन कुमार ने कार्यकारी अध्यक्ष के पद के लिए सुखदेव प्रसाद सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। मंच के महासचिव रामनरेश प्रसाद सिंह ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। बैठक में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर पर भी गंभीर चर्चा हुई। सदस्यों ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था और जर्जर स्कूल भवनों की स्थिति पर चिंता जताई। बैठक में तय किया गया कि 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर मांग पत्र सौंपा जाएगा। बैठक में सुबोध कुमार सिंह, सुखदेव प्रसाद सिंह, रंजन कुमार, संजीव कुमार संजू, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, रामनरेश प्रसाद सिंह, जयदेव प्रसाद सिंह, अभिनाश उर्फ राजा, हीरा कुमार, उपेंद्र कुंवर, लक्षण सिंह समेत अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

निर्माणाधीन मकान में शटरिंग खोलने के दौरान घटना, दोनों को बचाने गए तीसरा मजदूर हुआ बेहोश

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर मोहल्ले में सोमवार की सुबह एक निमार्णाधीन मकान के सेप्टिक टैंक का सेंट्रिंग खोलने टैंक में उतरे दो मजदूरों की शौचालय के निमार्णाधीन टंकी मे जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई, वहीं टंकी के भीतर फंसे दोनों मजदूरों को बचाने के लिए टंकी में उतरे एक अन्य मजदूर भी अचेत हो गया। घटना एसएसपी आवास के आसपास की बताई गई है।

इस घटना को लेकर मोहल्ले में अफरा तफरी की स्थिति बन गई। मोहल्ले के लोगों ने सामूहिक प्रयास से बड़ी मशक्कत के बाद शौचालय की टंकी में फंसे तीनो मजदूरों को बाहर निकाला, इस दौरान दो मजदूरों की टंकी में हीं मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरे मजदूर को अचेतावस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना

सिकंदरपुर मोहल्ले मे हुई घटना के बाद मृतक मजदूरों के घर में कोहराम

के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सिकंदरपुर मोहल्ला निवासी मुन्ना गुप्ता के नवनिर्मित मकान में करीब 15 दिन पहले सेप्टिक टैंक की ढलाई हुई थी। सोमवार की सुबह टंकी के अंदर लगी सेंट्रिंग खोलने के लिए मीनापुर थाना क्षेत्र के अली नेउरा ग्राम निवासी मजदूर सोनू कुमार टंकी में उतरा. टंकी लंबे समय से बंद होने के कारण उसके अंदर जहरीली गैस जमा हो गई थी, जिसके कारण टंकी में उतरते हीं सोनू कुमार का दम घुटने लगा और तबियत बिगड गई। इसके बाद वह गहरे टंकी के नीचे गिरकर अचेत हो गया।

स्थानीय प्रत्यक्षद्रशियों के अनुसार उसे बचाने के लिए ठेकेदार मोहम्मद जहांगीर टंकी में घुसे, लेकिन वह भी

घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन और लगी लोगों की भीड़।

जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश होकर टैंक के अंदर गिर गए। दोनों के टंकी में घुसते हीं बेहोश होकर नीचे गिरा देख तीसरे मजदूर बोचहाँ थाना क्षेत्र के शरफुद्दीनपुर निवासी दिनेश कुमार ने दोनों बेहोश ठीकेदार और मजदूर साथी को टंकी से बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन जहरीली गैस के प्रभाव में आकर उसकी भी तबियत बिगड गई और वह भी बेहोशी की स्थिति में पहुंच गया। ठेकेदार और दोनों मजदूरों की स्थिति देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं आनन फानन में स्थानीय लोगों ने अन्य मजदूरों की मदद से तीनो मजदूरों को शौचालय की टंकी से बाहर निकाला। इस बीच पहले टंकी में फंसे मजदूर सोनू कुमार और ठेकेदार मो जहांगीर की मौत हो चुकी थी। दोनों मृतक आपस में साला बहनोई बताए जा रहे हैं।

उधर दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिकंदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी लेने के बाद दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना की पुष्टि करते हुए सिकंदरपुर थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने कहा कि प्रथम द्दृया बंद सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से दोनों मजदूरों की मौत की आशंका है। उन्होंने कहा कि पुलिस निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की भी जांच कर रही है।

एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैंनेजमेंट में नए रोट्रैक्ट क्लब का हुआ गठन

नए रोट्रैक्ट क्लब के गठन के दौरान चार्टर इंस्टॉलेशन समारोह मे अतिथि का स्वागत करते कॉलेज के लोग।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्थानीय माड़ीपुर स्थित एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में रोट्रैक्ट क्लब ऑफ एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के चार्टर इंस्टॉलेशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। युवाओं को नेतृत्व, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल रही। इस नए रोट्रैक्ट क्लब के गठन एवं प्रायोजन में रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। क्लब द्वारा इस नए रोट्रैक्ट क्लब को प्रस्तावित एवं प्रायोजित किया गया है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रोटेरियन रूपा सिन्हा एवं सचिव रोटेरियन निशर्ग शंकर के नेतृत्व में क्लब की ओर से नवगठित रोट्रैक्ट क्लब का स्वागत किया गया। रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें समाज में सकारात्मक एवं स्थायी बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष कुमार, निदेशक, एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट रहे। उन्होंने नवगठित क्लब के युवा सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता को सामाजिक सेवा से जोड़ना समाज के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह के दौरान सुमित कुमार को चार्टर प्रेसिडेंट तथा नंदिनी सिंह को चार्टर सेक्रेटरी के रूप में पदभार प्रदान किया गया। साथ ही चार्टर टीम एवं चार्टर सदस्यों का स्वागत किया गया। वही क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति मे

नवगठित रोट्रैक्ट क्लब के युवा सदस्यों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही यह उम्मीद जताया गया कि नवगठित रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य आने वाले समय में शिक्षा स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास एवं अन्य सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। साथ ही बताया गया कि रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा प्रायोजित यह नया रोट्रैक्ट क्लब रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 के मार्गदर्शन में कार्य करेगा।

क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन रूपा सिन्हा ने नवगठित क्लब की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल रोटरी और युवा शक्ति के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रो.रूपा सिंहा, रो. सुधीर कुमार सिंहा, रो. वैभव ठाकुर, रो बी एल लाहौड़ी, रो, अजीत गौड़, रो रंजन श्रीवास्तव, रो. यदुनन्दन पंडित सहित रोटरी एवं रोट्रैक्ट क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

गणेश पूजा की तैयारियों का जायजा लेने पहुँचे विधायक की पहल पर पूजा के लिए लंबित पड़े लाईसेंस निर्गत

गणेश पूजा की तैयारी का जायजा लेते विधायक अजीत कुमार।

काँटी (एनएसबी)। कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने सोमवार को कांटी नगर परिषद क्षेत्र के हाईस्कूल चौक पर नवीन नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति के द्वारा आयोजित होने वाली गणेश पूजा की तैयारियों का जायजा लिया और सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने विधायक को गणेश पूजा के लिए एक सप्ताह बीत जाने पर भी लाइसेंस निर्गत नहीं किए जाने कि जानकारी दी। यह जानकारी मिलते हीं विधायक अजीत कुमार ने इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नाराजगी व्यक्त किया, साथ हीं एसडीपीओ पश्चमी वन सुचित्रा कुमारी से दूरभाष पर बात कर लाइसेंस निर्गत करने को कहा। जिसके उपरांत लंबित लाइसेंस निर्गत हुआ। लाइसेंस मिलने के बाद पूजा समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। वही, पूजा समिति के सदस्यों के आग्रह उपरांत विधायक अजीत कुमार ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर अस्थाई रूप से पूजा समिति को बिजली कनेक्शन देकर सुचारू रूप से बिजली मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सह पार्षद प्रतिनिधि शंकर प्रसाद, नगर पार्षद इनरदेव उर्फ पप्पू राम, रजनीश सिंह उर्फ फौजी, दीपक कुमार उर्फ टुन्ना, रामनाथ गुप्ता, संजय साह, भरत गुप्ता, मुन्ना पंडित, बिगन साह, विजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, शत्रुघन भगत, शिवजी, मनीष साह आदि उपस्थित थे।

व्यंग्यकार डा सुधांशु कुमार को 'हिंदी भाषा भूषण' सम्मान तथा उनकी व्यंग्य पुस्तक 'इसकी नाक–उसकी नाक' का लोकार्पण

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। हिंदी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार में 1937 ई. से अनवरत कार्यरत साहित्य मंडल, श्रीनाथपुरा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान द्वारा हिंदी दिवस पर आयोजित समारोह मे मुजफ्फरपुर जिले के निवासी व्यंग्यकार डा सुधांशु कुमार को शाल, अंगवस्त्र, मोतीमाला, मेवाड़ी पगड़ी, दो कलम, प्रशस्ति पत्र, श्रीनाथ स्वामी की तस्वीर, उनका प्रसाद, श्रीफल एवं इक्कीस सौ रुपए भेंटकर 'हिंदी भाषा भूषण' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा में अनवरत व्यंग्य लेखन के लिए प्रदान किया गया है।

साथ हीं इस मौके पर डा सुधांशु कुमार की तीसरा व्यंग्य संग्रह एवं पांचवीं पुस्तक 'इसकी नाक उसकी नाक' का लोकार्पण भी किया गया। लोकार्पण संबोधन के क्रम में साहित्य मंडल के अध्यक्ष श्याम प्रकाश देवपुरा ने कहा कि डा सुधांशु कुमार का व्यंग्य सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक एवं व्यावहारिक जीवन में जड़े जमा चुकी विद्रूपताओं को कलात्मकता के साथ अनावृत करता है। जैसे जैसे व्यक्ति अपनी जड़ो से, साहित्य से कट रहा है, वैसे-वैसे वह व्यक्तिनिष्ठ, असंवेदनशील होने के

डॉ सुधांशु को हिंदी भाषा भूषण सम्मान प्रदान करते साहित्य मंडल श्रीनाथपुरा राजस्थान के अध्यक्ष एवं अन्य अतिथिगण।

समारोह में डॉ सुधांशु द्वारा रचित व्यंग्य पुस्तक का लोकार्पण करते समारोह के अतिथिगण।

साथ मानसिक मनोग्रंथि के संजाल में जकड़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में व्यंग्य एक ऐसी विधा है, जो उसकी परतों को खोलती है।

यहां यह ज्ञात हो कि इस कृति में सत्ताइस रचनाएं संकलित हैं। एपीएस विश्वविद्यालय रीवा, मध्यप्रदेश के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध साहित्यकार डा. लक्ष्मीकांत चंदेला ने कहा कि डा सुधांशु कुमार का व्यंग्य परसाई की याद ताजा कर देता है। इसकी मारक क्षमता इन्हें परसाई का उत्तराधिकारी घोषित करती है। जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष व प्रख्यात साहित्यकार एवं समालोचक डा शशिकांत मिश्र ने अपने संबोधन में व्यंग्य विधा को आज सबसे अधिक प्रासंगिक बताते हुए कहा कि डा सुधांशु कुमार एक सधे हुए व्यंग्यकार की क्षमता के साथ राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विद्रूपताओं को अनावृत करते हैं। जयपुर के मशहूर शायर एवं कहानीकार नरेन्द्र लाटा ने कहा कि डा सुधांशु कुमार की व्यंग्य कृति 'इसकी नाक उसकी नाक ' अपने समय से मुठभेड़ करती हुई हमें हमारे युगबोध से साक्षात्कार कराती हुई सचेत करती है। लातूर, महाराष्ट्र से आए प्रसिद्ध कथाकर भारत सतपुड़ा ने जहां इस कृति को अपने समय का सच्चा दस्तावेज बताया। वहीं जबलपुर मध्यप्रदेश के लेखक संपादक विजय किसलय ने कहा कि डा सुधांशु कुमार ने अपने सत्ताइस व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से जीवन के हर पहलू को अत्यंत ही कलात्मकता के साथ चुटीले अंदाज में प्रस्तुत किया है।

वही लोकार्पण समारोह में श्रीनाथपुरा साहित्य मंडल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए डा सुधांशु कुमार ने कहा कि मैं कविताओं में चित्तौड़गढ़, हल्दीघाटी एवं महाराणा प्रताप के पराक्रम को पढ़ा करता था। आज चित्तौड़गढ़ में कविता पढ़ने के साथ पांचवीं पुस्तक लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ, यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। यह धरा हमारे देश के पराक्रम, ओज, भक्ति एवं सांस्कृतिक राजधानी है। यहां श्रीनाथ जी की कृपा है, हल्दीघाटी का गौरवशाली इतिहास है, मीराबाई की भक्ति है, अपनी अस्मिता को आततायियों से रक्षार्थ वीरांगनाओं का जौहर है। यह देश और हमारा साहित्य हमेशा इसका ऋणी रहेगा।

प्रमंडल आयुक्त व डीआईजी ने केथरिया गांव पहुंचकर बैद्यनाथ महतो के शोकाकुल परिवार को दिया आश्वासन

हत्याकांड में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला परिषद सदस्य के पति बैद्यनाथ महतो की हत्या की घटना के बाद सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह एवं डीआईजी सत्यनारायण कुमार ने केथरिया गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन भी मौजूद रहे।

प्रमंडलीय आयुक्त ने मृतक की पत्नी, परिवार के अन्य सदस्यों एवं बच्चों से मुलाकात कर घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रमंडलीय आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि बैद्यनाथ महतो की हत्या की घटना अत्यंत दुखद एवं गंभीर है। प्रशासन इस पूरे मामले को पूरी गंभीरता से ले रहा है। घटना में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की निष्पक्ष एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा जांच में जिनकी भी संलिप्तता सामने आएगी, उनके विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर दोषियों को संरक्षण नहीं मिलेगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि घटना के संदर्भ में तत्कालीन थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता (आईओ) की भूमिका की भी जांच कराई जाए। जांच में यदि किसी पदाधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति की लापरवाही, कर्तव्य में शिथिलता अथवा घटना से किसी प्रकार की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना पर संवेदना व्यक्त करते प्रमंडलीय आयुक्त, साथ में डीआईजी, डीएम व अन्य।

केथरिया गांव में निरीक्षण करते प्रमंडलीय आयुक्त के साथ डीआईजी, डीएम, एसपी व अन्य।

परिवार की सुरक्षा के संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मृतक की पत्नी, जो जिला परिषद सदस्य हैं, को बॉडीगार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि अगले आदेश तक केथरिया गांव में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती बनाए रखी जाए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे और ग्रामीणों में विश्वास का वातावरण कायम रहे।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से नियमानुसार उपलब्ध सभी सहायता एवं सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिला प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि क्षेत्र में शराब के अवैध आवागमन एवं उससे जुड़े तत्वों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की जाए तथा इसमें संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों से

मृतक की पत्नी, जो जिला परिषद सदस्य हैं, को तत्काल प्रभाव से दिये गए बॉडीगार्ड

अगले आदेश तक केथरिया गांव में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रखने का भी निर्देश

अर्जित संपत्ति के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आवश्यक होने पर संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रमंडलीय आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सीमा क्षेत्र के सभी थानों में थानाध्यक्षों के कार्यकलापों की गहन समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्तव्य में लापरवाही अथवा शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर महतो, पूर्व विधान परिषद सदस्य सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

कालाजार उन्मूलन के लिए आईआरएस के द्वितीय चक्र का शुभारंभ, 6126 घरों में होगा कीटनाशक का छिड़काव

सीतामढ़ी (एनएसबी)। कालाजार उन्मूलन अभियान को सतत बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय, सीतामढ़ी के प्रांगण में इंडोर रेसिडुअल स्प्रे (आईआरएस) के द्वितीय चक्र का शुभारंभ किया गया। सिविल सर्जन डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का उद्घाटन किया। इस दौरान एसएफडब्ल्यू पंजी का अनावरण भी किया गया।

द्वितीय चक्र का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव।

सिविल सर्जन ने कहा कि कालाजार के उन्मूलन की दिशा में जिले ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। आईआरएस के तहत घरों की अंदरूनी दीवारों पर कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है, जिससे कालाजार के वाहक बालू मक्खी के नियंत्रण में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य अब काफी करीब है और अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ आम लोगों की सहभागिता भी जरूरी है। द्वितीय चक्र के तहत जिले के तीन प्रखंडों के तीन गांवों में 6126 घरों की 30,627 आबादी को लक्षित किया गया है। इसके लिए तीन छिड़काव दल गठित किए गए हैं। अभियान के दौरान छिड़काव के साथ ग्रामीणों को कालाजार से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। मौके पर वीडीसीओ प्रिंस कुमार, पवन कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड रोहित कुमार सहित शशि आनंद, दीपक, वीबीडीएस राकेश, नवीन, बीएचआई राजू रमन, एफएलए रजनीश, डीईओ कमलेश समेत स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जिले को कालाजार मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद कालाजार उन्मूलन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

संक्षिप्त खबरें

बैद्यनाथ हत्याकांड पर राजद का सरकार पर हमला, पांच करोड़ मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा तथा निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव व नगर परिषद सीतामढ़ी के पूर्व सभापति मो. जलालुद्दीन खां ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर जिला पार्षद प्रतिनिधि पति बैद्यनाथ कुशवाहा की हत्या को लेकर सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि यह हत्या अचानक हुई घटना नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन की कथित लापरवाही और अपराधियों को संरक्षण दिए जाने का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को डुमरा थाना कांड संख्या 432/26 के तहत बैद्यनाथ कुशवाहा पर गोलीबारी हुई थी। इसके बावजूद उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई और मामले में आरोपितों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। नेताओं ने सवाल उठाया कि जब पुलिस के संज्ञान में था कि शराब माफिया बैद्यनाथ कुशवाहा को निशाना बनाना चाहते हैं, तो उनकी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए? राजद नेताओं ने घटना की जांच में थाना प्रभारी और अनुसंधानकर्ता की भूमिका की भी जांच तथा दोषी पाए जाने पर गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अब तक हुई कार्रवाई सार्वजनिक करने को कहा। उन्होंने सरकार से मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी, पांच करोड़ रुपये मुआवजा और बैद्यनाथ कुशवाहा को शहीद का दर्जा देने की मांग की। साथ ही घोषणा की कि उनकी शहादत को प्रत्येक वर्ष शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा तथा प्रथम पुण्यतिथि पर गांव में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नेताओं ने चेतावनी दी कि शीघ्र न्याय की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा व निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव मो. जलालुद्दीन खां।

कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर में डॉ. राजीव कुमार काजू को राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रमाण पत्र

सीतामढ़ी (एनएसबी)। कर्णाटक में कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर में बिहार से सीतामढ़ी के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता डॉ. राजीव कुमार काजू ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत उन्हें कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से चयनित प्रतिभागियों ने संगठन, अनुशासन, नेतृत्व विकास, राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकार एवं कांग्रेस सेवा दल की विचारधारा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। राष्ट्रीय प्रशिक्षक का प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद डॉ. काजू ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गौरव के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक का प्रमाणपत्र प्राप्त करते कांग्रेस नेता डॉ. राजीव कुमार काजू।

उनके राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में चयन एवं प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर सीतामढ़ी जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना, कांग्रेस जिला प्रभारी डॉ गौरव वर्मा, सेवा दल प्रदेश मुख्य संगठक प्रो डॉ संजय कुमार, बिहार प्रभारी अफरोज खान, प्रदेश संगठक अहमद रजा प्रदेश महिला मुख्य संगठक रूचि कुमारी, वरीय कॉंग्रेस नेता केशर सिंह, युवा काँग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार गरीब दास पूर्व अध्यक्ष गुंजन पटेल, नगर अध्यक्ष बिट्टू यादव, प्रदेश प्रतिनिधि रितेश रमन सिंह, अफाक खान, रकटु प्रसाद, संजय विरख, सम्श शाहनवाज, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, युवा काँग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रोहन गुप्ता, एनएसयूआई अध्यक्ष सक्षम, इंटक अध्यक्ष दिलीप पांडे, बुद्धिजीवी सेल अध्यक्ष सम्पूर्णनंद झा सहित सामाजिक कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नुसरत जहां को मिला बिहार केसरी सम्मान-2026

सीतामढ़ी/शिवहर (एनएसबी)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालय कमरौली, शिवहर की प्रधानाध्यापिका सुश्री नुसरत जहां को बिहार केसरी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने, सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सरगम कला एवं समाज कल्याण मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया था। समारोह में अनुपस्थित रहने के कारण नुसरत जहां को बाद में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने सम्मान प्रदान किया।

66 आरओ सेटों पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा के तीखे सवाल, जांच की मांग

मीडिया को सम्बोधित करते जदयू के प्रदेश प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा व अन्य।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सरकारी विद्यालयों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत लगाए गए 66 आरओ सेटों को लेकर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने गंभीर सवाल उठाते हुए मामले की स्वतंत्र वित्तीय एवं तकनीकी जांच की मांग की है। उन्होंने आरओ की खरीद, गुणवत्ता और खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की।

अभिषेक झा ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार 66 सरकारी विद्यालयों में 25 लीटर आरओ कमर्शियल प्यूरीफायर विद चीलर लगाने के लिए करीब 50 लाख रुपये की राशि की अनुशंसा की गई है। इस हिसाब से प्रति आरओ औसतन करीब 75,758 रुपये बैठते हैं। उन्होंने कहा कि आरओ की तस्वीरों में दिखाई दे रही गुणवत्ता एवं संरचना को देखते हुए इसकी लागत पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय बाजार में समान उपकरण की कीमत कम होने की बात सामने आने पर उन्होंने वास्तविक खरीद मूल्य की आधिकारिक दस्तावेजों से पुष्टि कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी शिक्षक नेता के रूप में पूर्व में सरकारी विद्यालयों में बेंच-डेस्क, सबमर्सिबल आदि योजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार से सवाल उठाते और जांच की मांग करते रहे हैं। झा ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करता रहा है, उसकी अनुशंसा से जुड़ी योजना पर सवाल उठने पर उसी पारदर्शिता की मांग जनता भी कर रही है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना जांच किसी को दोषी नहीं ठहराया जा रहा है। अभिषेक झा ने टेंडर, बीओक्यू, सप्लाई ऑर्डर, बिल, भुगतान विवरण एवं गुणवत्ता प्रमाण-पत्र सार्वजनिक करने तथा सभी आरओ के पानी की स्वतंत्र प्रयोगशाला से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी प्रमाणित होने पर सरकारी राशि की वसूली और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर जदयू महानगर अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार सिन्हा, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड सदस्य प्रो. शब्बीर अहमद, जिला उपाध्यक्ष डॉ. श्याम कल्याण पासवान, जिला महासचिव रंजन निषाद, जिला उपाध्यक्ष सचिन्द्र कुशवाहा, जिला महासचिव सह प्रवक्ता कुंदन शांडिल्य, दिलीप राज साहनी, सुबोध पटेल और चंदन सुमन मौजूद रहे।

बक्सर के मास्टर तैराक बिजेन्द्र राय ने जीत लिये चार राष्ट्रीय स्वर्ण पदक

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। हरियाणा के बहादुरगढ़ में 13 सितम्बर को स्वीमींग फेडरेशन ऑफ इंडिया की 22वीं राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता-2026 सम्पन्न हुई। इसमें पूरे भारत से 2000 से ज्यादा तैराकों ने अपने हौसले का प्रदर्शन किया। बिहार टीम से बक्सर के सेना से सेवानिवृत्त "तैराकी का तूफान " कहे जाने वाले बिजेन्द्र राय ने 65से 69 आयु वर्ग में 50 मी,100 मी,200 मी, 400 मी फ्री स्टायल इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर कुल चार स्वर्ण पदक जीत लिये। वहीं रोहतास की 93 वर्षीय महिला तैराक प्रभावती देवी ने एबॉभ- 80 फ्री स्टाइल एवं बैक स्ट्रोक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक जीत, बुढापा शब्द को अलविदा कह दिया। अपूर्ति सेवा के सेवानिवृत पटना के मुरारी मोहन शर्मा ने 70 से 74 आयु वर्ग के 50 मी फ्री स्टायल व 100 मी फ्री स्टाइल मे रजत पदक एवं 50 मी बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीत धमाल मचा दिया। गया के जितेन्द्र कुमार ने 40से44 वर्ष 200 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक जीत सनसनी फैला दी। पटना की सरिता कुमारी व मुजफ्फरपुर के सत्यनारायण प्रसाद अपने-अपने इवेंट मे चौथा स्थान का रैंक पाया। बिहार टीम का नेतृत्व मुजफ्फरपुर के कुंदन राज ने किया साथ ही आरा के अरुण गोंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बिहार मास्टर्स तैराकी टीम ने कुल "चार स्वर्ण, चार रजत, दो कांस्य" समेत कुल 10 पदक जीते। उल्लेखनीय है कि पदक विजेता तैराक व सराहनीय प्रदर्शन करने वाले तैराक अक्टूबर माह में बैंगलोर में होने वाली "एशियन मास्टर्स स्विमिंग प्रतियोगिता" के लिये भी चयनित किये जायेंगे।

चार स्वर्ण पदक के साथ बिजेन्द्र राय मास्टर तैराक।

जनमानस की भाषा, संपर्क की भाषा और अब कामकाज की भाषा भी हो गई है हिंदी : परिमल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सीतामढ़ी संस्कृति मंच के तत्वावधान में जानकी विद्या निकेतन स्कूल के प्रांगण में हिंदी दिवस समारोह इसके निर्देशक दिनेश चंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी विमल कुमार परिमल ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि संविधान में 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया था। तब से प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। हिंदी जनमानस की भाषा है, संपर्क की भाषा है और अब कामकाज की भाषा भी हो गई है। फिर भी इसको और भी स्वीकारता दिलानी है और पूरे देश के राष्ट्रभाषा के रूप में इसकी मान्यता दिलाने का संकल्प लिया जाना चाहिए।

इस अवसर से मिथिला संस्कृत महाविद्यालय, सशोला सभा के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि भाषा का भविष्य उसके अतीत की महानता से ज्यादा उसका भविष्य इस बात से तय होता है कि उसमें आने वाली पीढ़ियां क्या नया रचती है। एक भाषा तब जीवित रहती है जब उसमें प्रेम के लिए शब्द होते हैं। लेकिन वह तब महान बनती है जब उसमें प्रश्न पूछने के लिए शब्द होते हैं, उसमें करुणा के लिए जगह होती है और उसमें असहमति के लिए भी जगह होती है। उन्होंने आगे कहा की भाषा का विकास किसी समिति के निर्णय से नहीं होता। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुभद्रा ठाकुर ने कहा कि हिंदी रचना की भाषा है, विचार की भाषा है, संचार की भाषा है और बोलचाल की भाषा है। अध्यक्षीय भाषण में दिनेश चंद्र द्विवेदी ने हिंदी के विकास में हिंदी सिनेमा, कंप्यूटर, इंटरनेट और समाचार पत्रों की भी भूमिका दशार्ते हुए हिंदी के राजकीय कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकारता बढ़ाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

हिन्दी दिवस पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीतामढ़ी इकाई का सम्मान समारोह

हर व्यक्ति में साहित्य मौजूद होता है : डीपीआरओ

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में साहित्यिक गतिविधियों का विस्तार को लेकर प्रयासरत देश का प्रमुख साहित्यिक संगठन अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीतामढ़ी इकाई के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य व शिक्षा से जुड़े पुस्तकों के तकरीबन एक दर्जन लेखकों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति में साहित्य मौजूद होता हैं। कोई अपनी बात को रख पाता हैं तो किसी को मौका नहीं मिल पाता हैं। मुंगेर विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ) दशरथ प्रजापति ने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद की पहल साहित्यकारों का सम्मान देना सराहनीय कार्य हैं।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद बिहार की सचिव सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मीनाक्षी मीनल ने कहा कि साहित्य वह जिसमे सबका हित समाहित हो। साहित्यकार वह जो सिर्फ लेखन ही नहीं, श्रवण के माध्यम से भी अपनी सभ्यता और परंपरा को आगे बढ़ाता हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद लोक गायन और लोक साहित्य पर भी बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के सचिव दिलीप कुमार शाही ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण हैं। समारोह में साहित्य के क्षेत्र में सराहनीय योगदान को लेकर वरीय साहित्यकार चौधरी रुद्रनारायण शास्त्री ' किसलय ', शिवशंकर सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, विमल कुमार परिमल, बच्चा प्रसाद विह्वल, आचार्य रामानंद मंडल, आचार्य धीरेंद्र झा 'माणिक्य', राजेन्द्र सहनी, रामचंद्र दास जानकी शरण, बिनोद बिहारी मंडल व शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तक लेखन के लिए प्रो. राजकुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रो. (डॉ) प्रमोद प्रियदर्शी, सेवा निवृत्त शिक्षक रामपुकार सिंह, सनातन धर्म केंद्रीय पुस्तकालय के नवीन कुमार व पुष्पांजलि कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में साहित्य व शिक्षा से जुड़े लेखकों को सम्मानित करते अतिथि व अन्य।

वही कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि गौतम कुमार वात्स्यायन के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में स्वतंत्र शांडिल्य, राहुल चौधरी, अनमोल सावरण, सत्येंद्र मिश्र, आचार्य धीरेंद्र झा 'माणिक्य', राम पुकार सिंह, बच्चा प्रसाद विह्वल, प्रो प्रमोद प्रियदर्शी, रामबाबू सिंह समेत अन्य ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा 'मधुकर' ने अपनी प्रस्तुति के साथ किया। मौके पर पूर्व सैनिक अनिल कुमार, पारस कुमार सिंह, गगनदेव यादव, गौरव कुमार सिंह, प्रो जितेंद्र सिंह, नवीन कुमार, अन्वेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन, सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस समारोह आयोजित

हिंदी हमारी संस्कृति, परंपरा व भावनाओं से जुड़ी भाषा : राहुल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन, सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय परिचर्चा भवन में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अपर समाहर्ता, विभागीय जांच राहुल कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता, विभागीय जांच राहुल कुमार ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। हिंदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं सामाजिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से आमजन और प्रशासन के बीच संवाद और अधिक सहज एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने हिंदी के सम्मान के साथ-साथ इसके समृद्ध साहित्य एवं विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार ने कहा कि हिंदी हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। हिंदी के माध्यम से देश की लोक परंपराओं, साहित्य और सांस्कृतिक मूल्यों को व्यापक स्तर पर अभिव्यक्ति मिली है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी साहित्य के अध्ययन एवं पठन-पाठन की आदत विकसित करने का आह्वान किया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी दिवस विद्यार्थियों में अपनी भाषा के प्रति गौरव और सम्मान की भावना विकसित करने का अवसर है। विद्यालयों में हिंदी भाषा के अध्ययन के साथ-साथ विद्यार्थियों को हिंदी में लेखन, वाचन एवं अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एमपी हाई स्कूल के मोहम्मद अंजुम रेजा, कमला बालिका उच्च विद्यालय के हरीकिशोर, प्रवीण कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा वर्तमान समय में हिंदी की प्रासंगिकता पर प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी देश की व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। समारोह में नगर के विभिन्न माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक एसएन झा ने किया।

सम्पादकीय

निष्पक्ष पत्रकारिता पर उठते सवाल

लोकतंत्र में पत्रकारिता को अक्सर समाज का आईना कहा जाता है। यह वह माध्यम है जो सत्ता और जनता के बीच संवाद की कड़ी बनता है, व्यवस्था की कमियों पर सवाल उठाता है, आम आदमी की समस्याओं को सामने लाता है और उन आवाजों को मंच देता है जो स्वयं अपनी बात प्रभावी ढंग से नहीं कह पातीं। पत्रकारिता की ताकत किसी पद, प्रतिष्ठान या आर्थिक संसाधन में नहीं, बल्कि उसकी विश्वसनीयता में होती है। जब पाठक या दर्शक किसी खबर को पढ़ता अथवा देखता है, तो उसके मन में सबसे पहले यही भरोसा होता है कि उसके सामने तथ्य रखे जा रहे हैं। लेकिन बदलते समय में बिहार में निष्पक्ष पत्रकारिता को लेकर बहस तेज होती दिखाई दे रही है। सवाल यह नहीं है कि पूरा मीडिया पक्षपाती हो गया है ऐसा निष्कर्ष न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। बिहार में आज भी बड़ी संख्या में पत्रकार सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और अनेक दबावों के बीच ईमानदारी से अपना दायित्व निभा रहे हैं। छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले पत्रकार कई बार सुविधाओं के अभाव के बावजूद घटनास्थल तक पहुंचते हैं और जनता की समस्याओं को सामने लाते हैं। यही पत्रकारिता की वास्तविक ताकत है।

फिर भी यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हर खबर को समान दृष्टि से देखा जा रहा है क्या प्रभावशाली व्यक्ति और सामान्य नागरिक के मामले में खबर का पैमाना एक जैसा है क्या प्रशासन, राजनीति, कारोबार और सामाजिक प्रभाव से जुड़े लोगों के संबंध में पत्रकार अपनी स्वतंत्रता कायम रख पा रहे हैं और क्या पत्रकारों को उनकी खबरों के कारण किसी प्रकार का दबाव, असहमति या सामाजिक प्रतिक्रिया झेलनी पड़ रही है। इन सवालों को किसी एक व्यक्ति, संस्था या राजनीतिक दल से जोड़कर देखना उचित नहीं होगा। यह पत्रकारिता के पूरे वातावरण से जुड़ा विषय है।

पत्रकारिता में विचार हो सकते हैं, लेकिन खबर के मूल में तथ्य होने चाहिए। किसी घटना की सूचना मिलने के बाद जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालना पत्रकारिता को कमजोर करता है। आरोप को तथ्य की तरह प्रस्तुत करना, आधी जानकारी के आधार पर धारणा बनाना अथवा किसी एक पक्ष को सुनकर पूरी कहानी लिख देना पाठक के भरोसे के साथ न्याय नहीं करता। एक जिम्मेदार पत्रकार के लिए यह जरूरी है कि वह आरोप और प्रमाण के बीच अंतर समझे। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, परिजनों का आरोप है, जांच में यह सामने आया हैइन सभी वाक्यों का अर्थ अलग-अलग है। पत्रकारिता की भाषा में यह अंतर बनाए रखना ही निष्पक्षता की पहली शर्त है। आज समाचार की दुनिया में गति का महत्व बढ़ गया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफर्म के कारण खबर कुछ ही मिनटों में हजारों लोगों तक पहुंच जाती है। लेकिन खबर की गति जितनी बढ़ी है, उतनी ही सत्यापन की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। किसी वायरल वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट या अपुष्ट सूचना को खबर बना देना आसान है, लेकिन उसके पीछे छिपे तथ्य को जांचना कठिन। पत्रकारिता का असली परीक्षण इसी कठिन काम में होता है। सबसे पहले खबर पहुंचाने की होड़ यदि सत्य की जांच पर भारी पड़ जाए तो पत्रकारिता सूचना तो बन सकती है, लेकिन विश्वसनीय पत्रकारिता नहीं।

लोकतंत्र में पत्रकार का काम सत्ता का विरोध करना नहीं है और न ही सत्ता का समर्थन करना। उसका दायित्व हैसवाल पूछना। सरकार कोई अच्छा काम करे तो उसकी खबर प्रकाशित होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी सरकारी व्यवस्था की कमी सामने आने पर सवाल उठाना। किसी योजना की सफलता को खबर बनाना प्रचार नहीं है, यदि तथ्य उसके पक्ष में हों। उसी तरह किसी व्यवस्था की कमी पर सवाल उठाना विरोधी राजनीति नहीं है, यदि उसके पीछे तथ्य और जनहित हो। यदि सत्ता बदलने के साथ पत्रकारिता की भाषा बदल जाए तो पाठक के मन में स्वाभाविक रूप से सवाल पैदा होंगे। इसलिए पत्रकार को सत्ता से दूरी और समाज से निकटता बनाए रखने की जरूरत है। बिहार के जिला मुख्यालयों, अनुमंडलों और प्रखंडों में पत्रकारिता करना महानगरों की पत्रकारिता से अलग चुनौती है। स्थानीय पत्रकार अपने ही क्षेत्र में रहते हैं। अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कारोबारी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक अक्सर सभी से उनका प्रत्यक्ष परिचय होता है। किसी खबर से किसी परिचित को असहमति हो सकती है, किसी प्रभावशाली व्यक्ति को नाराजगी हो सकती है और किसी समूह को लगे कि उसके पक्ष को पर्याप्त जगह नहीं मिली। लेकिन पत्रकारिता का अर्थ सभी को खुश करना नहीं है। पत्रकारिता का अर्थ है उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जनता के सामने पूरी तस्वीर रखने का प्रयास। साथ ही पत्रकार को भी यह समझना होगा कि किसी व्यक्ति से व्यक्तिगत मतभेद और किसी सार्वजनिक मुद्दे की खबर दो अलग बातें हैं। व्यक्तिगत पसंद-नापसंद को खबर से दूर रखना ही पेशे की गरिमा है। आलोचना और दबाव में अंतर पत्रकारिता में आलोचना से डरना भी उचित नहीं है। कोई खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित पक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराए, तथ्य स्पष्ट करे या अपनी बात सामने रखे तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

भविष्य के अजेय भारत का ब्लूप्रिंट

स्वामी विवेकानंद और प्लेटो का 'आदर्श राज्य'

रणजीत कुमार सिन्हा

आज जब दुनिया और हमारा देश वैचारिक संकीर्णता, सामाजिक बिखराव और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के दौर से गुजर रहा है, तब स्वामी विवेकानंद के विचार हमारे लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ की तरह हैं।

10 जून 1898 को अल्मोड़ा से लिखे उनके एक पत्र और 1893 के शिकागो विश्व धर्म संसद के भाषणों के पन्नों को पलटें, तो एक ऐसे भारत की परिकल्पना उभरती है जो भव्य भी है और व्यावहारिक भी। दिलचस्प बात यह है कि स्वामी जी के इस विजन का यदि गहराई से दार्शनिक विश्लेषण किया जाए, तो इसकी अद्भुत समानता यूनान के महान दार्शनिक प्लेटो के 'आदर्श राज्य' के सिद्धांत से दिखाई देती है।

प्लेटो ने अपनी कालजयी रचना **द रिपब्लिक** में तर्क दिया था कि एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए उसकी आत्मा के तीन हिस्सोंबुद्धि , साहस और व्यावहारिक इच्छाओं के बीच एक पूर्ण संतुलन होना अनिवार्य है।

स्वामी विवेकानंद भी भारत के पुनरुत्थान के लिए इसी तरह के एक त्रिआयामी और संतुलित ढांचे की बात कर रहे थे, जहाँ अलग-अलग संस्कृतियों और धर्मो की सर्वश्रेष्ठ खूबियों को एक सूत्र में पिरोया जा सके।

वेदांत मस्तिष्क और इस्लाम का शरीर : प्लेटो के चश्मे से स्वामी जी ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा कि यद्यपि अद्वैत वेदांत का सिद्धांत मानव चिंतन और धर्म का सर्वोच्च शिखर है, लेकिन हिंदू इसे सार्वभौमिक रूप से अपने सामाजिक जीवन में उतारने में असफल रहे।

इसके विपरीत, उनका अनुभव था कि इस्लाम ने व्यावहारिक समानता और भाईचारे को अपने जीवन में सबसे बेहतरीन तरीके से लागू किया है। इसी आधार पर उन्होंने भविष्य के भारत का मूलमंत्र दिया वेदांत मस्तिष्क और इस्लाम शरीर।

प्लेटो के दर्शन के अनुसार, किसी भी व्यवस्था को चलाने के लिए 'दार्शनिक राजा' की बुद्धि यानी मस्तिष्क की आवश्यकता होती है, जो परम सत्य को समझ सके। स्वामी जी के लिए अद्वैत वेदांत की उच्च दार्शनिक उड़ानें यही मस्तिष्क हैं। लेकिन प्लेटो यह भी कहते थे कि केवल विचार या बुद्धि तब तक अधूरी है, जब तक उसे धरातल पर उतारने के लिए एक मजबूत और अनुशासित शरीर न मिले।

स्वामी जी जिस इस्लाम का शरीर की बात करते हैं, उसका सीधा तात्पर्य इस्लाम की अद्भुत सामाजिक व्यावहारिकता, उसकी लोकतांत्रिक समरसता और उसके संगठनात्मक ऊतक से है। इस्लाम में जाति और वर्ग से परे जाकर जो सामाजिक सुदृढ़ता, अनुशासन और सामूहिक संगठन की शक्ति है, वह किसी भी राष्ट्र के भौतिक अस्तित्व के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह है। स्वामी जी का मानना था कि व्यावहारिक इस्लाम के इस सुगठित शरीर और संगठन के बिना, वेदांत के सिद्धांत चाहे जितने भी सुंदर हों, वे आम जनता के लिए पूरी तरह मूल्यहीन रह जाएंगे।

ब्राह्मण मस्तिष्क और बौद्ध हृदय का ऐतिहासिक अलगाव : शिकागो व्याख्यान में स्वामी जी ने भारत के पतन के ऐतिहासिक कारणों की मीमांसा करते हुए ब्राह्मणवाद (वेदांत के दार्शनिक पक्ष) और बौद्ध धर्म के अलगाव को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि बौद्ध लोग ब्राह्मणों के मस्तिष्क और दर्शन के बिना खड़े नहीं रह सकते, और न ही ब्राह्मण बौद्धों के हृदय के बिना।

प्लेटो के अनुसार, यदि बुद्धि आम समाज की भलाई और करुणा से कट जाए, तो वह एक संवेदनहीन कुलीनतंत्र बन जाती है। जब बौद्ध धर्म ने वेदों के दार्शनिक आधार को छोड़ा, तो उसका पतन हो गयाय और जब पारंपरिक विचारकों ने खुद को समाज से अलग कर लिया, तो उन्होंने जनता के लिए अपनी सुधारवादी भावना और करुणा खो दी, जिसके परिणामस्वरूप देश सदियों तक गुलाम रहा।

प्लेटो के सिद्धांत की तरह ही, स्वामी जी भी यह चाहते थे कि ज्ञानी वर्ग अपनी दार्शनिक गुफाओं से बाहर निकले और समाज के सबसे निचले तबके को ऊपर उठाने के लिए बुद्ध जैसी असीम करुणा और सहानुभूति को अपनायें।

आज के संदर्भ में यह आलेख हमें याद दिलाता है कि खोखली दार्शनिक बहसों या संकीर्ण रूढ़िवादिता से राष्ट्र महान नहीं बनते। राष्ट्र तब महान बनता है जब वह विचारों की श्रेष्ठता को व्यावहारिक अनुशासन के साथ जोड़ता है। अंततः, विवेकानन्द वेदांत के अनुयायी / सनातनी मित्रों से अपेक्षा करते हैं - की वेदांत के ज्ञान, बुद्ध की करुणा और इस्लाम की व्यावहारिकता और संगठन का समन्वय किया जाए।

समय की मांग : एक महा-समन्वय : विवेकानंद का राष्ट्र-निर्माण का यह मॉडल किसी एक धर्म की दूसरे पर जीत का नहीं, बल्कि आत्मीकरण और समन्वय का मॉडल है, जिसकी घोषणा उन्होंने शिकागो के मंच पर की थी। वे भारत को एक ऐसा जीवंत शरीर बनाना चाहते थे जिसकी आत्मा और बुद्धि तो वेदांत की हो, लेकिन उसकी धमनियों में बहने वाला रक्त और उसकी संरचना सर्व-समावेशी हो।

आज के संदर्भ में यह आलेख हमें याद दिलाता है कि खोखली दार्शनिक बहसों या संकीर्ण रूढ़िवादिता से राष्ट्र महान नहीं बनते। राष्ट्र तब महान बनता है जब वह विचारों की श्रेष्ठता को व्यावहारिक अनुशासन के साथ जोड़ता है। अंततः, विवेकानन्द वेदांत के अनुयायी / सनातनी मित्रों से अपेक्षा करते हैं - की वेदांत के ज्ञान , बुद्ध की करुणा और इस्लाम की व्यावहारिकता और संगठन का समन्वय किया जाए।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

एम्पीयर की अल्टीमेट एंड्योरेंस राइड ने पटना में अपना पहला पड़ाव पूरा किया

एम्पीयर मैगस जीमैक्स ने अरुणाचल प्रदेश के डोंग से गुजरात के गुहार मोती तक की 15-दिन की राइड के पांचवें दिन उत्तर प्रदेश में दाखिल हुई

एम्पीयर की अल्टीमेट एंड्योरेंस राइड - जो एम्पीयर मैगस जी मैक्स पर अरुणाचल प्रदेश के डोंग (सनराईस पइंट) से गुजरात के गुहार मोती (सनसैट पइंट) तक लगभग 4,000 किलोमीटर की यात्रा तय कर रही है - ने पटना में अपना पहला बड़ा पड़ाव पूरा किया। इस दौरान ओडोमीटर ने लगभग 1,800 किलोमीटर की दूरी तय कर ली थी। वीकेंड अन व्हील्स के गिरीश सेठ द्वारा चलाई जा रही यह 15-दिन की यात्रा ऊंचे पहाड़ी रास्तों, हाईवे, शहरी इलाकों, गर्मी, उमस और मुश्किल रास्तों से होकर गुजर रही है, और रास्ते में हर किलोमीटर, चार्ज और रीडिंग को रिकॉर्ड किया जा रहा है।

पटना में, इस यात्रा का एक पड़ाव इलेक्ट्रा एम्पीयर डीलरशिप पर हुआ, जहाँ एम्पीयर सर्कल कम्युनिटी ने अल्टीमेट एंड्योरेंस राइड का स्वागत किया। राइडरों, ग्राहकों और डीलर पार्टनर्स ने यात्रा करने वाली टीम के साथ बातचीत की, जो बिहार में एम्पीयर कम्युनिटी की मजबूती को दिखाता हैय यहाँ ब्रांड 19 फीसदी मार्केट शेयर बनाता है।

यह पड़ाव इस बात की भी याद दिलाता है कि मैगस जी मैक्स यहाँ के राइडरों को इतनी पसंद क्यों आती है। इसका डुअल फ्रेम चेसिस और लंबी दूरी का आराम बिहार के हाईवे और शहर की सड़कों के मिले-जुले रास्तों के लिए परफेक्ट है। साथ ही, क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स लंबी राइड को आसान बनाते हैं, और इंटेलीपैक से पावर्ड एम्पीयर कनेक्ट ऐप मरियल-टाइम में बैटरी स्टेटस की जानकारी देता है। इस तरह राइड अनजान रास्तों पर भी अपडेटेड और कंट्रोल में बनी रहती है।

142 किलोमीटर की आईडीसी रेंज, 2,00,000 किलोमीटर तक की बैटरी लाईफ और इंडस्ट्री में अग्रणी 5 साल 75,000 किलोमीटर की बैटरी वारंटी के साथ, मैगस जी मैक्स मजबूती और भरोसे का संयोजन है। यह एम्पीयर के बिल्ट फर भारत दृष्टिकोण को दर्शाता है - यानी भरोसेमंद, रोजमर्रा की मोबिलिटी, जिसने इसे राज्य में लोगों की पहली पसंद बना दिया है।

इस अभियान के बारे में बात करते हुए, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विकास सिंह ने कहा, एम्पीयर में, बिल्ट फर भारत की सोच एक साधारण भरोसे पर आधारित है - भारत में न तो एक तरह की सड़कें हैं, न एक तरह के राइडर और न ही एक तरह की राइडिंग की स्थितियां। भारत विविधता से भरा देश है, और इसी सच्चाई को ध्यान में रखकर ही हमें प्रोडक्ट बनाने चाहिए। अल्टीमेट एंड्योरेंस राइड इसी सोच को परखती है। डोंग से गुहार मोती तक लगभग 4,000 किलोमीटर की यात्रा में, मैगस जी मैक्स की मजबूती, भरोसे और इंटेलिजेंस क्षमताओं को मुश्किल मौसम और रास्तों पर परखा जाएगा।

हिन्दी हमारी भाषा ही नहीं अस्मिता की पहचान : प्रमोद चंद्रवशी

हिन्दी हमारी भाषा ही नहीं, हमारी अस्मिता की पहचान और संस्कृति-उन्नायक है। हिन्दी ही भारत की सांस्कृतिक और आत्मिक एकता सुनिश्चित करेगी। यह भारत की जन-जन की भाषा है। हिन्दी का अर्थ अपनापन है, संसति है, संस्कार है।

यह बातें सोमवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित हिन्दी-दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार के कला एवं संस्कृति-मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण में केवल राजनैतिक कारणों से हिन्दी का विरोध है। वहाँ के आम जन हिन्दी से बैर नहीं प्रेम रखते हैं। हमें विश्वास है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो हिन्दी से गहरा प्रेम करते हैं, हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए अवश्य उत्सुक होंगे।

साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ हिन्दी-दिवस-समारोह, हिन्दी सेवियों को किया गया सम्मानित।

सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने संसार के समस्त हिन्दी-भाषियों और हिन्दी-प्रेमियों को बधाई दी और कहा कि हिन्दी शीघ्र ही भारत की राष्ट्रभाषा घोषित होगी। संपूर्ण भारतवर्ष अब यह समझ चुका है कि अंग्रेजी के माध्यम से आज तक हमें ठगा गया है और अपनों से दूर किया गया है। हिन्दी हमारी एकता को दृढ़ और अंग्रेजी खंडित करती है। भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र और विश्वगुरु के रूप में स्थापित होना है, तो उसे देश को आत्मा से गले लगाने वाली भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा का स्थान देना ही होगा। देश का एक राष्ट्रीय-ध्वज है, एक राष्ट्रीय चिन्ह है, यहाँ तक कि राष्ट्रीय-पशु-पक्षी तक भी है। केवल एक राष्ट्र-भाषा ही नहीं है, जिसके अभाव में एक राष्ट्र गुंगा ही रहता है, भले ही वह बाहर से कितना भी समृद्ध क्यों नहीं जान पड़े।

भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य वीरेंद्र कुमार यादव, सुप्रसिद्ध लेखिका किरण सिंह, प्रो जनार्दन सिंह, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पूनम आनन्द, प्रो उषा सिंह, विभा रानी श्रीवास्तव तथा अरविन्द कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर साहित्यकारों, अलीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डा दिनेश कुमार शर्मा (अलीगढ़), डा सुरेश चंद्र सरस (कटिहार), रामनरेश ठाकुर रतनपुरी (मुजफ्फरपुर), डा जवाहर लाल देव (कटिहार), सुरेश चंद्र झा (जमशेदपुर), डा कुमारी मनीषा (छपरा), डा सोमवती शर्मा (कासगंज, उ प्र), मीरा प्रकाश (पटना), डा आशा रघुदेव (पटना), माधवी उपाध्याय (जमशेदपुर), ई राजेश कुमार पाण-डेय (पटना), सहदेव मिश्र (कटिहार) तथा निवेदिता श्रीवास्तव (लखनऊ), डा दीपिका त्रिपाठी (लखनऊ) को पद्मश्री डा शैलेंद्रनाथ श्रीवास्तव हिन्दी-सेवी सम्मान से विभूषित किया गया।

अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार ने, मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा दिनेश दिवाकर, चंदा मिश्र, बाँके बिहारी साव, डा विद्या चौधरी, पं उमेश मिश्र, शमा कौसर शमा, सिद्धेश्वर, तनुजा सिन्हा, डा मनोज गोवर्धनपुरी, डा मुकेश कुमार ओझा, चित्तरंजन लाल भारती, डा इंदु पाण्डेय, इन्दुभूषण सहाय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, प्रवीर पंकज, भास्कर त्रिपाठी, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, इरफान अहमद बेलहारवी, डा सैयद हुमायूँ अख्तर आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर एवं कुमुदिनी एजुकेशनल कम चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ

कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर की प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री अंकिता कुमारी ने सभी श्रद्धालुओं एवं विद्यालय परिवार को गणेश महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

पटना। कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर एवं कुमुदिनी एजुकेशनल कम चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय परिसर, पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद, पटना में दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय शुभारंभ धूमधाम से किया गया। गणपति बप्पा की विधिवत पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगल आरती के साथ महोत्सव की शुरुआत हुई। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर गणपति भगवान की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूरे परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवी हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की आराधना कर सुख, समृद्धि, बुद्धि, शांति एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

आयोजकों ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

महोत्सव में श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों एवं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

महोत्सव के दौरान ट्रस्ट एवं विद्यालय परिवार की ओर से विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। परिसर में प्रतिदिन भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

आयोजकों ने बताया कि 25 सितंबर को हवन एवं गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ दस दिवसीय महोत्सव का समापन किया जाएगा।

इस अवसर पर कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर की प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री अंकिता कुमारी ने सभी श्रद्धालुओं एवं विद्यालय परिवार को गणेश महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक और शुभारंभ के प्रतीक हैं। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कार, संस्कृति एवं सामाजिक एकता की भावना मजबूत होती है।

विद्यालय परिवार एवं ट्रस्ट की ओर से सभी श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया गया। पूरे परिसर में गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

जिशु सेनगुप्ता और सोहिनी सरकार ने भूलते पारबे ना के साथ बोहरूपी- द गोल्डन डाकू में घोला रोमांस और संगीत का रंग

बोहरूपी- द गोल्डन डाकू की हाई-ऑक्टेन दुनिया में एक खूबसूरत रोमांटिक ठहराव के रूप में भूलते पारबे ना, फिल्म का नया गाना अब रिलीज हो चुका है। प्यार और जज्बात को सामने लाने वाला यह मधुर गीत जिशु सेनगुप्ता को हारमोनियम बजाते हुए दिखाता है, जो गाने में एक गर्मजोशी और अंतरंग एहसास जोड़ता है। गाने की सादगी भरी रोमांटिक भावनाओं के साथ जिशु की मौजूदगी दर्शकों को फिल्म की एक्शन से भरपूर दुनिया के पीछे छिपे कोमल जज्बातों की झलक देती है।

जिशु सेनगुप्ता ने साझा किया, भूलते पारबे ना मेरे दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह बोहरूपी- द गोल्डन डाकू की दुनिया का एक बिल्कुल अलग पहलू सामने लाता है। यह एक खूबसूरत रोमांटिक मेलोडी है और अरमान की आवाज, अनुपम के संगीत और बोलों ने इसके जज्बात को बेहद खूबसूरती से उभारा है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक फिल्म के इस शांत और रोमांटिक पक्ष को भी उतना ही पसंद करेंगे, जितना हमें इसे बनाने में मजा आया।

सोहिनी सरकार ने कहा, भूलते पारबे ना बोहरूपी- द गोल्डन डाकू के एक बेहद कोमल और भावुक पक्ष को खूबसूरती से सामने लाता है। इस गाने में एक बेहद निजी और आत्मीय एहसास है और मुझे लगता है कि यह झिमली और उसकी यात्रा में एक खूबसूरत नया आयाम जोड़ता है। इस गाने का हिस्सा बनना और फिल्म के इस खास पल को जीना मेरे लिए बेहद खास रहा। उम्मीद है कि दर्शक भी इसके जज्बात और संगीत से उतना ही जुड़ेंगे, जितना हम जुड़े। नंदिता रय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने संयुक्त रूप से कहा, बोहरूपी- द गोल्डन डाकू के साथ हमारा उद्देश्य एक ऐसी दुनिया बनाना था, जिसमें एक्शन, सस्पेंस और भव्यता के साथ गहरे मानवीय जज्बात भी केंद्र में हों। भूलते पारबे ना फिल्म की इसी भावनात्मक और रोमांटिक परत को सामने लाता है। जिशु दा का हारमोनियम बजाना गाने को एक खूबसूरत आत्मीयता देता है, वहीं अनुपम रॉय का संगीत और लेखन और अरमान की आवाज मिलकर एक परफेक्ट माहौल तैयार करते हैं। हमारे लिए यह जरूरी था कि फिल्म की कहानी में रोमांस स्वाभाविक लगे और हमें लगता है कि यह गाना उस एहसास को खूबसूरती से पेश करता है। फिल्म में जिशु सेनगुप्ता, शिबोप्रसाद मुखर्जी, कौशानी मुखर्जी, सोहिनी सरकार और प्रदीप भट्टाचार्य अहम् भूमिकाओं में हैं।

नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों का आईना है, मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक 'मोदी युग का भारत'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर लिखी किताबों की लड़ी में मशहूर लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक **मोदी युग का भारत - विकसित देश का संकल्प** शामिल हो रही है, जिसका उद्देश्य देश में तैयार हो रही भावी पीढ़ी को उस ख्वाब से परिचित करवाना है, जिसे श्री मोदी ने 2047 के लक्ष्य के साथ देखा है।

इसे महज इत्तेफाक कहें या कोई अलौकिक संयोग कि इस संसार के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती भी 17 सितंबर को ही मनाई जाती है। श्री मोदी भी देश की शिल्पकारी में लगे हुए है और उसे आधुनिक स्वरुप देने का अथक प्रयास कर रहे हैं। यह जन्मदिन उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने का गवाह बनेगा और ऐसे अवसर पर उनकी उपलब्धियों की गवाह यह पुस्तक किसी शंखनाद से कम नही है।

इस पुस्तक का शीर्षक ही लेखक के उद्देश्य और संदेश दोनों को स्पष्ट कर देता है। पुस्तक के आरंभ में प्रधानमंत्री मोदी के शुरुआती दिनों की मामूली जानकारी के बाद विषय प्रवेश सीधे उनके प्रधानमंत्रित्व काल में होता है और पुस्तक उनकी उपलब्धियों का आईना बन कर अपने मूल उद्देश्यों पर केंद्रित हो जाती है।

लेखक मुरली श्रीवास्तव ने बातचीत में कहा कि वह प्रधानमंत्री श्री मोदी से संबंधित उन्ही कहानियों को एक बार फिर परोसना नही चाहते थे, जिसे लोग निरंतर पढ़ते आये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का व्यक्तित्व बहुत विराट है और उनकी रुचि बहुत सारे नकारात्मक तथा सकारात्मक पहलुओं की तुलना करने वाले लेखकों की सूची में शामिल होने में नही है।

श्रीवास्तव कहते हैं, इस पुस्तक का पोर पोर सकरात्मकता से भरा हुआ है और उन लोगों को समर्पित है, जो श्री मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प में या तो विश्वास रखते हैं या इस यात्रा के पहलुओं को समझ कर खुद भी एक मुसाफिर की तरह शामिल होना चाहते हैं। दरअसल इस पुस्तक में नरेंद्र मोदी के बारह वर्षो की सकारात्मक यात्रा को संकलित कर यह जताने की कोशिश की गई है कि देश एक निश्चित लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। लेखक के अनुसार विकास की इस यात्रा के सिर्फ आर्थिक पहलू नहीं हैं, बल्कि उन सुधारों पर भी गौर फरमाने की जरूरत है जिनका सरोकार सामाजिक सुधारों और राष्ट्रीय अस्मिता से है।

इस संदर्भ में पुस्तक 2014 के अक्टूबर में शुरू हुए श्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश से खुद का आगाज करती है और बताती है कि बड़े राजनीतिक पंडितों और विश्लेषकों की गूढ़ गुत्थियो से दूर कैसे प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी जनता की चौपाल में जा कर बैठ जाते हैं और उनसे सीधे संवाद करते हैं। इस संवाद ने उन्हें सामाजिक सुधारों के लिए रास्ता दिखाया और धर्म-सम्प्रदाय के ठेकेदारों से बिना डरे निर्णय लेने की ताकत दी। यह पुस्तक स्पष्ट करती है कि देखने में भले सरल लगे, लेकिन तीन तलाक पर प्रहार और तमाम आंतरिक तथा विदेशी दबाव के बावजूद कश्मीर में धारा 370 का क्रिया- कर्म इतना आसान नही थी।

लेखक ने बताया है कि यह जनता से सीधा सम्पर्क ही था, जिसमे श्री मोदी की लोकप्रियता सर चढ़ कर बोली और इतना दुरूह काम चुटकियों में निबट गया। इस फैसले के समय तो कुछ विरोधियों और संविधान विशेषज्ञों का मुंह खुला ही रह गया।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

भारतीय ज्ञान परंपरा और समकालीन विमर्श का सेतु बनेगी 'प्रबुद्ध भारतम'

मोतिहारी(एनएसबी)। प्रज्ञा प्रवाह, उत्तर बिहार की ओर से प्रकाशित स्मारिका 'प्रबुद्ध भारतम्' का लोकार्पण बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सीनेट हल में समारोहपूर्वक किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा, सांसतिक चेतना, राष्ट्रबोध और समकालीन सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखकर प्रकाशित स्मारिका के लोकार्पण समारोह में शिक्षा, समाज एवं वैचारिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

स्मारिका में सरसंघचालक मोहन भागवत, प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक एवं वरिष्ठ प्रचारक ज़े नंद कुमार, बिहार के राज्यपाल, बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के शुभ संदेश शामिल हैं।भारतीय ष्टि को समकालीन विमर्श से जोड़ने का प्रयास स्मारिका के प्रधान संपादक एवं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के संस्त विभागाध्यक्ष प्रो़ प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि 'प्रबुद्ध भारतम्' केवल एक स्मारिका नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, सांसतिक चेतना और समकालीन बौद्धिक विमर्श के बीच संवाद स्थापित करने का प्रयास है। भारत को समझने के लिए भारतीय ज्ञान-ष्टि, अनुभव और सांसतिक स्मृति को विमर्श के केंद्र में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सांसतिक विरासत से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को शोध, चिंतन और सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।युवाओं तक पहुंचे भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री ड़ राज भूषण चौधरी ने कहा कि यह स्मारिका उत्तर बिहार की ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्य अतिथि ईशान जोशी, महामंत्री, भारतीय विचार मंच एवं अखिल भारतीय युवा प्रमुख, प्रज्ञा प्रवाह ने कहा कि स्मारिका भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का वैचारिक स्तर पर जवाब देने का कार्य करेगी। उन्होंने प्रज्ञा प्रवाह की स्थापना के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला।प्रज्ञा प्रवाह के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संयोजक देववत प्रसाद ने संगठन की गतिविधियों एवं समकालीन विमर्श पर विचार रखे। उत्तर बिहार के संरक्षक उदय शंकर ने क्षेत्र की सांसतिक विरासत को जानने और उसे सहेजने पर जोर दिया।युवाओं के लिए प्रकाशपुंज बनेगी स्मारिका

समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ दिनेश चंद्र राय ने 'प्रबुद्ध भारतम्' की सराहना करते हुए इसे ज्ञान का महत्वपूर्ण खजाना बताया। धन्यवाद ज्ञापन प्रज्ञा प्रवाह के प्रांत संयोजक विजय साही ने किया। कवर पेज पर उत्तर बिहार की सांसतिक विरासत को चित्रित किया गया है। इसका डिजाइन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी मनीष और सुखेन ने प्रधान संपादक के मार्गदर्शन में तैयार किया है।मंच संचालन ड़ अर्चना सिंह ने किया। समारोह में करीब दो सौ सुधीजन एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत में स्मारिका का वितरण किया गया। मौके पर सह-संपादक ड़ संदीप कुमार, ड़ संतोष अनल, प्रो़ पंकज कुमार सिंह, प्रो़ अरविंद शुक्ला, ड़ मयंक कपिला सहित अन्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

25 लाख रुपए धोखाधड़ी का वांछित आरोपी मणी गिरफ्तार

चकिया(एनएसबी)। 25 लाख रुपए धोखाधड़ी करने वाले वांछित आरोपी को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धोखाधड़ी के आरोपी की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के बड़ा बाजार निवासी प्रभु गुप्ता के पुत्र मणि गुप्ता के रूप में बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के करनाल साइबर थाना में कांड संख्या 89ध्25 दर्ज है। जिसमें उक्त आरोपी पर 25 लाख रुपए धोखाधड़ी करने का आरोप है। लंबे समय से फरार चल रहे हैं उक्त वांछित आरोपी को हरियाणा पुलिस तलाश कर रही थी। हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि 25 लाख रुपए के धोखाधड़ी का आरोपी मणी चकिया थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उक्त वांछित आरोपी को बीफे बाजार से गिरफ्तार कर लिया व गिरफ्तारी की सूचना हरियाणा साइबर पुलिस को दे दी। छापामारी दल में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धर्मप्रकाश कुमार,अपर थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार, एसआई पप्पू कुमार, विवेक कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

पंचायतों में 15 सितंबर से लगेगा 'सहयोग शिविर', प्रशासन पहुंचेगा लोगों के द्वार

मोतिहारी (एसएनबी)। आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों और सुझावों के त्वरित समाधान के लिए पूर्वी चंपारण जिले में पंचायत स्तर पर फिर से 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रथम चरण में 15 सितंबर को जिले के 27 प्रखंडों की चयनित पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में जिला एवं अनुमंडल स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उनके त्वरित निष्पादन की कार्रवाई करेंगे। 15 सितंबर को आदापुर के आंधरा व मझरिया, छौड़ादानो के भेलवा, भतनहिया व महुआवा, रामगढ़वा के सकरार, अधकपरिया व जैतापुर, रक्सौल के नोनियाडीह, हरदिया व धनगढ़वा कौड़िहार तथा बनकटवा के बनकटवा, बीजबनी दक्षिणी व जीतपुर पंचायत में शिविर लगेगा।इसी तरह चिरैया, ढाका, घोड़ासहन, मधुबन, पकड़ीदयाल, पताही, फेनहारा, तेतरिया, बंजरिया, कोटवा, मोतिहारी, पीपराकोठी, सुगौली, तुरकौलिया, चकिया, कल्याणपुर, केसरिया, मेहसी, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर और संग्रामपुर प्रखंडों की तीन-तीन पंचायतों में भी शिविर आयोजित होंगे।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविर से पहले संबंधित पंचायत के लंबित आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन कर लिया जाए। शिविर में प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण कर आवेदकों को रसीद दी जाएगी तथा आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। पंचायत सरकार भवन या निकटवर्ती सार्वजनिक स्थल पर आयोजित शिविर में पेयजल, शौचालय और बैठने की व्यवस्था भी रहेगी। शिविर में शिकायत निवारण के साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर से राहत देकर पंचायत स्तर पर ही सुलभ, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को शिविर का आयोजन

अरेराज (एनएसबी)। सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के निर्देश के आलोक में आम लोगों की शिकायतों को सुलभ एवं प्रभावी तरीके से सुनने तथा उनके त्वरित निवारण के उद्देश्य से अरेराज प्रखंड की पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रखंड की सभी पंचायतों के सभी वार्डो को एक बार सहयोग शिविर से आच्छादित करने के बाद चक्रानुक्रम में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को शिविर का आयोजन किया जाएगास शिविर के सफल संचालन एवं शिकायतों के निष्पादन के लिए पंचायतवार अध्यक्षता करने वाले पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने बताया कि बभनौली, रढ़िया एवं ममरखा पंचायत के लिए जयराम चौरसिया, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मोतिहारी तथा पूर्णकाम समर्थ, पर्यवेक्षी पदाधिकारी, अरेराज अंचल को जिम्मेदारी दी गई है।

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, यूरिया व तरबूज के बीज जब्त

दो मामलों में दो गिरफ्तार, पिकअप, बाइक व तीन साइकिल बरामद

मोतिहारी (एसएनबी)। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में 2070 किलोग्राम यूरिया खाद और 2880 किलोग्राम तरबूज के बीज जब्त किए। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पिकअप वाहन, एक मोटरसाइकिल और तीन साइकिल भी बरामद की गईं। एसएसबी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में सीमा क्षेत्र में गश्ती के दौरान यह कार्रवाई की गई। सीमा चौकी रेगनिया के गश्ती दल ने कुछ लोगों को मोटरसाइकिल और सिर पर यूरिया की बोरियां लेकर भारत से नेपाल की ओर जाते देखा। जवानों को देखते ही वे खाद छोड़कर नेपाल की ओर भागने लगे। पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उसकी पहचान 24 वर्षीय त्रिभुवन, पिता अमर सिंह, निवासी रेगनिया, पोस्ट बिजबनी, थाना जितना के रूप में हुई। तलाशी में अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी यूरिया की 46 बोरियां बरामद हुईं। प्रत्येक बोरी में 45 किलोग्राम खाद थी। कुल 2070 किलोग्राम यूरिया के अलावा बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल और तीन साइकिल बरामद हुईं। पकड़ा गया व्यक्ति खाद से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में खाद नेपाल में बेचने के लिए ले जाने की बात सामने आई।दूसरी कार्रवाई में समवाय मुख्यालय बेलदरवामठ के गश्ती दल ने सैनिक रोड पर एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की। चालक ने अपना नाम 23 वर्षीय अरमान, पिता नूर खान, निवासी जमालपुर, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश बताया। वाहन की तलाशी में 40-40 किलोग्राम के 72 बैग में कुल 2880 किलोग्राम तरबूज के बीज मिले। चालक इनके वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने बीज नेपाल के मटियरवा क्षेत्र से भारत लाकर रक्सौल ले जाने की बात बताई।एसएसबी ने दोनों मामलों में जब्त सामग्री व वाहनों तथा गिरफ्तार आरोपितों को अग्रिम कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग, मोतिहारी को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे में कर्मियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

तुरकौलिया(एनएसबी)। किसानों की फसलों का डिजिटल रिकर्ड तैयार करने के लिए चल रहा डिजिटल क्रप सर्वे खेतों में कार्यरत षि कर्मियों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। खेतों तक पहुंचकर फसलों की जानकारी जुटाने और मोबाइल एप पर फोटो समेत अन्य विवरण अपलोड करने के दौरान कर्मियों को कई तरह की व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा को लेकर सामने आ रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में कई खेत ऐसे स्थानों पर हैं, जहां पहुंचने के लिए कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। कई जगह खेतों में पानी जमा होने के कारण सर्वे कर्मियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा खेतों में सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। ऐसी परिस्थितियों में कर्मियों को सर्वे कार्य के दौरान विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है।कर्मियों का कहना है कि डिजिटल क्रप सर्वे सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से किसानों की फसलों का व्यवस्थित डिजिटल रिकर्ड तैयार किया जाना है। इससे षि योजनाओं के क्रियान्वयन और किसानों से जुड़ी सेवाओं में भी मदद मिलेगी। हालांकि, सर्वे में लगे कर्मियों की सुरक्षा और कार्य की व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी विभाग को ध्यान देना चाहिए।कर्मियों ने जोखिम वाले क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इसको लेकर किसान सलाहकार, षि समन्वयक, एटीएम, बीटीएम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक समेत अन्य कर्मी एकजुट हो रहे हैं।

एलएनडी कॉलेज में तीन दिवसीय आणविक जीव विज्ञान कार्यशाला का शुभारंभ

आणविक जीव विज्ञान के आधुनिक तकनीकों से रूबरू हुए छात्र

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर के एलएनडी कलेज में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान तथा सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी (सीआरएफ), एमएस कलेज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आणविक जीव विज्ञानजेल से जीन तक कार्यशाला का सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। 14 से 16 सितंबर तक चलने वाली कार्यशाला में विद्यार्थियों को आणविक जीव विज्ञान की आधुनिक अवधारणाओं के साथ प्रयोगशाला तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी गणमान्य अतिथियों एवं संसाधन व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य प्रभारी ड़ सुबोध कुमार ने कीस अपने अध्यक्षीय संबोधन में ड़ सुबोध कुमार ने कहा कि आज के वैज्ञानिक दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्हें आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों की व्यावहारिक समझ भी होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के ज्ञान को प्रयोगशाला के वास्तविक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा विद्यार्थियों से इसका भरपूर लाभ उठाने की अपील की।उद्घाटन सत्र में ड़ विपुल वैभव, सहायक प्राध्यापक (वरिष्ठ वेतनमान), विश्वविद्यालय प्राणी विज्ञान विभाग, बी़आऱए़ बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर ने आणविक जीव विज्ञान के महत्व एवं इसके अनुसंधान की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं ड़ शफीकुर रहमान, सहायक प्राध्यापक (वरिष्ठ वेतनमान), ातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग, एम़एस. कलेज, मोतिहारी एवं समन्वयक, सीआरएफ ने प्रोटीन की संरचना, जैविक महत्व एवं विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालास कार्यशाला के संयोजक प्रो़ अरविंद कुमार, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को जेल से जीन तक की वैज्ञानिक यात्रा से परिचित कराते हुए उन्हें आधुनिक आणविक तकनीकों के व्यावहारिक पक्ष से जोड़ना है। सह-संयोजक ड़ नीरज कुमार, सहायक प्राध्यापक, प्राणी विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों से सक्रिय रूप से भाग लेने और विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने का आग्रह किया।उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम तकनीकी सत्र में ड़ विपुल वैभव ने आणविक जीव विज्ञान की मूल अवधारणाओं एवं प्रयोगशाला तकनीकों पर विस्तार से व्याख्यान दियास कार्यशाला के आगामी सत्रों में विद्यार्थियों को डीएनए निष्कर्षण एवं शुद्धिकरण, पीसीआर, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस, यूवी-विश्लेषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर एवं प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी जैसी तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जाएगा। व्यावहारिक प्रशिक्षण सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी, एम़एस. कलेज, मोतिहारी में आयोजित होगास इस अवसर पर एस़एऩएस. कलेज, मोतिहारी के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष ड़ सुरेश नारायण बैठा एवं प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष ड़ सुधा कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संसाधन व्यक्ति ड़ विपुल वैभव एवं ड़ शफीकुर रहमान भी समारोह में उपस्थित रहे।

अतिथियों को सम्मानित करते प्रभारी प्राचार्य।

हिंदी को सशक्त बनाने के लिए छोड़नी होगी औपनिवेशिक मानसिकता : कुलपति

मोतिहारी (एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी माह के अंतर्गत सोमवार को "राजभाषा के रूप में हिंदी का भविष्य" विषय पर हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का अंगवस्त्र, प्रतीक चि एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता के कारण हम हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी को अधिक महत्व देते हैं। इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा। तभी हिंदी को सशक्त एवं समृद्ध बनाया जा सकेगा।राजभाषा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो़ राजेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी के भविष्य को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हिंदी निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी के साथ-साथ भारत की सभी भाषाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।विशिष्ट अतिथि विशेष कार्याधिकारी (प्रशासन) प्रो़ अतुल कुमार शरण ने हिंदी के तकनीकी, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्ष पर चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभागों के नाम अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी लिखने तथा हस्ताक्षर सहित दैनिक कार्यालयी कार्यो में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग की सलाह दी।गांधी भवन परिसर के निदेशक एवं मुख्य कुलानुशासक प्रो़ प्रसून दत्त सिंह ने राजभाषा के रूप में हिंदी के भविष्य को उज्ज्वल बताया। उन्होंने हिंदी के व्यापक सामाजिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।हिंदी विभाग के सहायक आचार्य ड़ श्याम नंदन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी, मंत्रिमंडल सचिव ड़ टी़वी़ सोमनाथन एवं उच्चतर शिक्षा विभाग की सचिव दीप्ति गौर मुकर्जी के संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि गैर-हिंदी भाषी लोगों ने भी हिंदी को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।कार्यक्रम में वित्त अधिकारी प्रो़ पंकज कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा, विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन शोधार्थी विकास कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ड़ श्याम नंदन ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

संक्षिप्त खबरें

सदर अस्पताल में मरीज सुविधाएं बढ़ाने को कई प्रस्ताव मंजूर

रोगी कल्याण समिति की बैठक में रंग-रोगन, शौचालय जीर्णोद्धार समेत अन्य कार्यो पर बनी सहमति

मोतिहारी(एनएसबी)। सदर अस्पताल, मोतिहारी में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और अस्पताल भवनों की स्थिति सुधारने को लेकर सोमवार को रोगी कल्याण समिति (शासी निकाय) की बैठक हुई। जिला पदाधिकारी सह रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में विभिन्न आवश्यक कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक में ओपीडी के पुराने भवन के रंग-रोगन कराने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। इसके अलावा एमसीएच भवन के शौचालय, करिडोर, एएनसी और एसएनसीयू के सीपेज वाले हिस्सों में रंग-रोगन कराने पर भी सहमति बनी। ओपीडी के शौचालय के जीर्णोद्धार तथा इमरजेंसी भवन के छह बाथरूम के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी पारित किया गया।मरीजों की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए शौचालय की सीट और टंकी की उंचाई बढ़ाने के साथ आवश्यक लघु मरम्मती कार्य कराने का निर्णय लिया गया। वहीं, ओपीडी और आईपीडी के पुराने भवनों में शर्ट सर्किट की समस्या तथा जर्जर वायरिंग को दुरुस्त कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। मरीज सुविधा के तहत ओपीडी के भूतल पर आरओ और शीतल पेयजल की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। मरीजों और उनके परिजनों के बैठने के लिए स्टीलध्सीमेंटेड बेंच लगाने तथा टीवी की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया।इसके अलावा ओपीडी में वाइटलध्दवा वितरण डेस्क तथा आईसीयू में नर्सिंग काउंटर के निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में अस्पताल में मरीजों को बेहतर वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने पर जोर दिया गया।

'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान में विद्यार्थियों ने किया सामाजिक सेवा कार्य

मोतिहारी (एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के सीएसआर सेल की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान चलाया गया। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों में योगदान दिया।अभियान में प्रबंधन विज्ञान विभाग के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पौधरोपण, पौधों में पानी देने एवं उनकी देखभाल, जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने, बुजुर्गो एवं पड़ोसियों की सहायता करने तथा वंचित बच्चों की मदद जैसी गतिविधियां कीं। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को कपड़े एवं अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने अभियान की सफलता पर विद्यार्थियों एवं आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है। उनमें समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी जरूरी है। उन्होंने 'साथी हाथ बढ़ाना' जैसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल बताया। सीएसआर सेल की अध्यक्षा प्रो़ (ड़) सपना सुगंधा ने कहा कि सामाजिक सेवा की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति का छोटा-सा सकारात्मक प्रयास भी समाज में व्यापक बदलाव ला सकता है।कार्यक्रम की सफलता में ड़ पवन चौरसिया तथा प्रबंधन विज्ञान विभाग के शोधार्थी रितेश कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा विभिन्न गतिविधियों के समन्वय में सहयोग किया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने सकारात्मक सोच, संवेदनशीलता एवं सामूहिक प्रयास से सामाजिक परिवर्तन का संदेश दिया।

एसएसबी ने 15 युवतियों को बनाया आत्मनिर्भर 20 दिन के ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन

रक्सौल (एनएसबी)। 47वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम, वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत कार्यक्षेत्र के वाइब्रेंट विलेज पनटोका की 15 युवतियों के लिए आयोजित 20 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज दिनांक 14 सितंबर 2026 को सफलतापूर्वक समापन हो गयास प्रशिक्षण के दौरान युवतियों को ब्यूटी पार्लर से जुड़ी सभी बारीकियां सिखाई गईं। इसमें स्किन केयर, हेयर केयर, प्रोफेशनल मेकअप, नेल केयर, मेहंदी डिजाइन और पार्लर मैनेजमेंट शामिल था। प्रशिक्षकों ने युवतियों को कम लागत में खुद का व्यवसाय कैसे शुरू किया जाए, इसकी भी जानकारी दी। एसएसबी का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों की महिलाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकें और शहरों की ओर पलायन न करना पड़े।समापन समारोह वाहिनी मुख्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 47वीं वाहिनी के उपकमांडेंट श्री रवि प्रताप वर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त सभी युवतियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में ब्यूटीशियन का क्षेत्र रोजगार का बड़ा माध्यम बन गया है। उन्होंने युवतियों को सलाह दी कि केवल यहीं न रुकें, बल्कि ब्यूटी के क्षेत्र की नई तकनीकों और लेटेस्ट ट्रेंड्स को सीखने के लिए इंटरनेट और एआई तकनीक का भी उपयोग करेंस इस अवसर पर सहायक कमांडेंट श्री दिनकर त्रिपाठी, रमा फाउंडेशन के संचालक श्री विवेक पाण्डेय, लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर रक्सौल की संचालिका श्रीमती दिव्या रानी सहित 47वीं वाहिनी के अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों ने एसएसबी की इस पहल के लिए आभार जताया और कहा कि अब वे अपने गांव में ही पार्लर खोलकर आत्मनिर्भर बनेंगी।

373 लीटर शराब बरामद, चोरी की बाइक व तहखाना बना टेंपो जब्त, 5 गिरफ्तार

पीपराकोठी(एनएसबी)। थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के खिलाफ एक खास अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर करीब 373 लीटर अंग्रेजी और देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल हो रहे एक टेंपो और चोरी की मोटरसाइकिल भी जब्त की। इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर रात में पीपराकोठी ओवरब्रिज के नीचे वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक टेंपो (ठत्28च्4442) की तलाशी ली गई। पुलिस ने बताया कि टेंपो में दस्तावेज रखने वाले फाइल बक्स को काटकर एक तहखाना बनाया गया था। इस तहखाने से अफिसर च्वाइस टेट्रा पैक की 180 एमएल वाली 1366 बोतलें मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 246 लीटर अंग्रेजी शराब थी। टेंपो को जब्त कर सुनील यादव (30) और मोहम्मद मुख्तार (22) को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य कार्रवाई सिसिरिया गांव में निर्भय राय के घर के पीछे गन्ने के खेत में हुई। यहां छिपाकर रखी अफिसर च्वाइस टेट्रा पैक की 180 एमएल वाली 672 बोतलें बरामद की गईं। इनकी कुल मात्रा 120960 लीटर थी। इसके अलावा, ढेकहां बेला जगतिया गांव में राजेश मांझी के घर के पास छापेमारी की गई। यहां एक काले रंग की चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (ठत05च्ठ 4716) से छह लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। इस मामले में अजीत कुमार (21) और सत्येंद्र कुमार (19) को गिरफ्तार किया गया। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने कुंदन कुमार (20) को भी गिरफ्तार किया। वह शराब पीकर हंगामा कर रहा था। इस अभियान में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष शाहिल कुमार, संतोष कुमार, राजवीर और थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इसकी पुष्टि थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की।

संक्षिप्त खबरें

प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव में युवा क्रांति के राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत हुए राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित

सहरसा षहर (एनएसबी)। जिले में रक्तदान के क्षेत्र में चर्चित समाजसेवी बिमलेश कुमार भगत जो बनमा ईटहरी प्रखंड के कासिमपुर गांव निवासी है। उनके द्वारा रक्तदान और मानवता के क्षेत्र में किए गये उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या के अध्यक्ष आकाश गुप्ता के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव 2026 में रक्तवीर व समाजसेवी बिमलेश कुमार भगत को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सिंगरामऊ स्टेट, जौनपुर की महरानी, डॉ० अंजू सिंह एवं महान समाजसेवक जितेंद्र कुमार दुबे, उर्फ मिंटू प्रधान जी एवं राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता जी के हाथों से जय श्री राम लिखा हुआ अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह से अलंकृत करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करते हुए कुछ स्थानीय रक्तवीरों को भी सम्मानित किए। अगल बगल के विधानसभा के विधायक अभय सिंह एवं अजय सिंह भी कार्यक्रम में अपना उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा रक्तदान महोत्सव करके पूरे देश के रक्तसेवक एवं समाजसेवियों को एक हॉल एक मंच पर पाकर अयोध्या की धरती धन्य है क्योंकि मानव की सेवा करने वाले सच्चे सेवक की स्वयं नारायण की सेवा कर रहे है। रक्तदान महोत्सव में 12 जिले की सरकारी ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से काफी मात्रा में रक्त संग्रह किया गया क्योंकि रक्तदान करने वाली की तादाद बहुत अधिक था। यह कार्यक्रम में देश के कौने कौने से आएं रक्तसेवक समाजसेवी ने अपना रक्तदान किया। रक्तदान के बाद प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम में जाकर भगवान श्री राम जी का दर्शन किया। इधर रक्तसेवक एवं समाजसेवक बिमलेश कुमार भगत को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026 मिलते ही युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकत्र्ता में खुशी का लहर फैल गया,। युवा क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संरक्षक खगेश कुमार ने कहा 15 वर्ष से बिमलेश जी लगातार मानवता एवं रक्तदान महान कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, इनके तप त्याग और समर्पण के द्वारा युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन को देश भर में नई पहचान मिल रही है। युवा क्रांति के संस्थापक सदस्य सुधांशु प्रियदर्शी ने कहा बिमलेश जी को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान मिलना पूरे युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के लिए गर्व को बात है। रुपेश कुमार, आमरथ कुमार, निखिल गुप्ता, अमर गुप्ता, अर पोद्दार, दीपक राज, रिक्की जायसवाल, प्रेम राज, अमरजीत कुमार यादव, संदीप यदुवंशी एवं युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अध्यक्ष पंकज निगम जी ने बधाई देते हुए मानवता की निःस्वार्थ निरंतर जारी रखने का आशीर्वचन दिया।

मां चण्डी के दर्शन को पहुंचे दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। बिराटपुर स्थित प्रसिद्ध मां भगवती चण्डी के दरबार में सोमवार को दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने मां चण्डी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने मां चण्डी स्थान के विकास को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी से मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में पहल करेंगे। विधायक के आगमन पर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रतन कुमार सिंह सहित अमरेंद्र सिंह उर्फ बच्चा दास, अनुग्रह सिंह, कारू सिंह, सुमित कुमार सुमन, मिक्कू सिंह, बादल सिंह, रवि कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, गुंजन सिंह, विमलेश कुमार, शिवम कुमार, रोहित कुमार रजक व रंजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

आर्म्स एक्ट व चोरी मामले में चार गिरफ्तार

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूजा मंदिरों से घंटी चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से तीन बड़ी घंटियां एवं दो घोटा घंटियां बरामद की गई हैं। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि लगमा गांव निवासी विनोद झा के पुत्र मनचित झा, मो. कालिम के पुत्र मो. अनवर तथा मो. शमशाद आलम के पुत्र शहनवाज आलम को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान मंदिरों से घंटी चोरी से जुड़े मामले की जानकारी सामने आई। पुलिस ने बरामद सामान को जब्त कर लिया है। वहीं दुसरी ओर आर्म्स एक्ट मामले में फरार खजुराहा वार्ड पांच निवासी मुकेश कुमार मिस्त्री के पुत्र दीपक कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी चार आरोपितों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामलों की आगे जांच कर रही है।

प्रभारी मंत्री मिथलेश तिवारी से मिले अविनाश कुमार, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह सहरसा जिले के प्रभारी मंत्री मिथलेश तिवारी से सोमवार को सहरसा स्थित विकास भवन में बड़गांव ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह जदयू युवा नेता अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभारी मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान अविनाश कुमार ने बड़गांव पंचायत सहित अपने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को प्रभारी मंत्री के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। प्रभारी मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

मंत्री की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक व बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। मंत्री शिक्षा विभाग बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री सहरसा जिला मिथिलेश तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु की गई तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संभावित बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में प्रभारी मंत्री ने आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों को निरंतर अद्यतन रखने तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित रूप से बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों, आवश्यक संसाधनों एवं राहत-बचाव व्यवस्था को लेकर विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की शुरूआत पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की विभागवार जानकारी प्राप्त की तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार की विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब पात्र लाभुकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उनका लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब से बचने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण के माध्यम से प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पथ निर्माण, विद्युत, नगर विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विभागवार कार्यों की अद्यतन स्थिति से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया। लंबित एवं प्राथमिकता वाले कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर विशेष बल दिया। साथ ही, प्रखंड स्तर पर 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित एवं समयबद्ध रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं की प्रगति एवं प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रभारी मंत्री को दी। उन्होंने बैठक में प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं की नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार,, महिषी विधायक गौतम कृष्ण, सहरसा-मधेपुरा-सुपौल स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह, डीडीसी गौरव कुमार सहित जिले के सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मधेपुरा से पटना जाने के क्रम में सिमरीबख्तियारपुर के सरडीहा में प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह का भव्य स्वागत

सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। मधेपुरा जिलाध्यक्ष रवि शंकर कुमार ह्यपिंटूह्व जी के पूज्य पिता जी के सम्पिंडन कार्यक्रम में शामिल होने हेतु प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक आलोक सिंह जी मधेपुरा पहुंचे थे। कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत आज मधेपुरा से पटना जाने के क्रम में सिमरीबख्तियारपुर विधानसभा अंतर्गत सरडीहा में प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यकत्राओं एवं ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं आत्मीय स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया। कार्यकत्राओं एवं ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बना। स्वागत कार्यक्रम में कार्तिक नारायण सिंह, रविन्द्र नारायण सिंह, मुखिया सुमन कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अजय सिंह,

डॉ. पवन कुमार सिंह, अविनाश सिंह, रंजन कुमार सिंह, अमित सिंह, किशन सिंह, संतोष सिंह, नितेश कुमार सिंह एवं सुजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने सभी कार्यकत्राओं एवं ग्रामीणों के आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

नारी शक्ति के संकल्प से मजबूत होगा संगठन, जन-जन तक पहुंचेगा विकास और सुशासन का संदेश : स्मिता सिन्हा

सहरसा (एनएसबी)। सोमवार को जदयू कार्यालय गांधी पथ स्थित में जदयू महिला प्रकोष्ठ की संगठन की मजबूती के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रदेश संगठन सचिव सह सहरसा जिला बीस सूत्री सदस्य स्मिता सिन्हा ने की और संचालन जदयू महिला प्रकोष्ठ की किया।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उत्तरी बिहार की प्रभारी खुशबू रानी जी, पूर्व विधायक सह जिला जदयू अध्यक्ष गुंजेश्वर शाह, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, युवा प्रदेश नेता गणेश कुमार गौरव, जिला प्रवक्ता भीम नारायण महतो, कुंदन राय पटेल, पंकज सिंह, युवा नेता मनोज राणा जी, लाल बहादुर शाह, लक्ष्मी जी, जदयू के महिला नेत्री अनुज मिश्रा, कहरा के मुखिया संगीता कुमारी, रेणु झा, अर्चना झा, पूजा देवी, लुशी वर्मा, सीमा राज, गुंजन देवी, जुली कुमारी, फातिमा खातून जी, बबीता देवी, रामपरी देवी, गुड़िया देवी, स्वीटी सिंह, चंदा मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महिला नेत्री भी उपस्थित रहे। मौके पर वार्ड नगर निगम

12 के निवासी अशोक राय ने जदयू के सदस्य लिए बैठक में उपस्थित सभी महिला साथियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा किए गए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। महिलाओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। सभी महिला कार्यकत्राओं ने निशात जी के साथ मजबूती से आगे बढ़ने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यालय अंतर्गत कार्यों में हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करें: रामनिवास सिंह

सहरसा षहर (एनएसबी)। भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा-2026 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय, सहरसा के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में किया गया। जिसमें कार्यालय के सभी प्रबंधकों एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान रामनिवास सिंह, प्रबंधक राजभाषा द्वारा कार्यालय अंतर्गत कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के प्रति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कार्यालय के दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। इस अवसर पर हिंदी

पखवाड़ा-2026 के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी प्रदान की गई तथा सभी से अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर रामनिवास सिंह, प्रबंधक राजभाषा, सौरभ, प्रबंधक सामान्य तथा अन्य कर्मचारीगण, में निशांत कुमार, तरुण कुमार, साकेत कुमार, संजय कुमार पासवान, माधव कुमार, अमित कुमार, वंदना कुमारी, आशीष कुमार एवं संजीव कुमार रजक आदि उपस्थित रहे।

कीडजी स्कूल बटराहा का वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न किडजी स्कूल एशिया का सबसे बड़ा स्कूल चैन है : रमण झा

सहरसा षहर (एनएसबी)। शहर के कहरा ब्लाक रोड बटराहा वार्ड 36 प्रेमलता कालेज से पूरब स्थित किडजी स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह प्रेक्षागृह में धूमधाम से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का मन मोहा। इस मौके पर विधान पार्षद डा अजय कुमार सिंह, एस आर अस्पताल निदेशक डॉ गौतम झा, आरडीडी अंसारीजी, नगर निगम आयुक्त प्रभात कुमार झा, किडजी पटना से कौशल कुमार व नीरज कुमार, डायरेक्टर पम्मी गौतम झा, व्यवस्थापक डा रमण झा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। आपरेशनल हेड त्रिपुरारी कुमार झा

के नेतृत्व व स्ट्रीट डांस एकेडमी के निर्देशक नवीन सिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित समारोह में बच्चों के द्वारा डांस योग कराटे का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधान पार्षद श्री सिंह ने कहा मनुष्य के सर्वांगीण विकास मे शिक्षा का अमूल्य योगदान है। डायरेक्टर पम्मी झा ने कहा कि नर्सरी से 5 वर्ग तक चलने वाले इस विद्यालय में बच्चों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया है। इसके अंतर्गत एयर कंडीशन रूम, बच्चों के देखभाल के लिए आया, दो केयरटेकर एवं शिक्षकों के द्वारा विशेष ख्याल रखा जा रहा है। व्यवस्थापक रमण झा ने कहा कि किडजी स्कूल एशिया का सबसे बड़ा स्कूल चैन है। जिसमे ऑल इंडिया में सभी स्कूलों में एक ही सिलेबस पढ़ाई जाती है ताकि छोटे शहर के बच्चे भी महानगर में पढ़ने के लिए जब जाते हैं तो उन्हें कोई कठिनाई या कोई दिक्कत नहीं होती है। कार्यक्रम के दौरान कीडजी प्रबंधन द्वारा शहर के सभी प्रमुख समाजसेवी और जनप्रतिनिधि सहित सभी मीडिया कर्मी का मिथिला पद्धति अनुसार पाग चादर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया गया।

एमएलटी कॉलेज में हिंदी दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

सहरसा षहर (एनएसबी)। एमएलटी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.मयंक भार्गव ने किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा सुधीर कुमार सिंह ने की। जबकि उद्घाटन भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के मानविकी संकायाध्यक्ष सह हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.दीपक कुमार गुप्ता और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य डॉ.रेणु सिंह उपस्थित रहीं। पी.जी.सेंटर परिसर प्रभारी सह हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.लाला प्रवीण कुमार सिन्हा एवं जैनेन्द्र विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रूपम सिन्हा द्वारा प्रस्तुत देवी वंदना श्जय जय भैरवी असुर भयावनी से हुआ। तत्पश्चात हिंदी विभाग की छात्रा वर्षा एवं मुस्कान ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत

कर अतिथियों का अभिनंदन किया। डॉ.रोशन कुंवर ने ह्यजय हिंदी जय देवनागरीह्व गीत की प्रस्तुति दी। मंच संचालन डॉ.अंशु द्वारा किया गया। अतिथियों का औपचारिक स्वागत डॉ.सुमन कुमार एवं डॉ.बलवीर झा ने पाग, चादर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रो.दीपक कुमार गुप्ता ने कहा हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के युग में विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा पर गर्व करते हुए दैनिक जीवन और अध्ययन में इसके प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य प्रो.सुधीर कुमार सिंह ने कहा, हिंदी भाषा की सरलता और समावेशी प्रकृति ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। कॉलेज प्रशासन विद्यार्थियों के भाषाई एवं साहित्यिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य अतिथि डॉ.रेणु सिंह ने कहा हिंदी साहित्य ने सदैव समाज को सही दिशा दिखाने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ.लाला प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा, हिंदी संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोती है। आज डिजिटल मीडिया, पत्रकारिता और तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के माध्यम से रोजगार के असीम अवसर उपलब्ध हैं। जैनेन्द्र ने कहा भाषा की जीवंतता उसके निरंतर प्रयोग में निहित है। समारोह के दौरान हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे आशु भाषण, भाषण, निबंध लेखन एवं काव्य पाठ के सफल व विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के डा हर्षवर्धन डॉ.गौतम कुमार, डॉ.राकेश कुमार, डॉ.बी.एन.झा, डॉ.संयुक्ता कुमारी, डॉ.जयंत गांगुली, डॉ.विनीत शर्मा, डॉ.सुमन कुमार तथा डॉ. बलबीर झा, अनु कुमारी, संस्कृत विभाग की विभाग की डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ हिमांशु कुमार, डॉ मुकेश कुमार, प्रधान सहायक आशुतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, डॉ अतुल पाराशर, अतुल कुमार, रूपम सिन्हा, कुमार सौरव सहित अन्य प्राध्यापक शिक्षकेतरकर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सीनेट सदस्य डॉ.संजीव झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

हिन्दी दिवस के पर वैश्विक भाषा के अहम योगदान पर हिन्दी शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम आयोजित

सहरसा षहर (एनएसबी)। हिंदी दिवस के अवसर पर सराही एवं इस्लामिया चैक स्थित हिंदी शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, चर्चित साहित्यकार मुख्तार आलम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा न केवल संवाद का माध्यम होती है बल्कि संस्कृति का भी संवाहक होती है। संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोनेवाली हिंदी दुनिया की सबसे सरल, सहज और साहित्यिक रूप से समृद्ध भाषा है। वस्तुतः हिंदी भारत में सम्पर्क भाषा का काम करती है। इसके बावजूद इसका फलक वैश्विक है। विश्व के विभिन्न भाषाओं के विश्लेषण करने एवं सहेजने वाली संस्था एथ्नोलॉग के अनुसार दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का स्थान तीसरा है। अमेरिका में जो दक्षिण एशियाई भाषाएँ बोली जाती हैं उनमें हिंदी का स्थान पहला है। आज हिंदी भाषा तीस से अधिक देशों में बोली जाती है। वही चीन, रूस, जर्मनी जैसे देशों के विश्वविद्यालय सहित लगभग सौ से अधिक विश्विद्यालय में हिंदी भाषा पढ़ाई जाती है। वहाँ इसके लिए अलग विभाग भी हैं। 14 सितम्बर 1949 ईस्वी को भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में शामिल किया गया है। जिसके कारण निरंतर हिंदी का फलक व्यापक होता जा रहा है। मौके पर गौतम कुमार, आशु कुमार, नीरज कुमार, समीक्षा कुमारी, नैंसी कुमारी, पूनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सावित्री कुमारी, सोनी कुमारी, अभिमन्यु कुमार, आदित्य कुमार, शिवम कुमार, आशीष कुमार आदि ने भी हिंदी दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

पैक्स अध्यक्ष की मौत पर सहकारी समिति के सदस्यों ने जताया शोक

चौथम । प्रखंड के करुआ मोड़, रुपणी निवासी सहकारी पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता का सोमवार को उनके आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही करुआ मोड़ सहित रुपणी गांव में पर्व की खुशियां मातम में बदल गईं। ग्रामीणों ने बताया कि ओमप्रकाश गुप्ता एक सामाजिक एवं मिलनसार व्यक्ति थे। लंबे समय तक लगभग तीन दशक तक 6 टर्म पंचायत के पैक्स अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई। वर्तमान में भी वह पैक्स अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। सामाजिक कार्यो में उनकी विशेष रुचि थी और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार, करुआ मोड़ में आयोजित होने वाले वार्षिक चौती दुर्गा मेला कमेटी में भी वह सक्रिय सदस्य थे। सभी लोगों को साथ लेकर चलना और सामाजिक व्यवस्था में सहयोग करना उनकी प्रमुख विशेषताओं में शामिल था। उनके निधन को ग्रामीणों ने सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। पैक्स अध्यक्ष के निधन पर चौथम कोअपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक गौतम कुमार, पैक्स अध्यक्ष मनोज साह, नवीन कुमार, प्रमोद कुमार, मिथिलेश प्रसाद, जनार्दन सिंह, मनोज यादव, पांडव छत्री, री सिंह सहित स्थानीय निवासी श्यामल किशोर, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पासवान, जितेंद्र पासवान आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

नवनामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन

पसराहा । गोगरी अनुमंडल क्षेत्र स्थित गवर्नमेंट पलिटेक्निक कलेज, महाद्दीपुर में नवनामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु एक भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस समारोह में सीनियर बैच के विद्यार्थियों ने संस्थान में नवागत जूनियर्स का अत्यंत गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। संस्थान प्रशासन के अनुसार, वर्ष 2026 के शैक्षणिक सत्र में विभिन्न शाखाओं में कुल 360 सीटों पर चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन हुआ है। इनमें सिविल इंजीनियरिंग शाखा की 120 सीटें शामिल हैं, जबकि कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रनिक्स इंजीनियरिंग में 60-60 सीटों पर दाखिला लिया गया है। भव्य आयोजन को संबोधित करते हुए कलेज के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने सभी नवागत छात्रों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रक्रिया को बनाए रखना भी है। शिक्षा ही वह कुंजी है जिससे सफलता के बड़े-बड़े द्वार खुलते हैं। प्राचार्य ने जोर देकर कहा कि एक कुशल इंजीनियर बनने से पहले विद्यार्थियों को एक सुयोग्य, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनना चाहिए, क्योंकि एक बेहतर और मजबूत समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका निर्वहन उन्हें पूरी निष्ठा से करना है। इस अवसर पर संस्थान की एंटी-रैगिंग समिति के सदस्य जयचंद्र कुमार, अजीत कुमार, सोनाली झा, ऋचा आनंद, अमित शर्मा, मधु प्रिया, पप्पू कुमार और ड़ नीहारिका सहित कलेज के कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सीनियर और नवनामांकित दोनों बैच के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

मांगें पूरी नहीं हुई तो सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी

चौथम । बिहार पंचायत सेवा संघ ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को 8 सितंबर 2026 को ज्ञापन सौंपा। मांगों पर विस्तृत चर्चा के लिए संघ की कार्यकारिणी की बैठक 9 सितंबर को पटना में आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में सोमवार, 14 सितंबर 2026 से राज्य के विभिन्न प्रखंडों एवं जिलों में पदस्थापित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सहायक जिला पंचायत राज पदाधिकारीएवं सहायक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध शुरू कर दिया है। संघ का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आगे सामूहिक अवकाश पर जाने को लेकर विचार किया जाएगा।

नवाचार को मिलेगा सम्मान : डीएम

उत्कृष्ट कार्य करनेवाले अधिकारियों को किया गया सम्मानित

खगड़िया (डीएनएस) । जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए जा रहे उत्ष्ट कार्य, नवाचार तथा जनहितकारी प्रयासों को पहचान एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर की विशेष पहल पर अधिकारीध्कर्मी अफ द मंथ की नई पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के तहत प्रत्येक माह ऐसे अधिकारियों एवं कर्मियों को चिति कर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने नियमित दायित्वों से आगे बढ़कर नवाचार, कार्य में उत्ष्टता, बेहतर सेवा वितरण अथवा जनहित में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इसका उद्देश्य अच्छे कार्यो को पहचान देने के साथ-साथ जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों को भी बेहतर कार्य एवं नवाचार के लिए प्रेरित करना है। इस माह उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के डीएएम रंजीत कुमार को टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए विशेष नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। उनके द्वारा टीबी से संबंधित एक वेबसाइट विकसित की गई है, जिसके माध्यम से आम नागरिक टीबी जांच के लिए स्लट बुक कर सकते हैं। साथ ही, टीबी उन्मूलन के प्रयासों में सहयोग करने के इच्छुक लोग इस माध्यम से अपना योगदान भी दे सकते हैं। तकनीक के माध्यम से

सम्मानित करते डीएम।

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। एटीओ रवि रंजन को बेहतर एवं उपयोगी रेडी रेकनर तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। उनके द्वारा तैयार रेडी रेकनर से संबंधित कार्यो में त्वरित संदर्भ, सुविधा एवं कार्य निष्पादन में एकरूपता लाने में मदद मिली है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने की दिशा में तैयार किए गए फ्लोटिंग क्लिनिक में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार, एमवीआई अभिषेक कुमार एवं वरीय उप समाहर्ता कौशिकी कश्यप को सम्मानित किया गया। स्थानीय संसाधनों एवं कारीगरों के सहयोग से महज 15-20 हजार रुपये की लागत में तैयार किया गया। यह फ्लोटिंग क्लिनिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से अब तक 1,300 से अधिक मरीजों का उपचार किया जा चुका है। बाढ़ के दौरान सड़क संपर्क बाधित होने की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं को जलमार्ग के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की यह पहल कम लागत में स्थानीय नवाचार एवं त्वरित समाधान का उत्ष्ट उदाहरण है। इसी क्रम में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मोहम्मद जियाउर रहमान के नेतृत्व में आईटी मैनेजर बमबम कुमार को आरटीपीएस सेवाओं में जिले को राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। तकनीकी दक्षता, सतत अनुश्रवण एवं सेवा वितरण में सुधार के प्रयासों से जिले की आरटीपीएस सेवाओं के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने कहा कि जिला प्रशासन में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी के समर्पण, नवाचार एवं उत्ष्ट कार्य को पहचान मिलना आवश्यक है। अधिकारीध्कर्मी अफ द मंथ पहल के माध्यम से ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि एक अधिकारी या कर्मी का नवाचार पूरे प्रशासन के लिए प्रेरणा बन सके। उन्होंने कहा कि जनहित में किए गए छोटे-से-छोटे प्रभावी प्रयास भी बड़े बदलाव का माध्यम बन सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे नवाचारों एवं उत्ष्ट कार्यो को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा।

शिक्षा,पोषण एवं कौशल विकास को निर्बाध रखने की दिशा में जिला प्रशासन की प्रयास दिख रहा सफल

खगड़िया(डीएनएस) । जिले में बाढ़ की गंभीर स्थिति के बीच जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यो के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, पोषण, बाल विकास एवं कौशल विकास की गतिविधियों को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान बाढ़ की स्थिति में जिले में लगभग 163 लाख लोग प्रभावित हैं। वहीं 59 विद्यालय एवं 100 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई एवं पोषण व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। इसके तहत गोगरी में 165, परबत्ता में 315 तथा खगड़िया में 195 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे। इस पहल का उद्देश्य बाढ़ की कठिन परिस्थितियों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई का सिलसिला जारी रखना है। वहीं प्रभावित आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों तक दूध एवं आवश्यक पोषण सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवश्यकता वाले क्षेत्रों में अस्थायी आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। बाढ़ के बीच बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास और उनके चेहरे पर मुस्कान बनाए रखने के उद्देश्य से गेम जोन, योग जोन सहित विभिन्न बाल-अनुकूल गतिविधियां भी कराई जा रही हैं। इसके साथ ही युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्किल डेवलपमेंट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं, ताकि आपदा की कठिन परिस्थितियों के बावजूद सीखने, कौशल अर्जित करने और आगे बढ़ने का क्रम जारी रहे। जिला प्रशासन का प्रयास है कि आपदा के बीच भी बच्चों की शिक्षा और पोषण तथा युवाओं के कौशल एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

राज्यव्यापी आहवान पर अक्टूबर से शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन : अमरजीत कुमार

खगड़िया (डीएनएस) । बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ (बेएसा) जिला इकाई खगड़िया के जिला अध्यक्ष अमरजीत कुमार भारती व जिला सचिव ह कुमार सिन्हा ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन को प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यपालक सहायकों की लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने, आगामी 15 दिनों के भीतर प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर संगठन का विस्तार करने,सभी विभागों में समूह स्वास्थ्य बीमा एवं करपोरेट सैलरी पैकेज लागू करने के लिए सरकार को अल्टीमेटम देने कार्यपालक सहायकों को हटाकर उनकी जगह आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा लेने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध करने, कार्य समीक्षा अथवा वित्तीय बोझ का हवाला देकर कार्यपालक सहायकों को हटाने की धमकी देने का विरोध करने, ईपीएफ अवकाश एवं अन्य वैधानिकध्देय सुविधाओं में अनियमितता के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन करने, मानदेय पुनर्निर्धारण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में सरकार और मिशन कार्यालय द्वारा लंबे समय से किए जा रहे आश्वासनों एवं टालमटोल के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करने एवं अन्य मांगो को लेकर अक्टूबर से राज्यव्यापी आहवान पर अक्टूबर से शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन जायेगा। जिला आईटी मैनेजर, प्रखड आईटी सहायक, प्रोगामर, कार्यपालक सह्ायक व डाटा इंट्री अपरेटर का संयुक्त मोर्चा मोर्चा बनेगा। बयान में जिला अध्यक्ष अमरजीत कुमार भारती ने कहा कि 26082025 की 36वीं शासी परिषद की बैठक में मानदेय पुनर्निर्धारण के प्रस्ताव पर अगली बैठक में प्राथमिकता से विचार का निर्णय हुआ था। इसके बाद 06102025 को अपर मुख्य सचिव-सह-मिशन निदेशक के साथ वार्ता में मानदेय वृद्धि का आश्वासन दिया गया। पुनः 10122025 की 37वीं शासी परिषद की बैठक में उच्चस्तरीय समिति गठित कर तीन माह में अनुशंसा देने का निर्णय लिया गया।

बेगूसराय के अनिकेत रंजन सीनियर वर्ग में विजेता बने

खगड़िया (डीएनएस) । जय खगड़िया शतरंज क्लब के तत्वाधान में शारदा देवी उजियार साह मेमोरियल एक दिवसीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शहर के नगर पालिका रोड स्थित आमंत्रण बैंटि हल में किया गया। जिसमें बिहार के 18 जिले क्रमशः बेगूसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, लखीसराय, मुंगेर, समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, भागलपुर, जमुई, लखीसराय, गया, कटिहार, सीतामढ़ी, भोजपुर एवं कोलकाता के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस शतरंज प्रतियोगिता के खेल का उद्घाटन सदर प्रखंड खगड़िया के प्रखंड विकास पदाधिकारी पूरन साहू, डीपीआरओ खगड़िया एवं दरभंगा के युवा खिलाड़ी अंश चौधरी ने शतरंज के मोहरे की चाल चलकर किया । प्रतियोगिता के 6 चक्र की समाप्ति पश्चात बेगूसराय के अनिकेत रंजन साढे पांच अंक प्राप्त कर सीनियर वर्ग में विजेता, वहीं मधेपुरा के समीर वर्धन उप विजेता, अंडर 15 बालक वर्ग में खगड़िया के रूद्रवीर सिंह विजेता, अनी परमार उपविजेता, अंडर 15 बालिका वर्ग में बेगूसराय की इशिका विजेता, सहरसा की चंचल कुमारी उपविजेता, अंडर 11 बालक वर्ग में जमुई के अविराज शौर्य विजेता, लखीसराय के ष्ण कुमार अप विजेता, अंडर 11 बालिका वर्ग में पूर्णिया के आति नव्या विजेता, राधा रानी उपविजेता, बेस्ट महिला वर्ग में खगड़िया की तनु कुमारी विजेता, बेगूसराय की गीतांजलि कुमारी उपविजेता, वेटरन वर्ग में मनोज कुमार राय, बेस्ट खगड़िया में शुभम कुमार विजेता, मयंक कुमार उपविजेता बने। सबसे युवा खिलाड़ी में खगड़िया के ष्टि कुमारी को बेस्ट यंगेस्ट पुरस्कार दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मानसी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि खगड़िया जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश रोशन एवं अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा सीनियर वर्ग में प्रथम से दसवीं रैंक, अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम से चतुर्थ,अंडर 11 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम से चतुर्थ रैंक आने वाले उपर्युक्त सभी खिलाड़ियों को ट्रफी, मेडल व नगद पुरस्कार तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खगड़िया जिला के शतरंज एवं नशा मुक्त भारत व जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव अनिल कुमार व संयुक्त सचिव आशुतोष कुमार के अलावे अन्य जिलों के प्रतिभागी गण व खेल प्रेमी उपस्थित थे। उक्त शतरंज प्रतियोगिता का संचालन जय खगड़िया शतरंज क्लब के सचिव खगड़िया के प्रशिक्षक व अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी सह वरिष्ठ राष्ट्रीय शतरंज निर्णायक जे0 के0 जवाहर एवं मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर चंद्र राज थें।

कार्यक्रम में बीडीओ व अन्य।

शतरंज खेलते प्रतिभागी।

बच्चों के बीच हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट

बेलदौर । थाना क्षेत्र के पिरनगरा पंचायत स्थित केहर मंडल टोला में बच्चों के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। इस मामूली बात को लेकर दबंगों ने एक 28 वर्षीय महिला के साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित महिला की पहचान केहर मंडल टोला निवासी अवधेश मंडल की 28 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी के रूप में हुई है। घटना बीते रविवार की देर शाम की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला के बच्चे के साथ दूसरे पक्ष के बच्चों की मारपीट हुई थी।

भरसो बंधकट्टा के समीप डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

मृतक के पिता को दिए गए 4-4 लाख रुपये के चेक

परबत्ता (डीएनएस) । प्रखंड अंतर्गत भरसो पंचायत के बंधकट्टा के समीप सोमवार को बाढ़ के पानी में ान करने के दौरान डूबने से दो सगे किशोर भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कोलवारा पंचायत के तेलियाबथान गांव निवासी इतवारी मंडल के पुत्र गोविंद कुमार (14) और जय जय कुमार (15) के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, तेलियाबथान गांव के कुछ लोग बंधकट्टा के समीप ान कर रहे थे। इसी दौरान गोविंद कुमार और उसका भाई जय जय कुमार भी ान करने लगे। बताया जाता है कि ान के दौरान गोविंद अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को बचाने के प्रयास में जय जय भी गहरे पानी में पहुंच गया। इसी दौरान दोनों तेज धार की चपेट में आकर

चेक देते एसडीओ व अन्य।

डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों, गोताखोरों और आपदा मित्रों ने तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला गया। सौढ़ उत्तरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमेश सिंह एवं सीओ हरिनाथ राम की मदद से दोनों को वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता लाया गया, जहां चिकित्सक ड़ आशुतोष कुमार ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गोगरी एसडीओ संजय कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता पहुंचे और मृतक के पिता को आपदा प्रावधान के तहत 4-4 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। मौके पर गोगरी एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर, सीओ हरिनाथ राम, जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि ई सौरभ कुमार, मुखिया प्रतिनिधि उमेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।परबत्ता थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुमंत कुमार चौधरी ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पसराहा थाना पुलिस को सौंप दिया। पसराहा थाना पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में घायल निजी शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

बेलदौर (डीएनएस) । थाना क्षेत्र के माली गांव के पास एनएच-107 पर बीते 31 अगस्त को हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल निजी शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान माली गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो अपने पीछे पत्नी रूना कुमारी और दो बेटों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मामले में मृतक की पत्नी ने पुलिस को आवेदन देकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, 31 अगस्त की शाम धर्मेंद्र कुमार अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान माली गांव स्थित एनएच-107 पर मिथिलेश यादव के घर के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दूसरी बाइक को पीरनगरा पंचायत (वार्ड नंबर 10) निवासी बुची यादव का 20 वर्षीय पुत्र चंचल यादव चला रहा था। चंचल बेहद तेजी और लापरवाही से गाड़ी दौड़ा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि धर्मेंद्र कुमार सड़क पर कई फीट दूर जा गिरे और दोनों गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। हादसे के तुरंत बाद आरोपी चंचल यादव अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल शिक्षक को सोनबरसा राज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सहरसा) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें लर्ड बुद्धा मेडिकल कलेज, बैजनाथपुर (सहरसा) में भर्ती कराया। स्थिति में सुधार न होने पर उन्हें बेगूसराय के क्रेस्ट हस्पिटल ले जाया गया, जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की पुष्टि करते हुए बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और फरार आरोपी चालक की तलाश व आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

नशा सेवन करने वालों तक सीमित न रखें कार्रवाई, पूरे तंत्र पर प्रहार किया जाए : डीएम

खगड़िया(डीएनएस) । जिलाधिकारी विक्रम वीरकर की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। इस दौरान सूखा नशा एवं स्मैक के बढ़ते प्रचलन को रोकने तथा इसके कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने को विशेष प्राथमिकता देते हुए विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सूखा नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप लेता जा रहा है। इसके सेवन एवं कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस, प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि ग्राम एवं वार्ड सदस्यों के साथ वार्डवार बैठक कर ऐसे स्थानों की पहचान की जाए, जहां नशीले पदार्थो के सेवन अथवा इससे संबंधित गतिविधियों की संभावना है। चिन्हित स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। ऐसे पुराने, सुनसान एवं जर्जर भवनों, जहां नशीले पदार्थो के सेवन की शिकायत अथवा संभावना है, वहां पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इन स्थानों का दुरुपयोग रोका जा सके। चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा लगातार गश्ती एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्रों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नशीले पदार्थो की बिक्री एवं आपूर्ति में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर विशेष रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सूखा नशा के विरुद्ध कार्रवाई को केवल नशा सेवन करने वालों तक सीमित न रखते हुए इसके पूरे तंत्र पर प्रहार किया जाए। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले में सूखा नशा के प्रसार को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। बैठक में सेवांत लाभ से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अधीन कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित लंबित मामलों का निष्पादन बुधवार तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। जिन पदाधिकारियों के अधीन सेवांत लाभ से संबंधित मामले लंबित पाए जाएंगे, उनके वेतन के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को देय सहायता राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सभी पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मजदूरी छीनने और मारपीट का आरोप, थाने में दिया आवेदन

चौथम (डीएनएस) । थाना क्षेत्र के तेलौंछ पंचायत अंतर्गत गढ़िया गांव में एक 61 वर्षीय मजदूर के साथ मारपीट करने और उसकी मजदूरी की रकम छीन लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बकिया वार्ड नंबर-8 निवासी 61 वर्षीय मनोज चौधरी ने चौथम थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाने को दिए आवेदन में मनोज चौधरी ने आरोप लगाया है कि वह सुबह करीब 830 बजे तीज पर्व के अवसर पर बाजा का किराया देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान मोहन ठाकुर के खेत के पास पहुंचते ही दो युवक मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आवेदन के अनुसार, आरोपितों में राजा कुमार, पिता राजेश ठाकुर, निवासी बकिया तथा गुलाम कुमार (24 वर्ष), पिता राम सागर मिश्र, निवासी तोफिर गढ़िया शामिल हैं। मजदूर ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उनकी आंख को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की गई। साथ ही, उनके पास मौजूद घ्6,200 की राशि भी दोनों युवकों द्वारा छीन ली गई। मनोज चौधरी के अनुसार, उनके द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, जिसके बाद दोनों युवक वहां से भाग निकले।घटना के बाद जख्मी मजदूर ने चौथम थाने पहुंचकर आवेदन दिया और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर न्याय एवं उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

घायल मजदूर।

मोबाईल चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर की पिटाई

बेलदौर (डीएनएस) । डुमरी बाजार और आसपास के ग्रामीण इलाके में मोबाइल चोरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय लोग व दुकानदार दहशत में हैं। इसी बीच, डुमरी गांव में मोबाइल चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर उग्र ग्रामीणों ने एक शातिर चोर को पेड़ से बांधकर जमकर पीट दिया। मिली जानकारी के अनुसार, डुमरी गांव निवासी अशोक सहनी के घर में उनके किसी रिश्तेदार की मौत हो गई थी, जहां घर के लोग मातम में थे। इसी दौरान गांव के ही इंदल सहनी के पुत्र नवीन सहनी ने वहां से एक मोबाइल चोरी कर लिया और उसे किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। मोबाइल चोरी की बात जब ग्रामीणों को पता चली, तो उन्होंने नवीन सहनी को पकड़ लिया और कदम के पेड़ से बांधकर उसकी धुनाई कर दी। पिटाई के दौरान नवीन सहनी ने स्वीकार किया कि उसने मोबाइल चोरी करके दूसरे व्यक्ति को बेच दिया है। स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि नवीन सहनी इलाके का आदतन चोर है। वह पहले भी कई ग्रामीणों और दुकानदारों के मोबाइल चुराकर बेच चुका है। पुलिस उसे कई बार गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भी भेज चुकी है, लेकिन जेल से बाहर आते ही वह फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगता है। उसकी इस हरकत से पूरा डुमरी बाजार और ग्रामीण खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

संक्षिप्त खबरें

फतुहा औद्योगिक क्षेत्र गन पइंट पर साढ़े चार लाख की लूट, व्यवसायी का सनसनीखेज बयान और पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप

फतुहा । औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार की दोपहर अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए दिनदहाड़े हथियार के बल पर एक व्यवसायी से साढ़े चार लाख रुपये लूट लिए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पीड़ित व्यवसायी के बयान और स्थानीय स्तर पर लगे गंभीर आरोपों ने पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के शिकार पटना के बुद्धा कलोनी निवासी और सिक्यूरिटी एजेंसी संचालक प्रभुशंकर ने आपबीती बताते हुए कहा कि उन्हें फतुहा फैक्ट्री स्थित नेशनल प्लास्टिक कंपनी के कामगारों को वेतन देना था। वे पटना से साढ़े चार लाख रुपये पिट्ठू बैग में रखकर बाइक से फतुहा आ रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही वे फैक्ट्री एरिया में श्री प्लाई कंपनी के पास पहुंचे, दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। प्रभुशंकर के अनुसार, एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर उनकी कनपटी पर सटा दी और बाकी बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने पिस्तौल के बट से उनपर प्रहार कर दिया, जिससे उनका हेलमेट टूट गया और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। इसके बाद बदमाश हथियार लहराते हुए फरार हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी बदमाश ने चेहरा नहीं ढंका था और सभी स्थानीय बोली बोल रहे थे, जिससे वे सभी स्थानीय अपराधी प्रतीत होते हैं। घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों और पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन पर सीधे तौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की गश्ती पूरी तरह नगण्य है। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े इस तरह की लूट की घटना ने पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। पीड़ित ने आक्रोश जताते हुए प्रशासन से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। इधर, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अग्रेतर करवाई जारी है।

दक्षिणी मंडल की सेवा संकल्प अभियान में कार्यशाला

सोनपुर (एन एसबी) विधायक कार्यालय सोनपुर मे मण्डल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पाजली एवं वन्देमातरम से किया गया। सोनपुर नगर एवं सदर दक्षिणी मंडल की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि देश आज विकास कर रहा है पूरी दुनिया भारतीय के शक्ति को जान रही हैं।सभी देश भारत को आशा एवं सम्मान दे रहे हैं, देश आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी महामानव है। 17 सितंबर जन्मदिन के अवसर पर सभी बुथों पर एवं बाबा हरिहरनाथ मंदिर,सभी लाभार्थियों के घर पर 17 सितंबर को 7रू00 बजे सभी जगह दिया जलाने के साथ 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक इस अभियान के रूप में मानना है। प्रदेश मिडिया प्रभारी नीलम राम भारती, सिवान पश्चिम जिला प्रभारी लालबाबु कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी

बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

राजेश ओझा ने भी इस कार्यशाला के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू एवं धन्यवाद ज्ञापन दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया।मौके पर जिला उपाध्यक्ष ष्णा राम, नरेश सिंह, धनंजय सिंह, शशिभूषण सिंह, संजीव कुमार सिंह, महेश कुमार, मंगल राय, अविनाश कुमार, प्रिंस कुमार, सत्येंद्र नारायण सिंह,ष्णन्दन दास, दुर्गा दास, श्रीमती राणाविमल सिंह, कुमार योगेश,सिमरन गौतम, कांति देवी,जयंत कुमार सिंह, राजन कुमार दास, पवन सिंह, आदर्श कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता इस कार्यशाला मे शामिल हुए।

जमालपुर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सजे गणपति दरबार, मारवाड़ी पट्टी से शुरू हुई गणेश पूजा की परंपरा

अब पूरे शहर में गूंज रहा गणपति बप्पा का जयकारा, 2012 में युवाओं ने की थी शुरुआत

जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)। कभी शहर के एक मोहल्ले तक सीमित रही गणेश पूजा की परंपरा आज जमालपुर के अलग-अलग हिस्सों में आस्था और उत्साह का रंग बिखेर रही है। शहर के मारवाड़ी पट्टी में वर्ष 2012 में युवाओं की टीम ने पहली बार गणेश पूजा महोत्सव की शुरुआत की थी। देखते ही देखते यह पहल श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता की परंपरा में बदल गई। आज गणेश पूजा महोत्सव शहर के कई हिस्सों में धूमधाम से मनाया जा रहा है।चार दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को लेकर जमालपुर शहर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट के साथ धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। सुबह-शाम पूजा-अर्चना और आरती के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है।पूजा

गणेश पूजा करते श्रद्धालु।

समिति से जुड़े राहुल कुमार, राहुल खेतान, अमन शर्मा, विष्णु कुमार, सूरज कुमार, चीकू कुमार और अभिषेक खेतान ने बताया कि जमालपुर में गणेश पूजा महोत्सव की शुरुआत सबसे पहले मारवाड़ी पट्टी से ही हुई थी। युवाओं ने वर्ष 2012 में मिलकर इसकी नींव रखी थी। इसके बाद शहर के विभिन्न मोहल्लों में भी गणेश पूजा का आयोजन शुरू हुआ और धीरे-धीरे यह महोत्सव शहर की धार्मिक-सांस्तिक गतिविधियों का हिस्सा बन गया।गणेश पूजा को लेकर बाजारों और पूजा स्थलों पर पुलिस प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। जमालपुर और ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की गश्ती और निगरानी देखी जा रही है। भीड़भाड़ वाले बाजारों और पूजा स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।गणेश पूजा महोत्सव को लेकर शहर में जगह-जगह भक्ति का माहौल है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं। अगले चार दिनों तक पूजा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शहर में उत्सवी माहौल रहने की उम्मीद है।

विश्वकर्मा पूजा को लेकर जमालपुर स्टेशन पर बढ़ी सुरक्षा

जमालपुर (मुंगेर) । विश्वकर्मा पूजा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की बढ़ने वाली भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेल पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। रेल एसपी विद्यासागर के निर्देश पर जमालपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस की टीम ने सघन सर्च अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मो पर पहुंचकर यात्रियों के सामान की जांच की। संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस टीम ने यात्रियों को भी सतर्क रहने और किसी भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु की सूचना तत्काल रेल पुलिस को देने की अपील की।रेल पुलिस

प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलते रेल पुलिस।

का यह अभियान विश्वकर्मा पूजा के दौरान स्टेशन पर संभावित अतिरिक्त भीड़, यात्रियों की आवाजाही और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जांच के दौरान प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के बीच भी सुरक्षा को लेकर जागरूकता देखने को मिली।सर्च अभियान में एसआई मुन्ना कुमार यादव, एसआई झग्गू उड़ोन, कांस्टेबल काजल कुमारी, महेश यादव, रामावतार यादव, मोहम्मद शहजाद सहित रेल पुलिस के कई जवान मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहार के दौरान स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निगरानी और जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा

जमालपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थान में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुढ़ करने तथा मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने की। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़अशोक कुमार पासवान, हेल्थ

बैठक करती बीडीओ।

मैनेजर शिव प्रकाश, समिति के सदस्य उत्तम दास, अनिल पासवान, प्रेम शंकर पाठक एवं खुशबू देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।बैठक में अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों को मिलने वाली सेवाओं तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी स्तर पर आवश्यक पहल की जानी चाहिए। साथ ही अस्पताल की साफ-सफाई, दवा एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ाअशोक कुमार पासवान ने स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। बैठक में मरीजों के हित में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया।

इरिमी जमालपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

जमालपुर (मुंगेर)। भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरिमी जमालपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को राजभाषा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी के संवर्धन, प्रचार-प्रसार और कार्यालयीन कार्यो में इसके अधिकाधिक एवं प्रभावी प्रयोग का संकल्प लिया।कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य श्री प्रेम प्रकाश ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग महज संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यो को सरल, सहज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम है। भारतीय रेल जैसे विशाल संगठन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से कार्य-संसति में एकरूपता आएगी और अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच संवाद भी अधिक प्रभावी होगा।इस दौरान उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं आचार्य मो़ अय्यूब खान, आचार्य सिद्धार्थ शंकर, व्याख्याता गिरीश वर्मा, आश्विन विनय बखला, राजेंद्र झा, मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार सिंह,मुकेश कुमार, मनोज कुमार, संजय सिन्हा,सव्यसांची सुमन, मुख्य कार्यालय अधीक्षक संजय सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कनिष्ठ अनुवादक विकास

हिंदी को लेकर संकल्प लेते अधिकारी।

कुमार ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राजभाषा संकल्प ग्रहण करते हुए भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यो में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।इरिमी में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। हिंदी कार्यशाला, हिंदी प्रतियोगिता, यूनिकोड हिंदी टंकण प्रशिक्षण, राजभाषा पखवाड़ा समेत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। राजभाषा संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान ने स्पष्ट संदेश दिया कि हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि कार्यालय की दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में राजभाषा विभाग के योगदान की सराहना करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

रेल इंजन पर पत्थरबाजी के आरोप में युवक गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर)। जमालपुर यार्ड में खड़े रेल इंजन पर पत्थरबाजी करने के आरोप में आरपीएफ ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के केशोपुर निवासी अमित के रूप में हुई है। आरोप है कि युवक शराब के नशे में यार्ड पहुंचा और वहां खड़े रेल इंजन पर पत्थर फेंकने लगा। घटना के बाद रेलकर्मियों एवं आरपीएफ जवानों में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।मामले की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि रेल इंजन पर पत्थरबाजी करना गंभीर मामला है। इससे रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ परिचालन व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आरपीएफ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।आरपीएफ ने बताया कि रेल परिसर में उपद्रव या रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यार्ड एवं रेल परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी भी बढ़ाई गई है।

बाढ़ पीड़ितों की थाली तक पहुंच रहा खाना या नहीं, अफसरों ने लिया जायजा

जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)। बाढ़ की मार झेल रहे जमालपुर प्रखंड के पांच पंचायतों में संचालित सामुदायिक किचन की व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण किया। अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने सिंघिया, परहम, इंद्ररुख पश्चिमी, रामपुर कला और इटहरी पंचायत में पहुंचकर सामुदायिक किचन की व्यवस्था देखी।अधिकारियों ने सामुदायिक किचन में तैयार किए जा रहे भोजन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही यह भी जानकारी ली कि बाढ़ पीड़ितों के लिए तैयार खाना नियमित रूप से उपलब्ध हो रहा है या नहीं और संबंधित इलाकों में रहने वाले सभी जरूरतमंद

सामुदायिक किचन देखते अधिकारी।

परिवारों तक भोजन पहुंच रहा है या नहीं। टीम ने संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों से भी राहत एवं भोजन वितरण की व्यवस्था के बारे में पूछताछ की।निरीक्षण के दौरान सामुदायिक किचन में मौजूद बाढ़ पीड़ितों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं। लोगों ने बाढ़ के कारण उत्पन्न परेशानियों, राहत सामग्री और अन्य जरूरी सुविधाओं से संबंधित अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचाई। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि आपदा की इस घड़ी में किसी भी बाढ़ पीड़ित को भोजन से वंचित नहीं होना चाहिए। जरूरतमंद परिवारों तक राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस दौरान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, नपकर्मी प्रेम शंकर सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

जुबली बेल चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद गंभीर

जमालपुर (मुंगेर)। शहर के हृदयस्थली कहे जाने वाले जुबली बेल चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद जमालपुर गंभीर नजर आ रहा है। सोमवार की संध्या नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ जुबली बेल चौक पहुंचे और वहां चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सड़क के दोनों किनारों पर राहगीरों के लिए तैयार किए जा रहे पैदल पथ का बारीकी से जायजा लिया। पैदल मार्ग पर बिछाई जा रही फैंसी ईंटों की गुणवत्ता, निर्माण की स्थिति एवं कार्य की गति को देखते हुए उन्होंने संवेदक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया।ईओ ने कहा कि जुबली बेल चौक शहर का प्रमुख और व्यस्ततम स्थल है। इसके सौंदर्यीकरण से न केवल चौक की खूबसूरती बढ़ेगी, बल्कि राहगीरों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सोनम राज, प्रेम शंकर सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।विदित हो कि जुबली बेल चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर पिछले दिनों नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने भी अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया था। उनके निरीक्षण के बाद अब कार्यपालक पदाधिकारी की टीम द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति की लगातार निगरानी किए जाने से स्थानीय लोगों में चौक के बेहतर स्वरूप में विकसित होने की उम्मीद जगी है।

निर्माण कार्य का जायजा लेते कार्यपालक पदाधिकारी।

फरक्का जल संधि, पानी की धार में रिश्तों की परीक्षा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। राजद के पूर्व बाढ़ विधानसभा प्रत्याशी रणवीर ने फरक्का जल संधि को भारत-बांग्लादेश संबंधों के साथ-साथ बिहार के भविष्य से जुड़ा अहम मुद्दा बताते हुए कहा कि नदियां सीमाएं नहीं पहचानतीं, लेकिन उनका पानी करोड़ों लोगों की जिी तय करता है। इसलिए गंगा जल बंटवारे का समाधान राजनीति से नहीं, वैज्ञानिक सोच, पारदर्शिता और आपसी संवाद से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1996 का गंगा जल समझौता अपने समय में महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल था, लेकिन बदलते जलवायु, अनियमित मानसून, बढ़ती षि जरूरत, गाद, प्रदूषण और नदी के बदलते स्वरूप ने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे में भविष्य के लिए जल प्रबंधन की व्यापक और वैज्ञानिक व्यवस्था जरूरी है। रणवीर ने कहा कि फरक्का का प्रभाव केवल भारत-बांग्लादेश तक सीमित नहीं है। गंगा के प्रवाह का सीधा संबंध बिहार की बाढ़, कटाव, सिंचाई और भूजल से है। इसलिए किसी भी नई जल नीति में बिहार की आवाज को मजबूती से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश को जल-प्रवाह, वर्षा, गाद और बाढ़ पूर्वानुमान से जुड़े आंकड़े साझा करते हुए संयुक्त वैज्ञानिक निगरानी तंत्र विकसित करना चाहिए। गंगा को राजनीतिक विवाद का विषय बनाने के बजाय सीमापार सहयोग और साझा समृद्धि का माध्यम बनाना समय की मांग है। रणवीर ने कहापानी बांटा जा सकता है, लेकिन नदी को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता। असली जीत तभी होगी, जब गंगा बचे, किसान बचे और दोनों देशों के लोगों का भविष्य सुरक्षित रहे।

बाढ़ थाना क्षेत्र की घटना ने फिर खड़े किए निगरानी और रोकथाम के सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में शराबबंदी लागू हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। कानून का उद्देश्य स्पष्ट हैशराब के सेवन और अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना तथा समाज को इसके दुष्परिणामों से बचाना। इसके बावजूद समय-समय पर शराब की बरामी से जुड़ी घटनाएं यह सवाल जरूर खड़ा करती हैं कि प्रतिबंधित शराब आखिर विभिन्न रास्तों से लोगों तक पहुंच कैसे रही है। बाढ़ के छज्ज्ब थाना क्षेत्र से सामने आई एक ऐसी ही घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्ति कथित रूप से शराब की बोतलें लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस की कार्रवाई के क्रम में पांच बोतलों में से तीन बोतलें क्षतिग्रस्त होकर फूट गईं, जबकि दो बोतलें पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लिए जाने की बात सामने आई है। घटना में बाइक सवार तीनों व्यक्तियों की पहचान तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की वास्तविक स्थिति और शराब के स्रोत की जानकारी पुलिस जांच के बाद ही पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। यह घटना भले ही छोटी नजर आए, लेकिन शराबबंदी जैसे व्यापक सामाजिक अभियान के संदर्भ में इसके मायने बड़े हैं। आखिर प्रतिबंधित शराब की खेप अगर सड़क पर चल रही है तो उसके पीछे केवल वाहन पर सवार व्यक्ति ही महत्वपूर्ण कड़ी नहीं है। शराब कहां से आई, किसके लिए जा रही थी, इसका स्रोत क्या था और इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क है या नहींये सभी सवाल जांच का हिस्सा बन सकते हैं। शराबबंदी का कानून केवल शराब की बोतल पकड़ने तक सीमित नहीं है। इसकी वास्तविक सफलता इस बात से तय होगी कि प्रतिबंधित शराब की आपूर्ति की पूरी श्रृंखला पर कितनी प्रभावी निगरानी हो रही है। यदि किसी स्थान पर शराब बरामद होती है तो कार्रवाई के साथ-साथ उसके स्रोत तक पहुंचना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इससे अवैध कारोबार की जड़ पर प्रहार किया जा सकता है। इस घटना का दूसरा पहलू यह भी है कि सड़क पर शराब की बोतलों का मिलना अपने आप में कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं देता। किसी व्यक्ति के पास शराब मिलने की परिस्थितियां क्या थीं, वह शराब कहां से लाई गई थी और किस उद्देश्य से ले जाई जा रही थीइन तमाम बिंदुओं की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकती है। इसलिए किसी व्यक्ति या समूह को दोषी ठहराने के बजाय जांच के निष्कर्ष का इंतजार करना ही निष्पक्ष ष्टिकोण होगा। व्यंग्यात्मक तौर पर कहा जा सकता है कि शराबबंदी वाले बिहार में कभी-कभी शराब की बोतलें खुद सड़क पर आकर व्यवस्था के सामने सवाल खड़े कर देती हैं। मगर इन सवालों का जवाब केवल बरामद बोतलों की संख्या में नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था में तलाशना होगा जिसके जरिए प्रतिबंधित शराब एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचती है। पुलिस और प्रशासन के सामने चुनौती भी यही है कि ऐसी छोटी-बड़ी घटनाओं को केवल एक मामले के रूप में न देखकर इनके पीछे की कड़ी को समझा जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों, परिवहन मार्गो, सुनसान रास्तों और संभावित आपूर्ति केंद्रों पर निगरानी, सूचना तंत्र को मजबूत करना तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई शराबबंदी को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। साथ ही समाज की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कानून कितना भी सख्त क्यों न हो, उसकी सफलता तभी संभव है जब आम नागरिक भी अवैध शराब के कारोबार को सामाजिक स्वीति न दें। शराब की मांग बनी रहेगी तो अवैध आपूर्ति के रास्ते तलाशने वाले लोग भी सक्रिय रहेंगे। इसलिए कानून के साथ जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी भी आवश्यक है। बाढ़ छज्ज्ब थाना क्षेत्र की यह घटना इसी बड़े सवाल की ओर संकेत करती है कि शराबबंदी के बावजूद प्रतिबंधित शराब की आवाजाही को पूरी तरह रोकने के लिए क्या निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है। पांच बोतलों में तीन का फूट जाना और दो का पुलिस के कब्जे में पहुंचना घटना का तत्काल श्य हो सकता है, लेकिन असली कहानी जांच के बाद सामने आएगी। शराबबंदी की सफलता का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितनी बोतलें पकड़ी गईं, बल्कि यह भी होना चाहिए कि कितनी बोतलें बाजार और समाज तक पहुंचने से पहले ही रोक दी गईं। यही वह बिंदु है जहां कानून, प्रशासन और समाजतीनों की साझा जिम्मेदारी सामने आती है। फिलहाल, घटना को लेकर पुलिस की जांच और तथ्यों की पुष्टि का इंतजार है। जांच के निष्कर्ष से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद शराब का स्रोत क्या था और इसके पीछे कौन-सी कड़ी काम कर रही थी। तब तक इस घटना को शराबबंदी व्यवस्था के सामने एक सवाल के रूप में देखना अधिक उचित होगा, किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आरोप के रूप में नहीं।

सड़क पर शराब ही शराब की बोतलें,बाढ़।

हिंदी दिवस पर गूंजा हिंदी का गौरव गान

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में नुक्कड़ नाटक से दिया भाषा-सम्मान का संदेश

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। हिंदी दिवस के अवसर पर ऑटोनोमस एवं नैक से बी++ ग्रेड प्राप्त संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वीरसिंहपुर में सांस्कृतिक समिति एवं पाठचर्या समिति के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और जागरूकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा हिंदी को व्यवहार और शिक्षा का जीवंत माध्यम बनाने का संदेश देना था।

सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार एवं रोहित कुमार के निर्देशन में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भाषा, संस्कृति और सामाजिक चेतना से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षुओं के संवाद, अभिनय और संदेशपरक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

नुक्कड़ नाटक में आयुष, गजाला प्रवीण, अस्मिता, रौशन, सुस्मिता, चांदनी, आयुषी, प्रयास, नीरज, सुमन, कृति, रिशु, तन्नु, अर्पिता एवं सृष्टि सहित बीएड एवं डीएलएड के अन्य प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम कॉलेज परिसर से शुरू होकर वीरसिंहपुर दुर्गा मंदिर के प्रांगण तक पहुंचा, जहां प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को हिंदी भाषा के महत्व के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार, संवेदना और पहचान की आधारशिला है। उन्होंने प्रशिक्षुओं की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि भावी शिक्षक के रूप में उनकी जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों में अपनी भाषा के प्रति गौरव और सम्मान की भावना विकसित करें।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका डॉ. श्वेता द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी, सुरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. अमित कुमार पांडेय एवं चंदन कुमार ने भी हिंदी की महत्ता पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति, लोकजीवन, संवेदना और सामाजिक एकता को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। इसे केवल एक विषय के रूप में नहीं, बल्कि दैनिक व्यवहार, शिक्षण-अधिगम और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मौके पर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

गुजरात में सड़क हादसे में बढ़ौना के दो मजदूरों की मौत, शव पहुंचा गांव

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। गुजरात के गांधीनगर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बढ़ौना गांव के दो मजदूरों के शव सोमवार को गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव पहुंचते ही मृतकों के परिजनों की चीख-पुकार से पूरा गांव गमगीन हो उठा। पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल बेहद मार्मिक हो गया।

चार बेटियों समेत सात बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतकों की पहचान विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव के वार्ड संख्या 13 निवासी रामचंद्र पासवान के 35 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार पासवान उर्फ जटहू तथा रामबहादुर पासवान के 27 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र पासवान के रूप में हुई है। दोनों गुजरात के गांधीनगर में मजदूरी करते थे और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।

बताया गया कि शनिवार को दोनों मजदूर काम के सिलसिले में जा रहे थे। इसी दौरान गुजरात में हुए सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। परिजन शव आने का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अमरजीत कुमार पासवान के परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक पुत्र है। वहीं धर्मेंद्र पासवान के परिवार में दो पुत्रियां और दो पुत्र हैं। दोनों कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी असमय मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर असर पड़ा है। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिजनों की चिंता और बढ़ गई है।

संक्षिप्त खबरें

पेट्रोल पंप के पास युवक पर फायरिंग, ग्रामीणों ने दो आरोपितों को पकड़ा

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को बाइक सवार तीन अपराधियों ने एक युवक को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। गोली चलने की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। हालांकि, घटना में युवक के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार फुलहारा गांव निवासी रंजन कुमार के 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार को बाइक सवार अपराधियों ने निशाना बनाकर फायरिंग की। घटना के बाद तीनों अपराधी बाइक से मौके से भागने लगे। इसी दौरान रास्ते में ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पीछा कर दो आरोपितों को पकड़ लिया, जबकि एक आरोपित भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपितों की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के बेलामेघ गांव निवासी दिनेश महतो के 20 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार तथा मोहम्मद फेजूर रहमान के 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फैयाज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल, हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। साथ ही घटना के कारणों और फायरिंग में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

विभिन्न गांवों में मारपीट, महिला समेत तीन घायल

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायलों की पहचान जटमलपुर गांव निवासी 22 वर्षीय चुनचुन देवी, 18 वर्षीय किरण कुमारी और 60 वर्षीय चंदेश्वर पासवान के रूप में की। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति पर निगरानी रखी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि सभी घायलों का इलाज सीएचसी में जारी है।

प्राथमिकी अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर (एनएसबी)। चकमेहसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त समेत एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि कांड संख्या 172/26 में गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त की पहचान सोमनाहा गांव निवासी चंदेश्वर महतो के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। वहीं, एनबीडब्ल्यू वारंटी की पहचान सोमनाहा गांव निवासी मुल्ला महतो के पुत्र टुनटुन महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों से संबंधित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सीतामढ़ी में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के ह्यसात निश्चय-3ह्ल के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जनसुनवाई की। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, बिजली, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड और अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें रखीं। डीएम ने मामलों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद मजबूत हो रहा है।

जनसुनवाई करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

मानवाधिकार संगठन पीयूसीएल करेगी बैधनाथ महतो की हत्या की जांच

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मानवाधिकार संगठन (लोक स्वातंत्र्य संगठन)पीयूसीएल के प्रदेश अध्यक्ष डा. आनन्द किशोर ने बयान जारी कर बताया है कि सीतामढी जिले के डूमरा थानान्तर्गत केथरिया गांव मे बैधनाथ महतो की हत्या की जांच पीयूसीएल की सीतामढी जिला ईकाई द्वारा कराई जायगी। आवश्यक हुआ तो टीम में राज्य समिति के साथी को भी शामिल किया जायगा। इस संबंध मे पीयूसीएल के जिलाध्यक्ष तथा महासचिव से आग्रह किया गया है कि बैठक कर शीघ्र जांच टीम गठित किया जाए। जांच टीम की रिपोर्ट आने पर रिपोर्ट तथा अनुशंसा राज्य मानवाधिकारआयोग तथा राज्य सरकार को भेजकर पीड़ितों को न्याय तथा अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई हेतू पहल किया जायगा।

दस बोतल प्रतिबंधित दवा के साथ एक युवक धराया

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त करवाई में एक युवक दस बोतल कॉरेक्स के साथ पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे के बैरगनिया रेलवे स्टेशन के मुख्य सड़क में अवस्थित एक मंदिर के समीप छुपाकर रखे गए कॉरेक्स के साथ थाना के पीएसआई राजकुमार के साथ एसएसबी जवानों ने सोमवार को करीब 4 बजे करवाई को अंजाम दिया है। पकड़े गए युवक डूमरवाना कुली टोला का निवासी है लेकिन आधिकारिक रूप में उसके नाम का उल्लेख नहीं किया गया है।

बीज निदेशालय में आईसीएआर के छात्र-छात्राओं का उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। कौशल विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड के 54 छात्र-छात्राओं ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के बीज निदेशालय में औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बीज उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, भंडारण, प्रमाणीकरण और विपणन तक की तकनीकी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीज निदेशालय के निदेशक डॉ. धीरेन्द्र कुमार राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बीज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, पैकेजिंग, प्रमाणीकरण एवं विपणन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बीज निदेशालय की ओर से संचालित तकनीकी गतिविधियों एवं नवीनतम तकनीकों से भी अवगत कराया।

डॉ. राय ने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता की भी व्यापक संभावनाएं हैं। गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन एवं उसके प्रसंस्करण से जुड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उन्हें उद्यमिता के लिए तैयार करना था। परिभ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बीज निदेशालय के वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को बीज प्रसंस्करण संयंत्र का भ्रमण कराया। इस दौरान उन्हें बीज प्रसंस्करण की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा संयंत्र में व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया।

विद्यार्थियों ने तकनीकी प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा और विशेषज्ञों से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड के वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आकाश एवं डॉ. ओम प्रकाश तथा डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमित कुमार एवं डॉ. सुषमा एमके ने भाग लिया। बीज निदेशालय के वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राजीव कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुमार चौधरी एवं डॉ. हेमचंद्र चौधरी ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता साझा की।

सुहागिनों ने श्रद्धा के साथ मनाई हरतालिका तीज

विद्यापतिनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु, अखंड सौभाग्य एवं सुखमय दांपत्य जीवन की कामना को लेकर पूरे दिन निर्जला उपवास रखा। पर्व को लेकर सुबह से ही गांव-कस्बों के घरों में उत्सवी माहौल बना रहा। महिलाओं ने सुबह स्नान के बाद नए परिधान धारण किए और सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारियों में जुट गईं। हाथों में मेहंदी रचाने के साथ महिलाओं ने तीज पूजन के लिए फल, फूल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की। शाम होते ही विभिन्न घरों एवं पूजा स्थलों पर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

डॉ. विजय कपूर को काशी कला रत्न सम्मान

दलसिंहसराय (एनएसबी)। दलसिंहसराय प्रखंड के मथुरापुर गांव निवासी प्रख्यात संगीतज्ञ एवं पंडित डॉ. विजय कपूर को संगीत के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए ह्यकाशी कला रत्न सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें प्रख्यात संगीतज्ञ पंडित रित्विक सान्याल के हाथों प्रदान किया गया। ग्लोबल म्यूजिक एंड आर्ट फाउंडेशन, काशी की ओर से काशी कला महोत्सव के तहत काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एक सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देशभर से पहुंचे युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी अवसर पर संस्था की ओर से डॉ. विजय कपूर को संगीत के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. विजय कपूर के गांव एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों और उनके शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव की उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि डॉ. कपूर ने संगीत के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और साधना के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. विजय कपूर को सम्मान मिलने पर राजीव चौधरी, युवा कवि मिंटू कुमार झा, ललन कुमार, कृष्ण कुमार चौधरी, दिलीप कुमार, चुनचुन बाबू, गोपाल कुमार, विनय झा, मनोज शर्मा, डॉ. रामकुमार चौधरी, धनंजय कुशवाहा, काजल तिवारी, सुहानी शुक्ला, संजय श्रीवास्तव सहित कई लोगों ने बधाई दी।

नए प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक भारद्वाज का अभिनंदन

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर राजकीय डिग्री महाविद्यालय में नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ. दीपक भारद्वाज के पदभार ग्रहण करने पर एनएसयूआई एवं कांग्रेस के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने फूल-माला पहनाकर प्रभारी प्राचार्य का अभिनंदन किया। इस दौरान महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने कॉलेज में कम नामांकन को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में महज 24 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है। उन्होंने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय परिसर में रात के समय लाइट बंद रहने तथा रात्रि गार्ड के देर से पहुंचने की समस्या को भी प्रभारी प्राचार्य के समक्ष रखा और इसके समाधान की मांग की। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं से राजकीय डिग्री महाविद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन कराने की अपील की। मौके पर सनातनी कुमार बालाजी, जय नारायण सिंह, भारत कुमार, मनीष कुमार, पियूष कुमार, आशीष कुमार, आदित्य कुमार, विक्रम कुमार, राकेश कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

समस्तीपुर में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में, 71 गांव प्रभावित

2.33 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित, 155 निजी नावों से आवागमन

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण जिले के मोहनपुर, मोहिउद्दीननगर और विद्यापतिनगर प्रखंडों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। हालांकि जिला प्रशासन के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

प्रशासन के अनुसार जिले के तीनों प्रखंडों की 26 ग्राम पंचायतों के 71 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण 51,910 परिवारों के 2,33,212 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 7,811 पशु भी बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 10,709.78 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में फसल प्रभावित होने की सूचना है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए 155 निजी नावों का परिचालन कराया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए अब तक 131 सामुदायिक रसोई खोली जा चुकी हैं। सोमवार को इनमें से 25 सामुदायिक रसोई संचालित रहीं, जहां 44,350 लोगों ने भोजन किया। प्रशासन के अनुसार अब तक सामुदायिक रसोई के माध्यम से कुल 7,24,463 भोजन वितरित किए जा चुके हैं। प्रभावित परिवारों के बीच अब तक 46,490 पॉलीथीन शीट का भी वितरण किया गया है।

44,350 लोगों ने सामुदायिक रसोई में किया भोजन

स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 22 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। सोमवार को इन शिविरों में 3,858 लोगों का उपचार किया गया, जबकि अब तक कुल 15,086 लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। बाढ़ के बाद जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्रों में 130 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया गया है। पशु चिकित्सा विभाग की टीमें भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय हैं। सोमवार को 66 पशुओं का उपचार किया गया। अब तक कुल 3,547 पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। प्रशासन की ओर से पशुओं के स्वास्थ्य एवं आवश्यक सुविधाओं पर भी निगरानी रखी जा रही है।

जिला प्रशासन के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। प्रशासन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार स्थिति का जायजा ले रही हैं। सभी संबंधित विभागों को राहत एवं बचाव कार्यों में तत्पर रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से सावधानी बरतने तथा बुखार, दस्त या अन्य बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है।

भाजपा जिला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप, दो मंडल अध्यक्षों समेत 11 पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

कल्याणपुर (एनएसबी)। भाजपा के कल्याणपुर संगठन में अंदरूनी असंतोष सामने आया है। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विजय शंकर ठाकुर और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश कुशवाहा समेत कुल 11 पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। संयुक्त प्रेस वार्ता में दोनों मंडल अध्यक्षों ने भाजपा जिला अध्यक्ष नीलम सहनी की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर आरोप लगाए।

विजय शंकर ठाकुर और ओम प्रकाश कुशवाहा ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान निर्धारित छह माह की राशि में से केवल दो माह की राशि का भुगतान किया गया, जबकि चार माह की राशि अब तक नहीं मिली है। उन्होंने संगठन में आर्थिक मामलों को लेकर भी सवाल उठाए।

प्रेस वार्ता में एनवाईके में वॉलेंटियर बहाली में पद के कथित दुरुपयोग का आरोप भी लगाया गया। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विजय शंकर ठाकुर ने मंडल परिसीमन में कथित तौर पर बदलाव किए जाने का आरोप लगाते हुए संगठनात्मक प्रक्रिया पर सवाल उठाया। भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका आरोप है कि जिला अध्यक्ष के बेटे, उसके दोस्त और चालक को कथित रूप से पदाधिकारी बताकर प्रधानमंत्री से मुलाकात की सूची में शामिल कराया गया। नेताओं ने इस मामले में संगठन के स्तर पर पारदर्शिता पर सवाल उठाया। इस्तीफा देने वाले नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध भाजपा की विचारधारा या पार्टी से नहीं है, बल्कि जिला संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर है। उन्होंने संगठन में कार्यकताओं की उपेक्षा और कथित अनियमितताओं के संबंध में अपनी नाराजगी जाहिर की। मामले को लेकर स्थानीय भाजपा संगठन में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कौशल विकास पर प्रशिक्षण में शामिल होने नोएडा पहुंचे समस्तीपुर के सामाजिक संगठन के पदाधिकारी

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के आमंत्रण पर असंगठित अर्थव्यवस्था से जुड़े श्रमिकों के लिए कौशल विकास रणनीतियों के विकास विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समस्तीपुर, बिहार से 11 सदस्यीय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का दल उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान पहुंच गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक संगठनों एवं श्रमिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा श्रमिकों को बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप दक्ष बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को असंगठित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, श्रमिकों की जरूरतों, कौशल प्रशिक्षण की विभिन्न पद्धतियों तथा सरकार की श्रमिक कल्याण एवं कौशल विकास योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। समस्तीपुर से प्रशिक्षण में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों में एनजीओ संघ बिहार के सचिव एवं अधिवक्ता डॉ. संजय कुमार बबलू, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता संतोष कुमार निराला, स्वदेश संगठन की निर्मला पाठक, एकता युवा मंडल के मोहम्मद एजाज, प्रगति आदर्श सेवा केंद्र की कविता मुखरिया, गुलशन कुमार, प्रियेश कुमार, स्पोर्ट्स क्लब मालदह के रुपेश कुमार, हीरा कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की बड़ी संख्या आज भी विभिन्न प्रकार के रोजगार में लगी हुई है, लेकिन उन्हें आधुनिक कौशल, प्रशिक्षण, रोजगारपरक जानकारी एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को श्रमिकों के बीच प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा कौशल विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 सितंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा असंगठित अर्थव्यवस्था और श्रमिकों से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी प्रतिभागियों को भारत सरकार की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल के नोएडा पहुंचने पर सामाजिक एवं श्रमिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इसे समस्तीपुर के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया है।

जिला विकास एवं समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बाल विकास परियोजना, लघु सिंचाई, मत्स्य, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक करते डीएम।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन करते हुए योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में सहयोग शिविर के पोर्टल पर लंबित आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों के निराकरण हेतु राज्य स्तरीय सहयोग टीम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने को कहा गया। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न पहुंच पथों एवं पुल से संबंधित कार्यों की जानकारी ली गई तथा निर्मित सड़कों का मानचित्र उपलब्ध कराने एवं संबंधित निर्माण कार्यों को नियमानुसार पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। भू-अर्जन विभाग की समीक्षा में पुनपुन नदी पर उच्चस्तरीय मेजर पुल एवं राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 से संबंधित भू-अर्जन तथा पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्रवाई की जानकारी ली गई। मंगराहाट से इब्राहिमपुर के बीच निर्मित आरसीसी पुल के पहुंच पथ तथा अन्य संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की समीक्षा में जिले में कुल 92.542 पेंशनधारियों में से 12,113 पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण लंबित होने की जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने लंबित जीवन प्रमाणीकरण का शीघ्र निष्पादन कराने तथा दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों का शिविर के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एनीमिया की दवा वितरण, विद्यालयों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्थानांतरण, पोषण वाटिका निर्माण तथा दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि पोर्टल पर 1664 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड स्तर पर आयोजित शिविरों में चिकित्सकों की टीम के माध्यम से इनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत किराये के भवन में संचालित 607 आंगनबाड़ी केन्द्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट करने की कार्रवाई तेज करने तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लघु सिंचाई प्रमंडल की समीक्षा में विभिन्न भू-खण्डों की मापी एवं मापी प्रतिवेदन की स्थिति की समीक्षा की गई। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवनों के पहुंच पथ एवं हस्तांतरण की स्थिति की जानकारी ली गई। जिले में निमार्णाधीन 30 पंचायत सरकार भवनों में से 12 का निर्माण पूर्ण कर 08 ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। शेष भवनों से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल की समीक्षा के दौरान पुरानी पेयजल योजनाओं में स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मत्स्य विभाग तथा विकसित भारत जी राम जी से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें तथा विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने किया मामलों का त्वरित निष्पादन

लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 12 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, अंचल कार्यालय, आपदा विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, मद्य निषेध विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याए रखी, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल प्रखण्ड स्थित सैदपुर धावा निवासी जवाहरलाल सिंह द्वारा बताया गया कि एनएच. 139 पर सड़क निर्माण हेत ग्राम सैदपुर की अधिग्रहित की जा रही भूमि को आवासीय श्रेणी से व्यवसायिक श्रेणी में घोषित करने तथा उचित मुआवजा भुगतान करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन अरवल एवं भू अर्जन पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कुतुबपुर तेर्रा निवासी बिरेन्द्र दास द्वारा बताया गया कि तेर्रा पईन का डाक कम रकम पर की जा रही है, जिसे सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। उक्त पईन का डाक विज्ञापन के माध्यम से करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित शहर तेलपा निवासी मनोरंजन कुमार द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी करपी द्वारा बिना नोटीस के जबरदस्ती अवैध ढंग से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि यह मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। इसे तत्काल रोकवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

सदर अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक सुधार के संबंध में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार, स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के आलोक में सदर अस्पताल के रंग-रोगन, साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा तथा अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं मरीज अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त एवं

स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, विभिन्न प्रकार की शल्य चिकित्सा सुविधाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक रंग-रोगन एवं अन्य चिन्हित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी निर्देशित कार्यों को आगामी 30 अक्टूबर तक पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को दिया गया। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों के बेहतर उपयोग, मरीजों को समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा अस्पताल की समग्र कार्यप्रणाली में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उद्देश्य अस्पताल में मरीजों के हित से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है।

बैठक के दौरान सदर अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं एवं मरीजों की आवश्यकताओं से संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों से प्राप्त फीडबैक एवं उनकी आवश्यकत्ताओं को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार किया जाए। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण कराया जाए, ताकि सदर अस्पताल अरवल में आने वाले मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त,, सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अरवल सहित रोगी कल्याण समिति के सदस्यगण संजीव कुमार, पार्षद दीपू कुमार, पुष्पा कुमारी, डॉ. विद्यानंद सिंह, संस्थान के स्वास्थ्य प्रबंधक शशांक शेखर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

पुनपुन नदी के तेज बहाव के कारण किशोरी के डूबने से गांव में मचा हड़कंप

शव को खोजता एसडीआरएफ की टीम।

कुर्था(एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गोहरा गांव में सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पुनपुन नदी में पैर फिसलने से 14 वर्षीय किशोरी तेज धार में बह गई। लापता किशोरी की पहचान गोहरा गांव निवासी यूनुस अंसारी की पुत्री रुखसारा खातून के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रुखसारा खातून पुनपुन नदी के किनारे अचानक पैर फिसलने के कारण वह नदी में जा गिर गई। नदी में तेज बहाव होने के कारण किशोरी पानी की धार के साथ बह गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने

एसडीआरएफ ने देर शाम तक चलाया रेस्क्यू

इसकी सूचना परिजनों एवं प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम नदी के विभिन्न हिस्सों में काफी देर तक सर्च ऑपरेशन चलाया। देर शाम तक खोजबीन जारी रही लेकिन लापता किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। किशोरी के नदी में बह जाने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक रुखसारा खातून का पता नहीं चल सका था।

पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर महिलाओं ने किया तीज का व्रत

सुहागिनों ने की शिव-पार्वती की पूजा

कुर्था (एनएसबी) हरितालिका तीज व्रत को लेकर पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा- अर्चना की। कई महिलाओं ने दिन भर बिना अन्न-जल ग्रहण किए व्रत रखा और शाम को पूजा के बाद तीज की कथा सुनी। तीज को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही महिलाएं नए परिधान और पारंपरिक श्रृंगार में नजर आईं। हाथों में मेहंदी, माथे पर सिंदूर और चूड़ियों से सजी महिलाओं ने तीज की तैयारियां पूरी कीं। घरों में भी पूजा को लेकर विशेष सजावट की गई तथा शिव-पार्वती की प्रतिमा अथवा तस्वीर स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। मान्यता है कि हरितालिका तीज का व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए किया था। इसी धार्मिक मान्यता के

चलते सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और दांपत्य जीवन में सुख-शांति की कामना से यह कठिन व्रत रखती हैं। वहीं कुंवारी युवतियां भी मनचाहा वर प्राप्त करने की कामना से तीज व्रत करती हैं। तीज पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल रही। महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल, मिठाई, साड़ी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री की जमकर खरीदारी की। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ से बाजार गुलजार रहा। शाम होते ही विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

संक्षिप्त खबरें

सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए रखा हरतालिका तीज व्रत

शहरतेलपा (एनएसबी)। बीते दिन क्षेत्र के सभी गांवों में महिलाओं के द्वारा हरतालिका तीज व्रत बड़े धूमधाम से पारम्परिक तौरवर मनाया गया शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को प्रत्येक वर्ष महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है एवं इस व्रत को निर्जला रखती है एक दिन पहले से ही महिलाएं शुद्ध रूप से नहाय खाय के बाद दूसरे दिन भगवान शंकर सहित सभी देवताओं की पूजा पूरे दिन उपवास के उपरांत करती है। यह पूजा महिलाएं अपने पति के दीघार्यु एवं मंगलमय जीवन की कामना के लिए करती है। साथ ही धन-धान्य एवं सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए भी भगवान से प्रार्थना करती है। क्षेत्र के तमाम गांव में महिलाएं सुबह से निकटवर्ती तालाब में स्नान करने के उपरांत पूजा पाठ में तल्लीन दिखाई दी।पूरा क्षेत्र महिलाओं के द्वारा पूजा पाठ करने से भक्तिमय बना हुआ था 24 घंटे उपवास के उपरांत महिलाएं आज व्रत के दूसरे दिन पारन करेंगी और उसी दिन उसका उपवास समाप्त हो जाएगा अध्यात्म में पारिवारिक सभी संबंधों के लिए अलग-अलग तिथि को पूजा पाठ के रूप में महिलाएं मनाती हैं ।कभी श्रावणी पूर्णिमा को रक्षाबंधन के रूप में जितिया व्रत में अपने पुत्र की कामना करती हैं तो वहीं दूसरी ओर तीज व्रत के माध्यम से महिलाएं अपने सदा सुहागन बनने की आराधना प्रभु से करती है।

यूथ बोले तो कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : सत्येन्द्र

अरवल (एनएसबी)। आगामी 24 सितम्बर को पटना के वेटनरी कॉलेज खेल मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित " यूथ बोले तो " कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने वलीदाद में स्थित अपेक्स क्लासेज के युवा छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया , साथ ही कलेर प्रखंड के ग्राम - हरदियाँ में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के युवा कार्यकताओं के साथ बैठक किया । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि " यूथ बोले तो " कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी । उन्होंने कहा कि "यूथ बोले तो " कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि रूप में शामिल होकर युवा संवाद के माध्यम से देश , समाज , शिक्षा, रोजगार और ज्वलंत मुद्दों पर सीधे युवाओं से वन टू वन संवाद स्थापित करेंगे । युवा संवाद का मुख्य उद्देश्य युवाओं के आकांक्षाओं , सपनो और समस्याओं को सुनकर सही मंच प्रदान करने का सुझाव दिया जायेगा । जिला प्रचार - प्रसार प्रमुख रमेश कुमार , जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला सचिव भोला पासवान , जिला सचिव सर्वजीत कुमार , अजय पासवान , अविनाश कुमार , रामपुकार पासवान संजय कुमार ,विनोद कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ।

गोलीकांड मामले में भोजपुर एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़हनी स्थित इस्लामगंज मोहल्ले में हुई गोलीबारी की घटना में मो.जफी की मौत हो गई थी।जिसको लेकर भोजपुर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित रविवार की देर रात घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए कांड के सफल उद्भेदन एवं अब तक की गई पुलिस कार्रवाई की जानकारी ली।एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को मामले में आरोपियों के विरुद्ध विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई एवं अनुसंधान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर चरपोखरी थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार भी मौजूद थे।

जिला जनता दरबार में 36 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए 36 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से राजस्व, आपदा प्रबंधन, मुख्यमंत्री आवास योजना, दाखिल-खारिज, जमाबंदी, भूमि विवाद, अतिक्रमण, भूमि मापी, परिमार्जन, राशन कार्ड, सड़क एवं नली-गली निर्माण, सहित अन्य जनहित से जुड़े मामले शामिल रहे। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण की कार्रवाई की जाए।

शाहपुर महाविद्यालय में 15 सितंबर से आफ लाइन कक्षाएं

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। श्रीत्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय, शाहपुर में 15 सितंबर 2026 से पठन-पाठन का कार्य पुनः आफलाइन माध्यम से संचालित होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डा. गुलाब फलाहारी ने बताया कि विगत दिनों अचानक बाढ़ का पानी महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में आ जाने के कारण कक्षाएं आनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही थीं। वर्तमान में बाढ़ का पानी काफी कम हो गया है और महाविद्यालय में आवागमन की स्थिति लगभग सामान्य हो गई है। इसे देखते हुए 15 सितंबर से सभी कक्षाएं आफलाइन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि 15 सितंबर से आनलाइन माध्यम से संचालित कक्षाएं मान्य नहीं होंगी। सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय के अनुसार महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने शैक्षणिक एवं कार्यालयीय कार्यों का सुचारु रूप से संपादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

ढोल-नगाड़ों के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर नगर पंचायत में पीएनबी बैंक के समीप सोमवार को धूमधाम के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना पूर्ण की गई। पूजा को लेकर आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि गणेशोत्सव के तहत पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन होगा। इसके बाद 18 सितंबर को गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

देश की सांस्कृतिक शक्ति का प्रभावी माध्यम है हिन्दी

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। हिन्दी महज एक भाषा नहीं बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रभावी माध्यम है। एक समय हिन्दी को केवल भारत के उतरी हिस्से की भाषा जाता था लेकिन अब यह देश-विदेश में संवाद,संस्कृति, शिक्षा व डिजिटल माध्यम की प्रमुख भाषाओं में शामिल हो गई है। ये बातें हिन्दी दिवस पर प्रखंड संसाधन केंद्र पीरो में आयोजित संगोष्ठी में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी के प्रयोग, विदेशी विश्वविद्यालयों में हिन्दी अध्ययन व इंटरनेट पर हिन्दी की सामग्रियों में तेजी से वृद्धि इस बात की पुष्टि करती है कि हिन्दी का महत्व लगातार बढ रहा है। संगोष्ठी में मौजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि भारत में हिन्दी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। 2011 की जनगणना के अनुसार 44 प्रतिशत भारतीयों की मातृभाषा हिन्दी है।

विकास योजनाओं एवं विभिन्न प्रस्तावों की हुई समीक्षा

जिला प्रभारी मंत्री-सह-मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, निशांत की अध्यक्षता में बीस सूत्री की बैठक आयोजित

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। समाहरणालय परिसर स्थित पुष्करणी सभागार, हाजीपुर में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक जिला प्रभारी मंत्री-सह-मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार निशांत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के प्रारंभ में जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह (भा्प्र्से) द्वारा प्रभारी मंत्री को नव पौध भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार लखेंद्र कुमार रौशन, मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार संजय कुमार सिंह, राज्य कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष-सह- विधायक, महनार उमेश सिंह कुशवाहा, विधायक, हाजीपुर अवधेश सिंह, विधायक, वैशाली सिद्धार्थ पटेल, विधायक, लालगंज संजय सिंह, विधायक, राजापाकर महेंद्र राम, अध्यक्ष, जिला परिषद, वैशाली, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के उपाध्यक्ष-सह- डा. सुभाष चंद्र सिंह एवं डा. प्रेम सिंह कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों का नव पौध भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया।

बैठक में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री निशांत कुमार।

बैठक में नगर निकायों के गठन, क्षेत्र विस्तार तथा उत्क्रमण से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा की गई। प्रस्तावों के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की गई तथा विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी की गई।

इसके पश्चात वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के प्रगति प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई। विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रभारी मंत्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित जनहित एवं विकास से जुड़े विषयों को रखा गया। प्रभारी मंत्री द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्राप्त सुझावों एवं उठाए गए विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के समापन अवसर पर जिला पदाधिकारी, वैशाली द्वारा जिला प्रभारी मंत्री-सह-मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार निशांत को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

274 ग्राम हेरोइन और लग्जरी कार समेत चार गिरफ्तार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अनुमण्डल पुलिस, विधि-व्यवस्था 2 सुषमा सागर के दिशा-निर्देश में दिनांक-13-09- 2026 की रात्री करीब 23रू00 बजे जेपी सेतू टीओपी पर सघन वाहन चेकिंग के कम में एक चार पहिया वाहन कार अर्टिगा रजि0-57-5425 को रोका गया, रोकने के कम में उक्त वाहन चालक द्वारा वाहन को लेकर भागने का प्रयास किया जिसे वाहन जांच दल द्वारा घेर कर पकड़ा गया। तत्पश्चात पकड़ाये वाहन का तलाशी लिया गया तो उक्त वाहन में वाहन में रखा हुआ करीब 274 ग्राम हेरोईन जैसा मादक पदार्थ को विधिवत बरामद कर, कार अर्टिगा पर सवार चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से 274 ग्राम हिरोईन जैसा मादक पदार्थ,4 स्मार्टफोन मोबाईल,. एक चार पहिया वाहन अर्टिगा बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में संजय निशाद, -कोटवा, थाना-सेवरही, जिला-कुशीनगर, उप्र,बंटी पाण्डेय, सा-बेलमावृत, थाना-कुचायेकोटा, जिला-गोपालगंज,मुन्ना साह, -जमुनाहा बाजार, थाना करेया, जिला-गोपालगंज,रवि तिवारी, रकवा गुलमा पट्टी,धाना-शेवरही, जिला-कुशी नगर, उप्र है। इन लोगों के आपराधिक इतिहास भी मिला है।

खबरें : एक नजर में

हरितालिका तीज व्रत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हरितालिका तीज वत एवं गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धाभाव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने अहले सुबह से ही तैयार हो कर पूजा पाठ में तल्लीन हो गए। अखंड सौभाग्य की निशानी माने जाने वाले हरतालिका तीज वत को लेकर वत रखनें बाली महिलाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया खास कर नवविवाहिता की उत्साह भी देखने

महिलाओं ने तीज व्रत की कथाएं सुनी ।

लायक बनती थी। इस दौरान वत रखनें बाली महिलाओं के घरों के साथ साथ आसपास के शिवालयों में भी तीज वत को लेकर दिन भर चहल पहल बनी रही। महिलाओं ने अपने अपने अखंड सौभाग्य को लेकर बड़े ही भक्ति भाव से पूजा में लीन थी।।इस मौके पर महिलाओं ने तीज वत की कथाएं भी सुनी और पंडित जी को अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य भी किए। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर गणेश चतुर्थी का त्यौहार भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित करते हुए उनकी पूजा भी बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ की गई। इस मौके पर कई जगहों पर मेला का भी आयोजन किया गया है।

हिंदी दिवस के अवसर पर वकालत खाना में गोष्ठी का आयोजन

विचार रखते अधिवक्ता ।

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। हिंदी दिवस के अवसर पर वकालत खाना में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अधिवक्ता बद्रीनाथ एवं संचालन अधिवक्ता राजकुमार दिवाकर ने किया । वक्ताओं ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि राजभाषा स्वीकार किया गया । हिंदी दिवस का उद्देश्य आम जनमानस में हिंदी के प्रति सम्मान और जागरूकता करना है। इस अवसर पर अधिवक्ता शंभू नाथ सिंह ने कहा कि हिंदी भारत की संस्कृति विविधता में जोड़ने का कार्य करती है । अधिवक्ता प्रहलाद प्रसाद चौरसिया ने हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने का संकल्प लिया एवं उन्होंने हिंदी को राष्ट्र का गौरव बताया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजन श्रीवास्तव ने कहा की हिंदी भारत की आत्मा में बसती है। अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी को पूरे शिक्षा संस्थान में अनिवार्य कर देनी चाहिए ।अंतिम में सदस्यों ने हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करते हुए एवं हस्ताक्षर करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनीश चंद्र गांधी ,कुमार गौतम, पंकज कुमार शाही, प्रेमचंद द्विवेदी ,भूपेश कुमार आशुतोष कुमार, शंभू शरण, कृष्ण कुमार, बसंत कुमार राय, सुमन सिंह ,संजीव कुमार ने हिंदी दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। अंत में प्रदीप कुमार दीपू ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं वंदे मातरम गायन किया गया।

श्री दादीजी सेवा समिति का स्थापना दिवस एवं गणेश पूजन धूम धाम से मना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में भादो सुदी चौथ के पावन अवसर पर श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के उपलक्ष्य एवं श्री दादी जी सेवा समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार दि-14-09-26 को प्रात 10 बजे से शक्तिधाम स्थित श्री गणेश मंदिर में भक्तों द्वारा पूजन ,अलौकिक श्रृंगार एवं सवा मन लड्डु का प्रसाद अर्पण हुआ । मौके पर दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर दादीजी मंदिर को खूब अच्छी तरह देशी विदेशी फूलों से सजाया गया । मौके पर गणेशजी की पूजन की गयी तथा सवा मन लड्डू का भोग चढ़ाया गया ।

बाढ़ प्रभावित बिदुपुर में सांसद पप्पू यादव ने मृतकों के परिजनों और पीड़ितों को दी सहायता राशि

बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के बिदुपुर प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ की भयावह स्थिति का जायजा लेने पहुंचे सांसद पप्पू यादव ने सरकार, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राहत व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए। उन्होंने नाव और ट्रैक्टर के माध्यम से विशनपुर सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया तथा पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सांसद पप्पू यादव ने आर्थिक सहायता दी।

पप्पू यादव ने कहा कि बिहार का यह उनका दोबारा दौरा है और राघोपुर में वे पांचवीं बार पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ की गंभीर स्थिति के बावजूद प्रभावित क्षेत्रों में कोई व्यवस्था नहीं है। न लोगों के रहने के लिए पलीथिन है, न जानवरों के लिए चारा और न ही पर्याप्त भोजन की व्यवस्था।मैं इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ा हूंठ सांसद ने कहा कि विपक्ष से पूछा जाता है कि उसका काम क्या है, लेकिन सवाल सत्ता में बैठे लोगों से भी होना चाहिए कि बाढ़ पीड़ितों को राहत कब और कितनी मिलेगी।पप्पू यादव ने दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर 10,000-10,000 की आर्थिक सहायता दी। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच 500 के नोट के रूप में आर्थिक सहायता वितरित की गई। उनके अनुसार करीब 4.50 लाख की कुल आर्थिक मदद की गई। कार्यक्रम में पिन्टू यादव, ज्ञान सौरभ ज्ञानु, रवि यादव, अमरेश कुमार, राहुल कुमार, दिलीप यादव, संजय राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

दशलक्षण पर्व 16 से

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय दशलक्षण पर्व बुधवार 16 सितम्बर से प्रारम्भ होगा। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इसके लिए पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में तैयारियाँ अंतिम चरण में है। पाटलिपुत्र दिम्बर जैन समिति के महामंत्री ज्ञान चंद पाटनी ने बताया कि पटना के कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा सम्पन्न कराने भोपाल से प्रतिष्ठाचार्य अनिल भैयाजी एवं सागर से संगीतकार रवि जैन पधार रहे हैं। यहां प्रातः सात बजे से पूजा प्रारम्भ होगा। मीठापुर म्बिर जैन मंदिर के अध्यक्ष बिनोद कासलीवाल जैन ने बताया कि यहाँ पर दसलक्षण पूजा के लिए सभी श्रद्धालुओं में काफी अधिक उत्साह है । मुरादपुर जैन चैत्यालय के सुबोध जैन फंटी ने बताया कि यहां पर दशलक्षण पूजा की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर के मैनेजर सोनु जैन ने बताया कि यहाँ प्रतिदिन 6 : 45 से अभिषेक शांतिधारा प्रारम्भ होगा। मुकेश जैन ने बताया कि काली बीबी के कटरा स्थित म्बिर जैन मंदिर में प्रातः आठ बजे से शांतिधारा प्रसरम्भ होगा। गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर के धीरज जैन ने बताया कि यहां के मंदिर में भी दशलक्षण पूजा होगी।

चिराग के भरोसा अभियान के तहत तेरसिया में राहत सामग्री वितरित

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के दिशा-निर्देश पर चलाए जा रहे चिराग के भरोसा अभियान के तहत राघोपुर प्रखंड के तेरसिया पंचायत (वार्ड संख्या 10) में जरूरतमंद और प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। अभियान के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर प्रभावित लोगों का हाल-चाल जाना और उन्हें खाद्य सामग्री तथा अन्य आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुओं वाली राहत किट सौंपी। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता अबधेश कुमार सिंह ने कहा कि लोजपा (रामविलास) और हमारे नेता चिराग पासवान जी हर सुख-दुख में जनता के साथ मजबूती से खड़े हैं। राघोपुर का तेरसिया क्षेत्र हर वर्ष विभिन्न आपदाओं और कठिनाइयों का सामना करता है, ऐसे में प्रभावित परिवारों की मदद करना पार्टी की पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा, शंकर पासवान, छोटन पासवान, गजेंद्र भगत, वीरेंदर भगत, प्रमिला देवी सहित स्थानीय पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

राहत सामग्री बांटते पार्टी के लोग।

चौमुखी महादेव मंदिर में सामूहिक तीज पूजा

वैशाली (दैनिक नवसंदेश)। ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को हरतालिका तीज पर्व के अवसर पर सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य अमीरनाथ मिश्रा एवं आचार्य सतीश मिश्रा के नेतृत्व में कुल 11 आचार्यो ने सैकड़ों व्रतियों को विधि-विधान के साथ सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कराई

इस दौरान बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा की। मंदिर परिसर में सुबह से ही व्रतियों की भीड़ जुटने लगी थी। आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा की सभी विधियां संपन्न कराई गईं।

सैकड़ों व्रतियों ने की आराधना।

वतियों ने भगवान शिव और माता पार्वती से अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि एवं दांपत्य जीवन में सुख-शांति की कामना की।

प्रधान पुजारी आचार्य अमीरनाथ मिश्रा एवं आचार्य सतीश मिश्रा ने बताया कि हरतालिका तीज का पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। इसी परंपरा के तहत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर यह वत करती हैं।

गणपति के दरबार में पहुंचे नगर आयुक्त, की पूजा-अर्चना

श्री राम चरित मानस नवारन प्रयाण यज्ञ समिति द्वारा दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन

गया (दैनिक नवसंदेश)। शहर के आजाद पार्क में सोमवार को 10 दिवसीय श्री राम चरित मानस नवारन प्रयाण यज्ञ समिति द्वारा गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। है।इस गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि-विधान से भगवान गणेश की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इसके बाद पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हुआ है। उत्सव को लेकर आजाद पार्क परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

गणेश उत्सव के शुभारंभ के मौके पर गया नगर निगम के नगर आयुक्त डा. गगन कुमार भी गणपति के दरबार में पहुंचे।

गणेश उत्सव के शुभारंभ के मौके पर गया नगर निगम के नगर आयुक्त डा. गगन कुमार भी गणपति के दरबार में पहुंचे। उन्होंने भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की है। इस दौरान श्री राम चरित मानस नवारन प्रयाण यज्ञ समिति के सदस्यों ने नगर आयुक्त का स्वागत किया है।

श्री राम चरित मानस नवारन प्रयाण यज्ञ समिति के आयोजकों ने बताया कि अगले 10 दिनों तक आजाद पार्क में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गणपति पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। शाम होते ही पार्क परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव कैलाश डालमिया, विनोद जयपुरिया, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन और बाला जी मंदिर के पंडित द्वारा पुजा अर्चना कराई गई है।

नालंदा में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

चंडी (दैनिक नवसंदेश)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नालंदा जिले की चंडी स्थित ज्ञानदीप विद्यालय में विद्यालय परिवार द्वारा हिंदी दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर राजभाषा

चंडी स्थित ज्ञानदीप विद्यालय में विद्यालय परिवार द्वारा हिंदी दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया।

हिंदी के प्रचार प्रसार और उसके महत्व पर प्रोजेक्ट के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अलग-अलग थीम प्रस्तुत कर हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ बच्चों को शपथ भी दिलाई गई और निदेशक महोदय के द्वारा हास्य कविता भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अजय कुमार ने विस्तारपूर्वक राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों को यह संकल्प दिलाया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। जिन्होंने बच्चों के हिंदी के महत्व पर बनाए गए अलग-अलग थीम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

खबरें खास-खास

नवोत्साह साहित्य संगम वैशाली कवि सम्मेलन संपन्न

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। नवोत्साह साहित्य संगम बिहार के वैशाली जिला इकाई का गठन सह कवि सम्मेलन माँ भारती पब्लिक स्कूल छतवारा के प्रांगण में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश पाण्डेय, प्रांतीय अध्यक्ष उत्पल भारद्वाज, प्रांतीय मीडिया प्रभारी नीतीश कपूर और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। डा प्रीतम कुमार झा के आयोजन और गौरव कुमार झा के संचालन में देर शाम तक श्रोतागण काव्य रस से सराबोर होते रहे। इसमें मुस्कान केशरी, सदैव सौरभ, करणजीत साँवरिया, डा नंदेश्वर सिंह, कृष्णा नंद कनक, उत्पल भारद्वाज, अविनाश कुमार पाण्डेय, नरेंद्र कुमार झा, अनिल मीतभाषी, अभय आर्य, अरविन्द कुमार साह, मनमोहन कुमार और दुर्गेश पाण्डेय द्वारा एक से बढ़कर एक हर काव्य विधा किया प्रस्तुति दी गई । डा अजय कुमार, रंधीर कुमार और ध्रुव कुमार, दुर्गेश पाण्डेय, अवधेश कुमार चौरसिया, सतीश चंद्र झा, शंकर कुमार, राजीव कुमार,राहुल कुमार, हरिश्चन्द्र राय, पिंटू चौरसिया, अंकित आनंद, अंजली मैम, मंटू मौर्य, जे पी शर्मा रवीना सिंह साहित सैंकड़ो लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। आने वाले समय में स्कूली बच्चों के साथ अन्य साहित्य सेवियों को बड़ा मंच देकर उन्हें आगे बढ़ाने किया कार्ययोजना भी बनाई गई। सभी ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम को सराहा और महुआ और वैशाली की धरती पर इस तरह के और कार्यक्रम होते रहने की बात कही. कुल मिलाकर यह कार्यक्रम एक नया सवेरा बनकर आया खासकर वैसे लोगों के लिए जो साहित्य में आगे बढ़ना चाहते हैं वैशाली में एक अन्तर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन को लेकर घोषणा भी की गई।

कवि महोत्सव।

अभियंत्रण महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर सजी काव्य की महफिल, वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने रखे तर्क, 'अभियांत्रिकी काव्य संगम' में दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

महनार (दैनिक नवसंदेश)। अभियंत्रण महाविद्यालय में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता सह 'अभियांत्रिकी काव्य संगम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि एवं सम्मान के साथ उनकी तर्कशक्ति और रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो़ राणा प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हिंदी अभिव्यक्ति के साथ संस्ति, संवेदना और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। आयोजक डा़ विनोद कुमार ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ प्रभावी अभिव्यक्ति भी जरूरी है। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। वहीं अभियांत्रिकी काव्य संगम में कविता एवं स्वरचित रचनाओं के माध्यम से प्रतिभा दिखाई। मौके पर प्रो़ राहुल कुमार, प्रो़ नवाशीन, डा़ अंकुर प्रियदर्शी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हिंदी दिवस समारोह का शुभारंभ करते प्राचार्य प्रो. राणा प्रताप सिंह व अन्य।

सरमेरा में बहुजन, भीम सम्मेलन का आयोजन

सरमेरा (दैनिक नवसंदेश)। सरमेरा प्रखंड के प्रणावॉ गांव में डा भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के तत्वधान में बहुजन,भीम सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बहुजन भीम सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कृषि पदाधिकारी विनोद रविदास ,मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान ,वरिष्ठ अम्बेडकरवादी बलराम दास सहित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि के हाथों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर तथा अपने तरफ से नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया । प्रमोद कुमार शिक्षक के द्वारा उपस्थित सभी अतिथि को माल्यार्पण के साथ कलम, फोटो देकर सम्मानित किया गया । डा भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान, फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी एवं महंत बलराम दास ने बाबा साहब आंबेडकर के जीवन संघर्ष पर विस्तृत चर्चा की ।वक्ताओं ने कहा कि 200 देशों में हर वर्ष अंबेडकर जी की जयंती मनाई जाती है । भीम संवाद सम्मेलन में डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाले एवं उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिए। मंच की अध्यक्षता अनिल पासवान ने की। गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से डाक्टर अंबेडकर साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का एक अच्छा प्रयास किया गया। मंच संचालन प्रेम पासवान एवं वाल्मीकि पासवान ने की। इस मौके पर अधिवक्ता आशुतोष कुमार मौर्य विनोद रजक एससी एस टी कर्मचारी संघ के मंटू पासवान रंजीत पासवान मीडिया प्रभारी निराला जी,रौशन पासवान स्व मीरा पासवान ,मीरा कुमारी, छात्र नेता पवन कुमार ,ईन्दर पासवान, स्व श्रवण बौद्ध, राजबल्लभ पासवान, अभिषेक पासवान ,अजीत पासवान आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

सरमेरा प्रखंड के प्रणावॉ गांव में डा भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के तत्वावधान में बहुजन,भीम सम्मेलन का आयोजन किया गया।